www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:21

आज का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| शिमला | 4.00 | 13.05 |
| धर्मशाला | 5.02 | 20.00 |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 1315.09 |
| निफ्टी | 1418.70 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | मंगलवार, 19 दिसंबर 2023 | 4 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 1 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए



रिंकू सिंह को दूसरे वनडे में मिल सकता है पदार्पण का मौका...पेज 16

## कांगड़ा का सियासी कद मापने 29 साल से सरकार डाल रही डेरा

### 1994 में पहली बार शुरू हुई शीतकालीन प्रवास की परंपरा, कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने पर खर्च होंगे 390 करोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**सियासी** उफान के बड़े केंद्र कांगड़ा में सरकार आ गई है। प्रदेश की सत्ता तक पहुंचने का रास्ता कांगड़ा से होकर ही गुजरता है। दोनों सियासी दल अच्छे से इसकी समझ रखते हैं। यही वजह है कांगड़ा के कद का आकलन पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने 1994 में ही कर लिया था। उस दौर में पहली बार सरकार शिमला से बाहर जनसुनवाई को पहुंची थी। अब करीब 29 साल बाद मौजूदा सरकार ने भी कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने का ऐलान किया है। सरकार ने बजट में इसके लिए बकायदा 390 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। कांगड़ा के बनखंडी में 180 हेक्टेयर भूमि पर चिड़ियाघर का प्रस्ताव भी तैयार किया है। कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार पर भी राज्य सरकार काम कर रही है। कांगड़ा एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई को 1376 से बढ़ाकर 3010 करने की तैयारी की है। इसके अलावा रक्कड़ में हेलिपोर्ट को वन विभाग की एनओसी मिल चुकी है।

### कुछ यूं बना तपोवन का रास्ता

**निचले** हिमाचल को जोड़ने का ख्वाब पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने 1994 में देखा था। उस दौर में पहली बार कोई मुख्यमंत्री हिमाचल के इस भाग में शीतकालीन प्रवास पर आया था। वीरभद्र सिंह इस प्रवास से चंबा और कांगड़ा जिलों से शिमला की दूरी को पाटना चाहते थे और उनका यह प्रयास रंग लाया। लगातार शीतकालीन प्रवास के करीब 11 साल बाद दिसंबर 2005 में एक बार फिर मुख्यमंत्री रहते वीरभद्र सिंह कांगड़ा पहुंचे, लेकिन इस बार पूरी सरकार उनके साथ थी। यह हिमाचल के इतिहास में पहला शीतकालीन सत्र था और भवन न होने की वजह से इसका आयोजन धर्मशाला कॉलेज के प्रयास भवन में किया गया। कांग्रेस सरकार ने तत्कालीन स्पीकर गंगूराम मुसाफिर के रहते अस्थायी विधानसभा परिसर यानी प्रयास भवन धर्मशाला में पहला सत्र 26 से 29 दिसंबर 2005 तक बुलवाया। हालांकि, इसके अगले ही साल रिकॉर्ड समय में भवन को तैयार किया गया। धर्मशाला के तपोवन में विधानसभा का भवन 11.87 करोड़ रुपए से बना है और इस भवन के रखरखाव पर करीब चार करोड़ सालाना खर्च आता है।

### 171 साल पहले शुरू हुई थी राजधानी की चर्चा

धर्मशाला को हिमाचल की राजधानी बनाने की पहली बार चर्चा करीब 171 साल पहले शुरू हुई थी। अंग्रेजी हुकूमत के उस दौर में भारत के वायसराय और गवर्नर जनरल लॉर्ड एल्गिन साल 1852 में धर्मशाला आए थे। उन्होंने ब्रिटिश सरकार को यह प्रस्ताव भेजा कि धर्मशाला को ग्रीष्मकालीन राजधानी बना दिया जाए, लेकिन अंग्रेज अधिकारियों को शिमला पसंद आ गया और धर्मशाला के राजधानी बनने के प्रयासों को पहला झटका लगा।

### दूसरी राजधानी का ख्वाब अधूरा

**पूर्व** मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने 2012 में सरकार बनाने के बाद आखिरी दौर में हिमाचल को दूसरी राजधानी बनाने का फैसला किया था। इस फैसले को उस समय में राजनीतिक मजबूरियों का भी नाम दिया गया। दरअसल, कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस विरोधी लहर को काबू करने के मकसद से यह कदम उठाया गया था। इसके बाद 2019 हाईकोर्ट ने इस फैसले पर राज्य सरकार को पुनर्विचार के आदेश दिए थे और इसके बाद फैसले को लेकर तीन मार्च 2017 को जारी अधिसूचना को वापस ले लिया गया था।

## लोकतंत्र के 'तपोवन' से 'अनंत ज्ञान' की किरणें

**लोकतंत्र** के दो स्तंभों में विधायिका और पत्रकारिता की भूमिका से शायद ही कोई अंजान होगा और आज जब देवभूमि हिमाचल की शीतकालीन राजधानी धर्मशाला के तपोवन स्थित लोकतंत्र के मंदिर में जब हमारे नीति निर्धारक प्रदेश की नई नीतियां तय करने के लिए एकत्रित हो रहे हैं। ऐसे में ठीक उसी दिन कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां कस्बे से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ में समाचार पत्र के रूप में नवांकुर फूट रहे हैं। नाम है अनंत ज्ञान। समाचार पत्र का पहला अंक आपके हाथों में है और आप जैसे सुधि पाठकों की अपेक्षाओं की कसौटी पर खरा उतरने का हमारा अभियान आज से ही शुरू हो गया है।



किसी भी देश का साहित्य और उसकी समस्त विधाएं इतनी जागरूक और शक्तिवान होनी चाहिए कि वे गिरती राजनीति को भी संबल दे सकें। साहित्य की इन्हीं विधाओं में से एक है पत्रकारिता। जो समाज का चौथा स्तंभ कही जाती है। पत्रकारिता जैसा एक ऐसा हथियार जो समाज को हमेशा से ही दिशा देता आ रहा है। असंख्य छोटे-बड़े सितारे पत्रकारिता के आकाश में झिलमिला रहे हैं। इन्हीं सितारों के दम पर मानव समाज उदासीनता के अंधेरे को चीर अगले जागरूकता रूपी सूर्य के प्रकाश से जगमगाता है। ये वही तारे हैं जो उदासीनता के उस काले अंधियारे में समाज के लिए उम्मीद की एक किरण उपलब्ध कराते रहे हैं। आज से कुछ महीने पहले हमने हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्य में पत्रकारिता के लिए एक नया मंच तैयार करने का जो बीड़ा उठाया था, वह अब पूरा हो रहा है। हमारी टीम दैनिक 'अनंत ज्ञान' लेकर आपके बीच उपस्थित हो रही है। हमारी टीम के अनुभव से राज्य और यहां के रहने वाले देवतुल्य नागरिकों को लाभ मिले, हमारी बस यही कामना है। यूं तो आज के समय में पत्रकारिता दोधारी तलवार से कम नहीं है, लेकिन हमारा संकल्प समाज हित में कुछ ऐसे प्रयोग करने का है जो हिमाचली पत्रकारिता को कुछ अविस्मरणीय पल उपलब्ध करवा सके। खबरों और समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले विचारों से सबका सहमत होना आवश्यक नहीं, लेकिन यदि हमारी खबरों व विचारों से आपके मन में कुछ लिखने या समाज के लिए कुछ करने की चेतना विकसित होती है, तो हम इसे अपनी उपलब्धि मानेंगे। कई झंझावतों से गुजरते हुए हम आपके विश्वास के साथ इस पहले पड़ाव पर आ पहुंचे हैं। जहां से अगले पड़ाव बहुत और चुनौतीपूर्ण नजर आ रहे हैं, लेकिन हमें विश्वास है कि आपका प्रेम और स्नेह हमें उन चुनौतियों से भी निपटने की शक्ति प्रदान करता रहेगा। हमें विश्वास है कि हम शब्दों के इस जागरूकता अभियान में आपके दिल के नजदीक ही अपना बसेरा बना लेंगे। हिमाचल की देवतुल्य जनता को हम विश्वास दिलाते हैं कि उनके दिल की बात सरकार तक पहुंचाने के लिए हम एक सेतु की तरह कार्य करेंगे। जिम्मेदारों को उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराने में भी हमारी खबरें सार्थक होंगी।

धर्मशाला की शीतकालीन राजधानी कई मायनों में महत्वपूर्ण है। अलग-अलग संस्कृति और भौगोलिक परिस्थितियों वाले इस प्रदेश में दो विधानसभाओं का सपना तब ही सार्थक हो सकता है। जब हमारे नीति निर्धारक धौलाधार की बर्फीली पहाड़ियों से घिरे तपोवन में राज्य हित के कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सफल हो सकें। यूं भी दो राजधानियों की उपयोगिता पर तर्क वितर्क करने वाले समीक्षक इस बात पर तो एकमत ही हैं कि तपोवन को हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाकर न रख दें। करोड़ों रुपए खर्च करके बनाए गए इस भवन और इसकी सुरक्षा में खर्च होने वाले खर्च के साथ न्याय तब ही हो सकेगा जब हमारे प्रतिनिधि प्रदेश के लिए यहां कुछ नई नीतियां तय कर सकेंगे। तपोवन में होने वाले इस 18वें शीतकालीन विधानसभा सत्र की पल-पल की जानकारियों से हम आपको अपने डिजिटल माध्यमों से भी अवगत कराते रहेंगे। हम भीड़ में अपना अलग मुकाम तलाशने के लिए निकले हैं, क्योंकि हम 'अनंत ज्ञान' को एकमात्र समाचार पत्र नहीं, बल्कि एक अभियान के नजरिए से देख रहे हैं और इस अभियान की सफलता आपके सहयोग और सदकामनाओं के बिना यह असंभव है। अस्तु, आपकी राय और विचारों की हमें हर कदम पर अपेक्षा रहेगी। आपके गांव और कस्बे हमारी नजर से अछूते न रहें, इसके लिए हम संवाददाताओं का एक नेटवर्क तैयार कर रहे हैं। हमारा अखबार आप तक पहुंचे, इसके लिए भी हम अत्याधुनिक तकनीक के साथ काम कर रहे हैं, ताकि आपको हर खबर से अपडेट किया जा सके। हमारी खबरों की विश्वसनीयता ही हमारा सबसे बड़ा हथियार बनेगी, ऐसी हमें अपेक्षा है। हमें विश्वास है कि देवभूमि के सुधि पाठक हमारे प्रयास पर अपनी राय से हमें अवगत कराते हुए हमारा दिशा-निर्देशन करते रहेंगे।

**-डॉ. दिलीप धाकड़**

# विस शीत सत्र के लिए कांग्रेस और भाजपा ने बनाई रणनीति

### आज से 23 तक तपेगा तपोवन, गारंटियों पर हंगामे के हैं आसार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**धर्मशाला** के तपोवन में 19 से 23 दिसंबर तक चलने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर कांग्रेस और भाजपा विधायक दलों ने बैठकें कर रणनीति बनाई। कांग्रेस विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई, जबकि भाजपा विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में हुई।

मंगलवार को जब शीतकालीन सत्र शुरू होगा तो सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे को घेरने का प्रयास करेंगे। सत्ता पक्ष एक साल की उपलब्धियां गिनाएगा, तो वहीं विपक्ष सरकार की गारंटियों पर अपने मुद्दों को धार देगा। इन दिनों केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) धर्मशाला के निर्माण का मुद्दा भी काफी गरमाया है, ऐसे में विपक्ष इस मुद्दे को भुनाने की कोशिश भी कर सकता है।

इसके अलावा आपदा राहत का मुद्दा भी कांग्रेस उठा सकती है और भाजपा इसके बचाव में खड़ी दिख सकती है। भाजपा के तेवर देख शीतकालीन सत्र काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। (अनंत ज्ञान)



विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### सर्वदलीय बैठक : जनहित के मुद्दों पर हो सार्थक चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, तपोवन**

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र मंगलवार से शुरू होगा। सत्र शुरू होने से पहले सोमवार को प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने सर्वदलीय बैठक आयोजित की। बैठक में कुलदीप पठानिया ने सत्ता पक्ष, प्रतिपक्ष और निर्दलीय विधायकों से शीतकालीन सत्र के संचालन में रचनात्मक सहयोग देने की अपील की है। सभी सदस्यों से आग्रह किया कि प्रदेश विधानसभा की अपनी एक गरिमा है और इसका गौरवमयी इतिहास रहा है। अतः इसके अनुरूप सभी माननीय सदस्य नियमों की परिधि में अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं व सार्थक चर्चा करें और सरकार से उसका उत्तर पाएं। विधानसभा अध्यक्ष ने सता पक्ष से अनुरोध किया कि वे माननीय सदस्यों को उनकी सूचनाओं का तथ्यों सहित शीघ्र जवाब दें। पठानिया ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वे सभी को अपनी-अपनी बात रखने का मौका देंगे, ताकि सदन का समय सार्थक तथा व्यवहारिक चर्चा में व्यतीत हो। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान, मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा, माननीय सदस्य सुखराम चौधरी और निर्दलीय विधायक होशियार सिंह उपस्थित थे।

## लोकसभा से 33 और राज्यसभा के 45 सांसद पूरे सत्र के लिए सस्पेंड

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर विपक्षी दल अपनी मांग को लेकर अड़े रहे और लोकसभा में लगातार चौथे दिन हंगामा हुआ। खराब व्यवहार के चलते लोकसभा स्पीकर ने कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी समेत 30 सांसदों को लोकसभा के शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया। वहीं, तीन सांसदों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया। 13 विपक्षी सांसदों को पहले ही पूरे सत्र से निलंबित किया जा चुका है। इससे पहले 14 दिसंबर को लोकसभा से 13 सांसद निलंबित किए गए थे। अब तक कुल 47 सांसद पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित हो चुके हैं। इसके अलावा राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन को भी 14 दिसंबर को सस्पेंड किया जा चुका है। शीतकालीन सत्र के 11वें दिन सोमवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कार्यवाही शुरू होते ही 15 मिनट की स्पीच दी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा चूक पर राजनीति होना दुर्भाग्यपूर्ण है। हंगामा बढ़ा तो सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

### संसद सुरक्षा में सेंधमारी का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। संसद की सुरक्षा में सेंधमारी का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है, जिसमें संसद सुरक्षा मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की निगरानी में करवाए जाने की मांग की है। साथ ही इस पूरे मामले में एक एसआईटी के गठन कर मामले की जांच की मांग की गई है। बता दें कि 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई थी, जब लोकसभा में दो संदिग्ध कूद गए थे। हालांकि, इसके बाद सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा सेंध मामले में अब तक सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, नीलम देवी, ललित झा और महेश कुमावत को गिरफ्तार किया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी किया गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस व सुरक्षाबलों ने आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों ने पुलवामा के नैना बटापोरा में सर्च ऑपरेशन चलाया। आतंकवादी रोहेल अब्दुल्ला निवासी नुली पोशवारी शोपियां आठ दिसंबर से घर से लापता था। सुरक्षाबलों ने आंतकी के कब्जे से एक एके 56 राइफल, 2 एके मैगजीन और 60 राउंड, पांच चीनी ग्रेनेड, एक पिस्तौल और 26 पिस्तौल के जिंदा कारतूस मिले हैं।

### हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में लगे भूकंप के झटके

**जम्मू।** हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, सोमवार दोपहर तीन बजकर 48 मिनट पर मंडी और कुल्लू के मनाली व जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर, पुंछ, किश्तवाड़ और लद्दाख में भूकंप के झटके लद्दाख में महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.5 मापी गई है। भूकंप का केंद्र लद्दाख का कारगिल रहा है।

### इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में मुंबई टीम के मालिक बने अमिताभ

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन भी अब क्रिकेट टीम के मालिक बन गए हैं। अमिताभ बच्चन ने इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग यानी आईएसपीएल में मुंबई की टीम खरीदी है। बिग बी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी। मुंबई टीम का मालिक बनने के बाद बिग बी की खुशी सातवें आसमान पर पहुंच गई है। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि मुंबई टीम का मालिक होना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस पहल की चहल, जिंदाबाद... जय हो! जय हिंद।

## टॉप स्टोरीज

हिमाचलियों के दिल हो रहे कमजोर, बढ़ा दिल का मर्ज ...पेज 3

सेना के डॉक्टरों का कमाल, भारत में सात साल के बच्चे का बोन मैरो ट्रांसप्लांट ...पेज 16

## दाऊद अस्पताल में भर्ती, जहर देने की आशंका

**इस्लामाबाद।** अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को कराची के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दाऊद इब्राहिम को जहर देने की आशंका जताई गई है। हालांकि, अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। दाऊद इब्राहिम दो दिन से अस्पताल में भर्ती हैं। अस्पताल में जिस फ्लोर में दाऊद को रखा गया है, वहां कोई दूसरा पेशेंट मौजूद नहीं है। वहां सिर्फ उसके परिवार के लोग ही जा सकते हैं।



- पाकिस्तान में इंटरनेट सेवा बंद

## चार राज्यों में एनआईए की रेड, आठ एजेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एंटी-टेरर एजेंसी एनआईए ने सोमवार सुबह चार राज्यों की 19 लोकेशन पर छापेमारी की। ये छापेमारी आईएसआईएस नेटवर्क केस के तहत की गई। कर्नाटक की 11, झारखंड की चार, महाराष्ट्र की तीन और दिल्ली की एक लोकेशन पर छापेमारी की। इस दौरान प्रतिबंधित आईएसआईएस के आठ एजेंट्स को गिरफ्तार किया गया। ये एजेंट आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली एक्टीविटीज और आतंकवाद को बढ़ावा देने में शामिल हैं। एनआईए ने बेल्लारी के मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान सैयद समीर, मुंबई से अनस इकबाल शेख, बेंगलुरु से मोहम्मद मुनीरुद्दीन, सैयद समीउल्लाह उर्फ सामी, मोहम्मद मुजम्मिल, दिल्ली से शायान रहमान उर्फ हुसैन और जमशेदपुर से मोहम्मद शाहबाज उर्फ जुल्फिकार उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी मिनाज उर्फ मोहम्मद सुलेमान के नेतृत्व में काम कर रहे थे। बीते हफ्ते एनआईए ने महाराष्ट्र की 43 लोकेशन पर रेड डालकर 15 लोगों को गिरफ्तार किया था।

- आईएसआईएस नेटवर्क केस में की 19 स्थानों पर छापेमारी

## कोर्ट को सौंपी ज्ञानवापी सर्वे की रिपोर्ट

### 1500 से ज्यादा पेज की रिपोर्ट, अब 21 दिसंबर को आएगा फैसला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**ज्ञानवापी** मामले में लंबे समय के बाद एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) ने सोमवार को वाराणसी कोर्ट में सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट पेश की है। यह रिपोर्ट 1500 से ज्यादा पेज की है, जिसमें 250 से ज्यादा साक्ष्य पेश किए गए हैं।

एएसआई को ज्ञानवापी के सर्वे के दौरान खंडित मूर्तियां, घड़ा, चिह्न जैसे 250 अवशेष मिले थे, इन्हें डीएम की निगरानी में लॉकर में जमा कराया गया था। इनको भी कोर्ट में पेश किया गया।

एएसआई ने वाराणसी जिला न्यायाधीश एके विश्वेश के समक्ष रिपोर्ट सौंपी है। हिंदू पक्ष के वकील ने सुनवाई के दौरान कहा कि रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। हिंदू पक्ष ने इसमें शामिल सभी पक्षों को रिपोर्ट की प्रतियां उपलब्ध कराने के निर्देश देने की मांग की। एएसआई ने वाराणसी जिला न्यायाधीश के 21 जुलाई के आदेशानुसार वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया था



- खंडित मूर्तियां, घड़े जैसे 250 अवशेष जमा करवाए
- हिंदू पक्ष की मांग, रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए

### रिपोर्ट सार्वजनिक करने के खिलाफ मुस्लिम पक्ष

**मुस्लिम** पक्ष रिपोर्ट सार्वजनिक करने का विरोध कर रहा है। मुस्लिम पक्ष का कहना है कि इसे पब्लिक डोमेन में न लाया जाए। अब 21 दिसंबर को फैसला आएगा। सर्वे रिपोर्ट की कॉपी 21 दिसंबर को ही पक्षकारों को दी जाएगी। एएसआई ने इससे पहले दो-तीन बार रिपोर्ट जमा करने के लिए कोर्ट से और समय मांगा था, जोकि उसे दिया गया। गौर रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने चार अगस्त को एएसआई को 'वजुखाना' क्षेत्र को छोड़कर वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने से रोकने से इनकार किया था।

## मैक्सिको में गोली मारकर की 12 लोगों की हत्या

**मैक्सिको सिटी।** मैक्सिको के गुआनाजुआतो राज्य के साल्वाटियेरा नगर पालिका में क्रिसमस पार्टी के दौरान 12 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गुआनाजुआटो अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने कहा कि यह हत्या सैन जोस डेल कारमेन के समुदाय में एक पारंपरिक मैक्सिकन उत्सव, क्रिसमस पोसाडा के दौरान हुआ। शन्हिुआ एजेंसी के मुताबिक, सशस्त्र हमलावरों का एक समूह पहुंचा और पोसाडा प्रतिभागियों पर गोलियां चला दीं। इस गोलीकांड में 12 लोग मारे गए और 10 घायल हो गए। घायलों को नगर पालिका के अस्पतालों में ले जाया गया।



## रिपोर्ट: लद्दाख में सबसे ज्यादा ग्रेजुएट बेरोजगार, हिमाचल में भी आंकड़ा पौने नौ लाख पार

# रोटी के चार हर्फ भी नहीं सिखा पाईं किताबें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**'खड़ा हूं आज भी रोटी के चार हर्फ लिए, सवाल ये है किताबों ने क्या दिया मुझ को।** शायर नजीर बाकरी का यह शे'र देश में बेरोजगारों के हालात का आईना है, लेकिन क्या कभी यह स्थिति बलदेगी ? क्या देश में जॉबलेस ग्रेजुएट की बढ़ती संख्या को लेकर केंद्र व राज्य की सरकारें गंभीर होंगी।

केंद्र सरकार ने संसद में पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया कि भारत में साल 2021-22 और 2022-23 के बीच सबसे ज्यादा जॉबलेस ग्रेजुएट लद्दाख में हैं। इस यूनियन टेरिटरी में पिछले साल की तुलना में इस साल 16 परसेंट जॉबलेस ग्रेजुएट्स की संख्या बढ़ी। इसके अलावा ये आंकड़ा पुड्डुचेरी, अंडमान निकोबार आईलैंड, दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव, मेघालय, झारखंड, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी बढ़ा है। वहीं, हिमाचल प्रदेश की बात करें तो जॉबलेस ग्रेजुएट की स्थिति यहां भी ठीक नहीं है। प्रदेश में एक साल में दो लाख 14 हजार 181 नए बेरोजगार सामने आए हैं, जिससे कुल बेरोजगारों की आंकड़ा पौने नौ लाख पार कर चुका है। प्रदेश में पंजीकृत बेरोजगारों की संख्या 8 लाख 77 हजार 307 है, जिनमें एक लाख 41 हजार 479 ग्रेजुएट, तो 76 हजार 388 पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार हैं।

वहीं, पीएलएफएस रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2021-22 और 2022-23 में यह 14.9 परसेंट और 13.4 परसेंट क्रमशः रहा, जो यह दिलासा देता है कि देश में पिछले साल बेरोजगारी में कमी आई है।



### पहले से बेहतर हुई है स्थिति

**2022-23** के फिगर्स में मार्जिनल बढ़ोतरी है, लेकिन इससे यह साफ होता है कि सिचुएशन पहले से बेहतर हुई है। ऐसा कई राज्यों और यूनियन टेरिटरी जैसे लक्ष्यदीप, अरुणाचल प्रदेश, केरल, गोवा, मणिपुर और मिजोरम में भी हुआ है, जहां बेरोजगारी दर घटी है। पिछले साल की तुलना में साल 2023 में पढ़े-लिखे बेरोजगार कुछ प्रतिशत कम हुए हैं।

### हिमाचल की स्थिति नहीं ठीक

**हिमाचल** में पिछले तीन साल एक जनवरी, 2023 तक मात्र 39,779 युवाओं को रोजगार मिला, जबकि हिमाचल में कुल 14 लाख के करीब बेरोजगार हैं। सितंबर 2023 में हिमाचल विधानसभा के सत्र के दौरान मंत्री धनीराम शांडिल ने यह जानकारी दी थी। हालांकि, हिमाचल सरकार के आंकड़े बताते हैं कि हिमाचल प्रदेश में 8.77 लाख के करीब लोग बेरोजगार हैं। हिमाचल प्रदेश की कुल आबादी 70 लाख के करीब है। उसके अनुसार, बेरोजगारों की यह संख्या हिमाचल में अधिक है।

### किस राज्य का क्या है हाल

बिहार में इनकी संख्या 20 परसेंट से घटकर 16.6 परसेंट हो गई है। हरियाणा में 18.4 परसेंट से 12.6 परसेंट और कर्नाटक में 12.5 परसेंट से घटकर ये 9.4 परसेंट पहुंची है। यूपी में यह आंकड़ा कम ही बेहतर हुआ है, लेकिन 11.3 परसेंट से यह 11 परसेंट पर आया है। जेएंडके में 22.8 परसेंट अनइंप्लॉयड यूथ थे, जो अब 4.5 परसेंट कम है।

### कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 ने बढ़ाई टेंशन

## केरल में चार और यूपी में एक व्यक्ति की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** में एक बार फिर कोरोना ने टेंशन बढ़ा दी है। केरल में कोविड-19 के नए वेरिएंट जेएन-1 की पुष्टि होने के बाद देशभर में अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे में देश में 335 नए मामले सामने आए हैं। जानकारी के मुताबिक, यूपी में एक और केरल में चार लोगों की कोरोना के वेरिएंट जेएन-1 के कारण मौत हुई है। उधर, भारत समेत कई देशों में कोरोना के बढ़ते मामलों से डब्ल्यूएचओ ने चिंता जताई है। एडवाइजरी जारी कर कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी गई है। वर्तमान में देश में कोविड के कुल 1,701 सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं।

- डब्ल्यूएचओ ने जारी की एडवाइजरी



### सरकार ने दी मास्क पहनने की सलाह

**कर्नाटक** सरकार ने कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 को लेकर अलर्ट जारी किया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री दिनेश गुंडू राव ने एडवाइजरी जारी कर वरिष्ठ नागरिकों और अन्य बीमारियों से पीड़ित लोगों को मास्क पहनने की सलाह दी है। सरकारी अस्पतालों को अलर्ट रहने को कहा है।

# टीम अनंत ज्ञान

## संपादकीय विभाग



समरजीत
संपादक

शिव कपूर
चीफ सब एडिटर

अतुल अंशुमाली
सीनियर सब एडिटर

बसंत सिंह
सीनियर सब एडिटर



अशोक कुमार
सीनियर सब एडिटर

ऋषि ठाकुर
सीनियर सब एडिटर

सुमन शर्मा
सीनियर सब एडिटर

राजेश कुमार
सीनियर सब एडिटर



रवि कुमार
सीनियर सब एडिटर

राकेश धीमान
सीनियर सब एडिटर

अभिषेक कौंडल
सब एडिटर

अशोक कुमार
प्रूफ रीडर



अनंत ज्ञान

जनगणना के बाद महिला आरक्षण कानून होगा लागू

शीतलहर की चपेट में हिमाचल

## रिपोर्टिंग टीम



विक्रम ढटवालिया
ब्यूरो चीफ, जिला हमीरपुर

तेजपाल नेगी
ब्यूरो चीफ, जिला सोलन

अनिल शर्मा
ब्यूरो चीफ, जिला मंडी

पुनीत शर्मा
ब्यूरो चीफ, जिला कांगड़ा



एसडी शर्मा
ब्यूरो चीफ, जिला ऊना

एमएम डैनियल
ब्यूरो चीफ, जिला चंबा

कमलेश वर्मा
ब्यूरो चीफ, जिला कुल्लू

शुभम राही
ब्यूरो चीफ, जिला बिलासपुर



जीता सिंह नेगी
ब्यूरो चीफ, जिला किन्नौर

रविंद्र जस्टा
सिटी रिपोर्टर, शिमला

जितेंद्र कौशल
वरिष्ठ संवाददाता, बैजनाथ

राकेश डोगरा
वरिष्ठ संवाददाता, डरोह

## सर्कुलेशन विभाग



रमेश वर्मा
सर्कुलेशन हेड

संजय सैनी
सर्कुलेशन

नीरज बाली
सर्कुलेशन

कुनाल
सर्कुलेशन

## मार्केटिंग एंड एचआर विभाग



विशाल धीमान
मार्केटिंग

अविन शर्मा
एचआर

ब्रजेश
मार्केटिंग



पूनम मैथिल
मार्केटिंग

शिवाली
मार्केटिंग

नेहा
मार्केटिंग

अभिनव बस्सी
मार्केटिंग

## डिजिटल डिपार्टमेंट



रितिका सचदेवा
डिजिटल हेड

आशीष
वीडियो एडिटर

रीत वशिष्ठ
न्यूज एंकर



प्रीति चौहान
न्यूज एंकर

पूजा वर्मा
न्यूज एंकर

पंकज जोशी
फोटो जर्नलिस्ट



जगदीश चंद
कार्यालय सहायक

## प्रिंटिंग, डिजाइनिंग एंड प्रोसेसिंग



पुरुषोत्तम चंद
प्रोडक्शन हेड

प्रवीन कुमार
डिजाइनर

मनजीत कुमार
डिजाइनर

राजेश कुमार
यूनिट अटेंडेंट

अंशुल कुमार
प्री-प्रेस

पन्ना लाल
यूनिट अटेंडेंट

प्रवीन कुमार
मशीन ऑपरेटर

अभिषेक
यूनिट अटेंडेंट

नवीन कुमार
यूनिट अटेंडेंट

आशीष कुमार
यूनिट अटेंडेंट



संजीव कुमार
प्रोसेसिंग

पवन कुमार धवन
प्री-प्रेस हेड

रवि कुमार
सीनियर मशीन ऑपरेटर

प्यार चंद
प्री-प्रेस

सुनील कुमार
सीनियर इलेक्ट्रिशियन

मनु कुमार
इलेक्ट्रिशियन

उपदेश कुमार
प्री-प्रेस

प्रवीन कुमार
यूनिट अटेंडेंट

संतोष कुमार
यूनिट अटेंडेंट

अभिनायक कौंडल
यूनिट अटेंडेंट

देवेंद्र कुमार
यूनिट अटेंडेंट

# धर्मशाला में बीजेपी की आक्रोश रैली

## विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार के खिलाफ बोला हल्ला, भारी भीड़ के बीच जोरदार नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को आक्रोश रैली निकाली। धर्मशाला के तपोवन में विधानसभा के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले भाजपा ने शक्ति प्रदर्शन कर कांग्रेस सरकार को जमकर घेरा। इसमें कांगड़ा जिला के 15 विधानसभा क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ धर्मशाला पहुंची और प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई।

रैली में पार्टी के प्रदेशाध्याक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित कांगड़ा के सभी वरिष्ठ नेता शामिल रहे। धर्मशाला के पुलिस ग्राउंड से कचहरी अड्डा तक आक्रोश रैली निकाली गई और बीजेपी के नेताओं ने रैली को संबोधित किया।

धर्मशाला में भाजपा जन आक्रोश रैली के दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि मेरे लिए कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं। कांग्रेस सरकार ने 11 दिसंबर को धर्मशाला में जश्न मनाया, जब पूछा काहे के जश्न तो कहा कि एक साल सुखमय बीत गया, लेकिन कांग्रेस क्यों नहीं बताती है कि जनता के सुख का क्या हुआ। कांग्रेस का 4000 करोड़ रुपए तो प्रदेश की महिलाओं को देने को हो गए हैं। बड़ी बात है कि अब सुक्खू अपने बयानों से मुकरने लगे हैं। पहले हर गारंटी पहली मंत्रिमंडल की बैठक में पूरी करेंगे और अब कह रहे हैं कि ये तो पंच वर्षीय योजना है। किसानों को कांग्रेस ने ठगा। 300 यूनिट बिजली देने की बात की थी। प्रदेश की जनता आज इंतजार कर रही है।



धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को आक्रोश रैली निकाली। इस दौरान 15 विधानसभा क्षेत्रों के लोगों की भारी भीड़ धर्मशाला पहुंची।

### कोई काम नहीं किया तो जश्न किस बात का : जयराम

**नेता** विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कुछ तो गलत हुआ है, जिसके चलते प्रदेश में लोग बड़ी संख्या में सड़क उतर रहे हैं। 11 दिसंबर को जश्न में कुर्सियां खाली हो रही थी, लेकिन 18 को जोश-जुनून के साथ पहुंचे हैं, तिल धरने की जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस को अंदाजा लग गया कि आने वाला वक्त उनके लिए खराब है। कांग्रेस नेताओं ने भी माना है कि काम कोई हुआ नहीं, बस सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके जश्न मनाया। प्रियंका-राहुल झूठे जश्न मनाने के लिए नहीं पहुंचे। 1500 चले हुए संस्थानों को बंद कर दिया, त्रासदी से पीड़ित लोगों, गारंटियों से लोगों को ठगा और कोई काम नहीं किया, क्या उस बात का जश्न मनाया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा सीपीएस, ओएसडी व मित्रों से पद भरे जा रहे हैं। एक साल में 14 हजार करोड़ लोन ले लिया है और गारंटियों का कोई अता पता नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता के शोर में कांग्रेस सरकार हिल जाएगी।



धर्मशाला में शक्ति प्रदर्शन करते भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित कांगड़ा के सभी वरिष्ठ नेता।

### झूठी गारंटियों से लोगों को ठगा : बिंदल

**बीजेपी** अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि आक्रोश दिवस की कड़ी में सिरमौर से लेकर धर्मशाला तक 11 रैलियों के बाद सोमवार को बड़ा जन आक्रोश सड़कों पर उतरा। उन्होंने कहा कि लोग रैली में सरकार के खिलाफ सरकार को बदलने के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठी गारंटियों से लोगों को ठगा है। इस मौके पर विधायक पवन काजल, विक्रम ठाकुर, रणवीर निक्का, चौधरी सुखराम, महामंत्री त्रिलोक कपूर सहित पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पदाधिकारी, कार्यकर्ता व लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### प्रदेश में सुक्खू नहीं दुक्खू सरकार है : खन्ना

बीजेपी प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने कहा कि प्रदेश में सुक्खू नहीं दुक्खू सरकार है, हर कोई प्रदेश में दुखी है। उन्होंने कहा कि पांच साल तक इन्ही गारंटियों पर खेलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि झूठी गारंटियों से अब प्रदेश बचता रहा है। केंद्र में पहले स्कैम की रोज खबर मिलती थी। आज केंद्र में सरकार मोदी की बनने से अब हर रोज योजना आ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने फेल होने पर जनता के पैसे से जश्न मनाया है। कांग्रेस ने मृत्यु प्रमाण पत्र 500 का कर दिया, पॉवर अटॉर्नी का पैसा बढ़ा दिया, टैक्स जनता पर लाद दिए हैं।

## बधाइयां



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।

**-अनुराग ठाकुर, कैबिनेट मंत्री भारत सरकार, भाजपा।**



हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

**-जेपी नड्डा, राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा एवं राज्यसभा सदस्य।**



हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

**-राजीव बिंदल, बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष**



हर्ष का विषय है कि हिमाचल से दैनिक अखबार अनंत ज्ञान का विधिवत प्रकाशन आज से शुरू हो रहा है।

**जयराम ठाकुर, नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।

**-आरएस बाली, पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट रैंक)**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं। आशा है कि यह समाचार पत्र जन समस्याओं को प्रभावी ढंग से सरकार व प्रशासन के समक्ष उठाएगा।

**-सुंदर ठाकुर, सीपीएस विधायक कुल्लू**



मुझे खुशी है कि हिमाचल से एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू हो रहा है। मेरी ओर से अनंत ज्ञान परिवार को बधाई।

**-किशोरी लाल, सीपीएस बैजनाथ**



मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि कांगड़ा जिले से एक अन्य समाचार पत्र अनंत ज्ञान का प्रकाशन होने जा रहा है। मैं समाचार पत्र के संपादक मंडल, प्रबंधकों और कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देता हूं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। समाचार पत्रों का लोकतंत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहता है और इन्हें लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। समाचार पत्र आम जनमानस और सरकार के बीच एक सशक्त कड़ी का काम करते हैं, जिनके माध्यम से सरकार की ओर से देश व प्रदेश हित में किए जा रहे कार्यों और निर्णयों की जानकारी दूर-दराज क्षेत्रों तक पहुंचाई जाती है। समाचार पत्र को अपनी विश्वसनीयता प्राप्त करने के लिए समाचारों को तथ्यों सहित प्रेषित करना हितकर रहता है, ताकि किसी भी विषय पर पाठक वर्ग में किसी प्रकार की भ्रांति या अफवाह न फैले, जिससे समाज में असंतोष फैलने का डर बना रहता है। मेरा मानना है कि समाचार पत्र किसी भी समाचार को प्रकाशित करने से पूर्व तथ्यों को जांच लें, ताकि पाठकों के सामने सही जानकारी प्रेषित की जा सके। मैं आशा करता हूं कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र पत्रकारिता के सिद्धांतों का पालन करेगा और लोगों के बीच में सही जानकारी प्रेषित कर एक सुदृढ़ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रवेशांक के प्रथम संस्करण के सफल प्रकाशन के लिये मेरी हार्दिक मंगलकामनाएं।

**-प्रेम कुमार धूमल, पूर्व सीएम, हिप्र**

### योजना का लाभ लेने से कोई पात्र वंचित न रहे : धूमल

**हमीरपुर।** केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रह जाए। यह बात सुनिश्चित करने के लिए केंद्र ने पूरा जोर लगाया है। पंचायत-पंचायत पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का यही प्रमुख उद्देश्य है। पहले योजना की जानकारी दो फिर जो व्यक्ति लाभ लेने से छूट गया है। उसका आवेदन करवा कर उसको लाभ दिलाओ। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल सोमवार को भोरंज विधानसभा क्षेत्र के मनवी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित गांव वासियों और पंचायत प्रतिनिधियोंको संबोधित करते हुए यह बात कही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का प्रयास है कि कोई व्यक्ति उसे योजना का लाभ लेने से छूटा न रहे, ताकि शतप्रतिशत पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कर योजना अपने स्वरूप की पूर्णता को पा जाए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार हम ऐसी सरकार देख रहे हैं, जो चलाई गई जनकल्याण की योजनाओं की मॉनिटरिंग करने के लिए खुद पंचायत पंचायत घूम रही है। सब लोगों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच चुका है यह सुनिश्चित किया जा रहा है और यदि कोई लाभ लेने से वंचित अभी तक रह गया है तो उसे लाभ पहुंचाने के लिए प्रक्रिया के अनुरूप आवेदन पत्र भरवाया जा रहा है।

## जब प्रदेश में आपदा आई तब कहां गई थी भाजपा

### भाजपा की रैली को लेकर सीएम का तंज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में शीतकालीन सत्र का आगाज मंगलवार 11:00 बजे हो जाएगा।



शीतकालीन सत्र में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को सोमवार शाम को धर्मशाला पहुंचे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने कहा कि शीतकालीन सत्र को लेकर के जो भी रणनीति तैयार की जाएगी, वह विधायक दल की बैठक में निर्धारित की जाएगी।

धर्मशाला में निकाली गई जन आक्रोश रैली को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा का क्या है, वह कुछ भी कर सकती है, लेकिन जब प्रदेश में आपदा आ रही थी, उस वक्त वह जनता के साथ खड़े नहीं हुए और अब आक्रोश रैली निकाल कर अपना आक्रोश किस पर निकलना चाहते हैं। यह जानने की बात है। मुख्यमंत्री ने गारंटी को लेकर कहा कि हर गारंटी पांच साल के लिए दी जाती है और जैसे ही हमारी आर्थिक स्थिति ठीक होगी सभी गारंटियों को पूरा कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुबई में हमने निवेशकों को हाइड्रो होस्पिटैलिटी और टूरिज्म के लिए निमंत्रण दिया है। हम हिमाचल प्रदेश को विकसित करना चाहते हैं और हमारे पास जो भी भूमि होगी उसके आवंटन किए जाएंगे। हमारा फोकस ग्रीन इंडस्ट्री पर ज्यादा रहेगा। हिमाचल प्रदेश का एक समान विकास करना है और पहली बार कांगड़ा के इतिहास में किसी दलित को कैबिनेट मिनिस्टर का दर्जा दिया गया है अपने आप में यह बात भी बहुत बड़ी बात है।

## शीतकालीन सत्र के लिए तपोवन तैयार

### 23 दिसंबर तक चलेगा सत्र, पांच बैठकों का होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की चौदहवीं विधानसभा का चतुर्थ सत्र 19 दिसंबर को 11 बजे आरंभ होगा। सत्र के प्रथम दिन पूर्व विधायक बाल कृष्ण चौहान के निधन पर शोकोदगार होगा तथा माननीय मुख्यमंत्री नवनियुक्त मंत्री परिषद के दो सदस्यों का सदन में परिचय करवाएंगे। यह सत्र 23 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें कुल पांच बैठकें होंगी।



फाइल फोटो

गुरुवार का दिन गैरसरकारी सदस्य कार्य दिवस के लिए निर्धारित किया गया है। 23 दिसंबर को शनिवार के दिन भी सत्र आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा सचिवालय तपोवन शीतकालीन सत्र के आयोजन के लिए पूरी तरह सजग है तथा तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। मानसून सत्र के दृष्टिगत विधानसभा की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने के लिए दिसंबर को जिला कांगड़ा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमें अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी कर दिए गए थे। इसके अतिरिक्त विधान सभा सचिवालय तथा परिसर में चल रहे मरम्मत तथा विकासात्मक कार्यों को समय पर पूर्ण करने के लिए भी विशेषकर लोक निर्माण विभाग तथा लोक निर्माण विभाग (विद्युत) के अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे जो कि अब पूर्ण हो चुका है। पूर्व की भांति इस वर्ष भी हिमाचल प्रदेश विधान सभा तपोवन भवन तथा परिसर को दुधिया रोशनी से सुसज्जित कर आकर्षक तथा खूबसूरत बनाया गया है। सदन की कार्यवाही देखने के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी। स्थान की उपलब्धता अनुसार अनुमति प्रदान की जाएगी। आज के बच्चे कल का भविष्य हैं और उन्हें लोकतांत्रिक प्रणाली का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है। सदन की दर्शक दीर्घा से सदन की कार्यवाही देखने पर उनके ज्ञान में निश्चित तौर पर वृद्धि होगी तथा लोकतंत्र की मजबूती का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि पिछले मानसून सत्र में सदन की कार्रवाई 36 घंटे 38 मिनट चली तथा कुल 739 सूचनाएं माननीय सदस्यों से प्रश्नों के माध्यम से प्राप्त हुई थीं। उस सत्र की उत्पादकता 106 प्रतिशत रही थी। उन्होंने कहा कि वह इस सत्र में उससे भी ज्यादा की अपेक्षा कर रहे हैं।

### 471 प्रश्न आए

**विधानसभा** अध्यक्ष ने कहा कि इस सत्र में माननीय सदस्यों से कुल 471 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं, जिसमें 348 प्रश्न तारांकित तथा 123 प्रश्न अतारांकित हैं, जिन्हें नियमानुसार सरकार को आगामी कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया है। इसके अतिरिक्त नियम 62 के तहत चार सूचनाएं, नियम 63 के तहत एक सूचना, नियम 101 के तहत दस सूचनाएं, नियम 130 के अंतर्गत 12 सूचनाएं, जिसमें पिछले सत्र की स्थगित दो सूचनाएं भी शामिल हैं।

**सावधान** डाइट में बदलाव और तंबाकू के सेवन से बढ़ रही बीमारी, आईजीएमसी में हर दिन 70 से 80 मामले हो रहे दर्ज

# हिमाचलियों के दिल हो रहे कमजोर, बढ़ा दिल का मर्ज

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल में दिल के रोग ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। खान-पान में बदलाव व तंबाकू के सेवन करने से हिमाचलियों के दिल कमजोर हो रहे हैं। अब दिल का रोग कम नहीं, बल्कि दिन-प्रतिदिन बढ़ ही रहा है। प्रदेश भर से दिल की बीमारी से 200 से 300 मरीज एक माह के अंदर आईजीएमसी में अपना इलाज करवाने आ रहे हैं। खासकर 20 साल की युवा पीढ़ी भी दिल के रोग की चपेट में आ रही है।

यह खुलासा आईजीएमसी के कार्डियोलॉजी के डॉक्टरों ने किया है। कार्डियोलॉजी के डॉक्टर अरविंद कंदोरिया ने बताया कि लोग भारी भोजन कर अपने अंदर मोटापा अधिक करने से भी इस बीमारी को खुला न्योता दे रहे हैं। हैरान करने वाली बात तो यह है कि कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र भी दिल की बीमारी से अछूते नहीं हैं। युवा आबादी तेजी से हृदय की बीमारियों की ओर एक खतरनाक दर से बढ़ रही है। अगर समय रहते ही इस बीमारी पर काबू न पाया जाए तो यह बीमारी लोगों को मौत के घाट भी उतार सकती है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने हार्ट सर्जरी को सुरक्षित बना दिया है और अब मृत्यु का खतरा घट कर सिर्फ 25 फीसदी रह गया है। अब तो कुछ घंटे पहले जन्मे नवजात बच्चे का भी सफल ऑपरेशन किया जा सकता है। सही निदान और समय रहते सर्जरी होने से जानें बचाई जा सकती हैं। आईजीएमसी में प्रतिदिन 70 से 80 मरीज दिल की बीमारी के आ रहे हैं। चिकित्सक द्वारा सलाह दी जा रही है कि इस बीमारी से बचना है तो समय रहते ही अस्पताल में आकर अपना इलाज करवाएं। (अनंत ज्ञान)

### जानिए दिल के रोग



**दिल** के रोग कई प्रकार के होते हैं, लेकिन बल्ड प्रेशर, मोटापा, कोलेस्ट्रोल बढ़ना, तनाव, आदि इसके मुख्य कारण हैं, जिनके कारण दिल को खून भेजने वाली नसें ब्लॉक हो जाती हैं और दिल की बीमारी की शिकायत हो जाती है।

### बीमारी से बचने को इन चीजों का करें सेवन



डॉ. अरविंद कंदोरिया

**हार्ट** की बीमरी होने पर नींबू का रस, अंगूर, कच्चे नारियल का पानी, गाजर, कच्चा प्याज, लहसुन, पालक, सौंफ, मेथी दाना, बिना दाने वाला अनार, ताजे फल आदि का सेवन करें। बीमारी से बचने के लिए लोगों को सुबह के समय जल्द उठकर रोजाना व्यायाम करना चाहिए। ज्यादा हेबी भोजन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। जितनी शरीर में क्षमता हो उसके अनुसार ही भोजन लेना चाहिए।

### हार्ट की बीमारी के लक्षण

**छाती** में दर्द, सांस चढ़ना, कंधों और पीठ में दर्द होना, भारीपन प्रतीत होना, दम घुटना, आदि हार्ट की बीमारी के लक्षण हैं।

### इन चीजों का न करें सेवन

**खान-पान** में बदलाव व तंबाकू के सेवन करने से हिमाचलियों के दिल कमजोर हो रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि हार्ट के मरीज मांसाहार, मदिरापान, धूम्रपान, तंबाकू, कॉफी, नशीले पदार्थों का सेवन, अधिक नमक, घी, तेल, तेज मसालेदार वाली चीजे, फास्टफूड, आदि का सेवन न करें। हृदय रोग होने वाला सबसे बड़ा कारण कोलेस्ट्रोल होता है। कोलेस्ट्रोल बढ़ाने वाले चर्बी वाले पदार्थ जैसे मक्खन, घी, मीट, अंडे आदि का कम सेवन करना चाहिए।

- **चिंता, 20 साल की उम्र के युवाओं को भी लगा दिल का रोग**
- **एक माह में प्रदेश भर से आईजीएमसी पहुंच रहे 200 से 300 मरीज**

### दिल की बीमारी बढ़ने का यह भी मुख्य कारण

**आधे** से ज्यादा लोग ऐसे हैं , जो कि सब्जियों को बाजार से खरीदकर बिना धोए पका देते हैं। वहीं, लोगों की डाइट में बदलाव हो चुका है। लोग ज्यादातर बाजारों में जाकर फास्ट फूड आदि का सेवन करते हैं। फास्ट फूड भी दिल की बीमारियों को खुला न्योता दे रहा है। हिमाचल में पहले दिल की बीमारी इसलिए कम होती थी, क्योंकि लोग घरेलू चीजों का प्रयोग करते थे। अब लोगों द्वारा सब्जियों में खाद का इस्तेमाल भी किया जाता है। यह भी दिल की बीमारी के लिए खतरनाक है।

## कांग्रेस राज नहीं, अब चल रहा महंगाई राज : नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा मीडिया प्रभारी एवं मीडिया विभाग के संयोजक कर्ण नंदा ने कहा की कांग्रेस राज में केवल महंगाई-महंगाई और महंगाई का बोल बाला है, जब से वर्तमान सरकार सत्ता में आई है, तब से केवल मात्र जनता की जेबों पर ढाका डालने का कार्य किया है। जनता की जेब पर बोझ, कांग्रेस राज में अत्यधिक बोझ डालना कांग्रेस के नेताओं की पुरानी पद्धति है।

प्रदेश में डीजल महंगा, दाल, तेल, स्टांप पेपर, रजिस्ट्री फीस, टैक्सी पर टैक्स सब महंगा हो रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस राज नहीं महंगाई राज चल रहा है। उन्होंने कहा कि केवल मात्र भोलीभाली जनता के ऊपर बोझ डालकर यह सरकार अपने ऐश और आराम के खर्चे निकालने का प्रयास कर रही है, जब से सत्ता में आई है तब से केवल मात्र पैसों का रोना इस सरकार ने रोया है, पर इसका मतलब यह तो नहीं की जनता पर भोज डालकर इस पैसे को पूरा करना चाहिए। नंदा ने कहा की सूबे के एपीएल राशनकार्ड धारकों को बड़ा झटका लगा है।

डिपुओं के माध्यम से दी जाने वाली चीनी के दाम तीन रुपए बढ़ा दिए गए हैं। पहले जहां इस श्रेणी के उपभोक्ताओं को तीस रुपए किलो के हिसाब से चीनी मिलती थी, अब प्रति किलोग्राम चीनी के दाम 33 रुपये निर्धारित किए गए हैं। इससे प्रदेश के करीब 12 लाख राशन कार्ड उपभोक्ताओं को चीनी के नए दाम चुकाने होंगे।

आम जनता के जीवन से मिठास छीनना कांग्रेस की पुरानी आदत है। इस माह अभी तक चीनी का कोटा डिपुओं में पहुंचा नहीं है। यह भी दिखता है कि कांग्रेस की सरकार कितनी अव्यवस्था के दौर से गुजर रही है।

## बधाइयां



मुझे नाम से ही पता चल रहा है कि दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र ज्ञान का भंडार होगा। मेरी तरफ से अनंत ज्ञान की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं ।

**-अनूप शर्मा, वरिष्ठ पुजारी बिज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा।**



मुझे खुशी है कि हिमाचल से एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू हो रहा है। मेरी ओर से अनंत ज्ञान परिवार को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं।

**-शिवालिक अवस्थी, लेखक धर्मशाला।**



नगरोटा बगवां से शुरू हो रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर मेरी तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं।

**-रमेश सिंह, सीडीपीओ भवारना।**



मेरी तरफ से अनंत ज्ञान समाचार पत्र के प्रकाशन अवसर पर पूरी टीम को तहदिल से हार्दिक शुभकामनाएं ।

**-अजय कुमार, प्रधान ठारु।**

## बधाइयां



मुझे खुशी है कि हिमाचल से एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू हो रहा है। मेरी ओर से अनंत ज्ञान समाचार पत्र के समस्त परिवार को बधाई।

**-अमित संख्यान, जीएम टोयटा मोटर्स कांगड़ा।**



हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

**-संजस सिंह चौहान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह अध्यक्ष।**



हिमाचल के नगरोटा बगवां से शुरू होने जा रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर बधाई एवं शुभकामनाएं।

**-विजय अत्री, लुक्स सेल्यून कांगड़ा।**



मेरी तरफ से अनंत ज्ञान समाचार पत्र के प्रकाशन पर पूरी टीम को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

**-नितिश कुमार, सिंगर।**




# शिकायतकर्ता को 40,075 रुपए समेत 27500 रुपए देने के आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपभोक्ता विवाद निवारण के अध्यक्षा हिमांशु मिश्रा अदालत ने एक मामले में कंपनी को शिकायतकर्ता को उसके पैसे सहित खर्चा देने के आदेश दिए। शिकायतकर्ता सुमित शर्मा गांव बदेहढ़ तहसील पालमपुर को शाइन. कॉम के द्वारा आए कॉल, जिसमें हिमाचल प्रदेश पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली में एक हफ्ते के अंदर जॉब दिलाने के बारे में बताया गया।

इसके बाद शिकायतकर्ता ने अपना रिज्यूम, जॉब प्रोवाइडर कंपनी शाइन.कॉम के पास रजिस्टर्ड करवाया। शाइन. कॉम ने इसके लिए शिकायतकर्ता से कुल मिलाकर 40,075 रुपए चार्ज किया। फिर इनके द्वारा और अधिक पैसों की मांग की गई, जिसको शिकायतकर्ता ने देने से मना कर दिया। शाइन.कॉम कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता को न ही कोई जॉब दिलाई गई एवं उसके बाद शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला में अधिवक्ता विक्रम समयाल के द्वारा 25 अक्तूबर 2021, को शिकायत दर्ज करवाई।

दोनों पक्षों को सुनते हुए, जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने यह पाया कि कंपनी शाइन.कॉम द्वारा दी जा रही सर्विसेज के बारे में शिकायतकर्ता को पूर्ण जानकारी उपलब्ध न करवाई गई थी। शिकायतकर्ता को जानकारी के अभाव में रखा गया, जो की बिलकुल भी उचित नहीं था।

वहीं, पूर्ण जानकारी का होना, किसी भी उपभोक्ता का एक महत्वपूर्ण अधिकार है एवं न्यायालय ने डिफिशिएंसी इन सर्विसेस का हवाला देते हुए, शिकायतकर्ता को 40,075 रुपए, छह प्रतिशत ब्याज के साथ एवं कंपनसेशन 20,000 रुपए और 7,500 रुपए मुकदमा खर्च, शाइन.कॉम जॉब प्रोवाइडर कंपनी द्वारा देने के आदेश दिए।



**दिशांत कपिल**
युवा भाजपा नेता
व्यवसायी व लेखक

**संदेश**

"मुझे यह जान कर अत्यंत हर्ष हो रहा है कि हिमाचल प्रदेश में एक दैनिक समाचार पत्र का शुभारंभ हो रहा है। 'अनंत ज्ञान' नाम से शुरू होने वाले इस समाचार पत्र से हिमाचल वासियों को जहां प्रदेश सहित देश-विदेश के समाचारों का लाभ मिलेगा,वहीं इस समाचार पत्र के नाम 'अनंत ज्ञान' से पाठकों को आध्यात्मिक ज्ञान मिलने की भी आशा करता हूं।

शुभकामनाओं सहित"

# अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू होने पर विशेषांक







































## बधाइयां



हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।
**- रितु, म्यूजियम इंचार्ज, कांगड़ा**



नगरोटा बंगवा क्षेत्र से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
**-कर्नल, विजय शर्मा**



हिमाचल के नगरोटा बगवां से शुरू होने जा रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर बधाई एवं शुभकामनाएं ।
**-विपिन परमार, विधायक सुलह**



मुझे खुशी है कि हिमाचल से एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू हो रहा है। मेरी ओर से अनंत ज्ञान परिवार को बधाई।
**- राजेश कुमार, बीडीओ नगरोटा**



मुझे खुशी है कि मेरे विधानसभा क्षेत्र नगरोटा बगवां से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू होने जा रहा है। अखबार के प्रकाशन पर मेरी ओर से अनेकों शुभकामनाएं ।
**-पूर्व विधायक, नगरोटा बगवां**



नगरोटा बगवां से शुरू हो रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर मेरी और मेरी टीम की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं
**-डॉक्टर अशीष गर्ग, एमडी सिटी अस्पताल मटौर।**



मुझे नाम से ही पता चल रहा है कि दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र ज्ञान का भंडार होगा। मेरी तरफ से अनंत ज्ञान की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं ।
**-डॉक्टर प्रदीप मक्कड़, एमडी सिटी अस्पताल मटौर।**



मुझे खुशी है कि हिमाचल से एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू हो रहा है। मेरी ओर से अनंत ज्ञान परिवार को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं।
**-डॉक्टर राजीव डोगरा, एमडी सिटी अस्पताल मटौर।**



मेरी तरफ से अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं ।
**-डॉक्टर अनुराग खन्ना।**



मेरी तरफ से अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं ।
**-डॉक्टर कुसुम खन्ना।**

## मैरी गोल्ड स्कूल में सालाना समारोह की धूम

**नगरोटा बगवां।** मैरी गोल्ड पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसौर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस नगरोटा बगवां के महासचिव रविंद्र सैनी मुख्यतिथि रहे। विशेष स्थिति ब्लॉक कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कलेड पंचायत के पूर्व प्रधान हजारा सिंह, ब्लॉक सदस्य जसौर विपिन, कांग्रेस नेता कर्म चद, सुधीर चौधरी ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। स्कूल के प्रधानाचार्य स्वरूप चंद ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों में शामिल रहे बच्चों को मुख्यातिथि ने सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने स्कूल को 5100 रुपए दिए। इस मौके पर बच्चों के अभिभावकों और स्कूल स्टाफ ने भाग लिया।

# जवाली उपमंडल में खनन माफिया बेलगाम

### ट्रैक्टर चालक बिना नंबर प्लेट कर रहे अवैध खनन, लोगों का आरोप-नेताओं की शह पर खनन जोरों पर

**अनिल छांगू, जवाली**

हिमाचल प्रदेश में एक तरफ तो सरकार ने अवैध खनन पर पाबंदी लगाने की पुरजोर कोशिश की है तो तो वहीं दूसरी तरफ बेलचा माफिया ट्रैक्टरों द्वारा खूब खनन किया जा रहा है। पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत कोटला, मिनी हरिद्वार जवाली, देहर खड्ड, मैरा खड्ड, सहित कई खड्डों में हर रोज सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रालियां बेलचा माफिया भरकर खड्डों का सीना छलनी करके अवैध खनन कर रहा है।

वहीं, जवाली उपमंडल में ज्यादातर खनन माफियाओं ने सड़कों के किनारे या सरकारी भूमि पर अवैध खनन से रेत बजरी के बड़े-बड़े ढेर लगाकर डंप किए हुए है। देखने की बात यह है कि यह जो बेलचा माफिया ट्रैक्टरों से खनन कर रहे हैं। ज्यादातर ट्रैक्टरों की नंबर प्लेटें ही गायब हैं। वहीं, ट्रैक्टर चालक भी बिना ड्राइविंग लाइसेंस से इन ट्रैक्टरों को चला रहे हैं। स्थानीय बुद्धिजीवी लोगों ने कहा है कि दुर्भाग्य वश कोई ट्रैक्टर से हादसा हो जाता है, तो न ही ट्रैक्टर का नंबर है और न ही ट्रैक्टर चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस होता है। फिर भी प्रशासन बेखबर है। सूत्रों से पता चला है कि अवैध खनन करने वाले बेलचा माफिया राजनीतिक संरक्षण के तहत ही इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। इससे कि पुलिस प्रशासन और खनन विभाग भी इन बेलचा माफियाओं पर हाथ डालने से कतराते हैं। लोगों का कहना है कि जवाली पुलिस प्रशासन व खनन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। उन्होंने कहा कि नेताओं के डर से और चापलूसी की वजह से अवैध खनन करने वालो पर पुलिस प्रशासन कार्रवाई नहीं करता। लोगों का कहना है कि खनन माफियाओं ने उपमंडल की सड़कों का भी हाल बेहाल कर दिया है। इससे सड़कों के बीच बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। सड़के उखड़ गई हैं और कई बार इन गड्ढों के बीच लोगों के दो पहिया वाहन गिर जाने से कई हादसे हो चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



कोटला, मिनी हरिद्वार जवाली, देहर खड्ड और मैरा खड्ड में अवैध खनन करते ट्रैक्टर चालक।

### अवैध खनन करने वालों की अब खैर नहीं

**वहीं,** इस संबंध में डीएसपी जवाली वीरी सिंह ने बताया कि पुलिस हर रोज बेलचा माफिया के खिलाफ कार्रवाई कर चालान करती है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि अगर कोई अवैध खनन करता पकड़ा गया, तो होगी कड़ी कार्रवाई।

# लजीज व्यंजनों की खुशबू से महका भतालू मेला ग्राउंड, खूब उमड़ी भीड़

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां की समीपवर्ती पंचायत कीरचंबा के भतालू मैदान में सोमवार को हिमाचल सुपर बाजार में हर दिन की भांति अपार भीड़ देखी गई। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। छोटे हों या बड़े सभी ने झूलों में आनंद लिया, तो कइयों ने मोमो, चोमिन, सिड्डू, कचोरी, चाट पापड़ी, पाव भाजी, जलेबी, दाल भाटी, छोले भटूरे, भेल पूरी, मूंग दाल का हलवा के खाने का मजा उठाया। इसके अलावा सर्दियों के गर्म कपड़ों के साथ लोगों ने कास्मेटिक, क्रॉकरी, शाल, जेकैट, रेडिमेड और जूतों की भी जम कर खरीददारी की।

100 से दो हजार तक के बढ़िया कंबल, रजाई, गद्दे, फुटमेट व दरी आदि की लोगों ने जमकर खरीददारी करते देखे गए। इसके अतिरिक्त रसोई के बरतन, बैग, सूटकेस, पर्स, प्लास्टिक का सारा सामान जींस और शर्ट आदि ने भी लोगों का दिल जीता। बहरहाल, भतालू मैदान में हिमाचल सुपर बाजार में हर दिन लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है।



नगरोटा बगवां के भतालू मैदान में हिमाचल सुपर बाजार मेले में उमड़ी भीड़।

### 100 से दो हजार तक के कंबल

100 से दो हजार तक के बढ़िया कंबल, रजाई, गद्दे, फुटमेट व दरी आदि के लिए लोगों ने जमकर खरीददारी करते देखे गए। इसके अतिरिक्त रसोई के बरतन, बैग, सूटकेस, पर्स, प्लास्टिक का सारा सामान जींस और शर्ट आदि ने भी लोगों का दिल जीता। मेले में लड़कियों ने पर्स और जींस पर जमकर खरीददारी की।

### लोगों ने मेले में जमकर की खरीददारी

**भतालू** मैदान में सोमवार को हिमाचल सुपर बाजार में हर दिन की भांति अपार भीड़ देखी गई। लोगों ने भतालू मेला मैदान पर पहुंच कर बढ़ाई मेले की शान। सोमवार को सुबह से ही लोगों ने परिवार के साथ मेला ग्राउंड में पहुंच कर की जमकर खरीददारी की। मेले में जगह-जगह सजे स्टॉल में भारी भीड़ दिखने को मिली।

## डीएवी पट्टा जाटियां की अवंतिका नेशनल को चयनित

**जवाली।** राज्य स्तरीय डीएवी स्पोर्ट्स मीट बिलासपुर में 16 और 17 दिसंबर को आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में डीएवी पट्टा जाटियां की अवंतिका नेशनल स्तर के लिए चयनित हुई है। इस प्रतियोगिता में स्कूल के पीईटी जरनैल सिंह ने बच्चों को प्रतियोगिता के लिए तैयार किया तथा उनसे प्रतिभा का लोहा मनवाया। राज्य स्तर पर अवंतिका ने अंडर 14 लांग जंप में सिल्वर मेडल जीता है और वह नेशनल स्तर के लिए चयनित हुई है। इस चयन के साथ छात्रा ने विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। इसी के साथ कक्षा दसवीं की छात्रा स्मृति ने अंडर-17 लांग जंप में ब्रांज मेडल जीता है। इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन प्रवोध महाजन, एआरो विक्रम सिंह, मैनेजर संजीव कुमार और स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश कटोच ने बच्चों की इन उपलब्धियों पर उनका स्वागत किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की इसी के साथ विद्यालय के अध्यापकों द्वारा बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए चयनित विद्यार्थियों का तालियों के साथ विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया।

# कबड्डी प्रतियोगिता में हनुमान मंदिर पंजाब की टीम ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जवाली विधानसभा क्षेत्र के साथ लगते हारचक्कियां में 10वीं अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का समापन शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने किया। लियो क्लब के प्रधान केवल कृष्ण धीमान, उपप्रधान विनोद कुमार, सचिव श्याम ने मुख्यातिथि के स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के दौरान अंडर-14 का पहला सेमीफाइनल मुकबला नूरपुर व हनुमान मंदिर हारचक्कियां में हुआ इस मैच में विजेता नूरपुर रहा। अंडर-14 का दूसरा सेमीफाइनल नूरपुर वी व हारचक्कियां में हुआ, जिसमें हारचक्कियां विजेता रहा। फाइनल मुकाबला नूरपुर ए व हारचक्कियां लड्डू क्लब के बीच खेला गया, जिसमें लड्डू क्लब हारचक्कियां विजेता रहा। वहीं, अंडर-19 का पहला सेमीफाइनल मुकाबला हनुमान मंदिर हारचक्कियां व नूरपुर के बीच खेला गया। इसमें नूरपुर विजेता रही दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला हनुमान मंदिर पंजाब व कांगड़ा की टीम के बीच हुआ। इसमें हनुमान मंदिर पंजाब विजेता रहा। फाइनल मुकाबला नूरपुर व हनुमान मंदिर पंजाब के बीच खेला गया। इसमें हनुमान मंदिर पंजाब की टीम विजेता रही। वहीं, अंडर-14 की विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 5100 रुपए व उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 4100 रुपए दिए गए। वहीं, अंडर-19 की विजेता टीम को 7100 रुपए व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 6100 रुपए देकर सम्मानित किया गया। वहीं, सीनियर वर्ग की टीम को विजेता ट्रॉफी के साथ 11000 रुपए व उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 10000 रुपए देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व नकद इनाम देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पठानिया ने 15 लाख रुपए से खेल का मैदान बनाने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने अपनी तरफ से टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए 21000 रुपए देने की बात कहीं।

**कार्यक्रम में विधायक केवल पठानिया ने छात्रों को किया सम्मानित**

# अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू होने पर विशेषांक















# धर्मशाला में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के मायने

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र हर बार की तरह इस बार भी धर्मशाला के तपोवन में होगा। 19 से 23 दिसंबर तक चलने वाले पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र में इस बार भी मुद्दों की खूब तपिश देखने को मिलेगी। विपक्ष जहां सरकार को घेरने के लिए आक्रामक रहेगा। वहीं, सत्ता पक्ष उसे जवाब देने के लिए रक्षात्मक रुख कायम रखेगा। हिमाचल प्रदेश में कुल दो विधानसभा हैं। शिमला स्थित विधानसभा में जहां आम तौर पर बजट सत्र और मानसून सत्र होता है तो वहीं, धर्मशाला में शीतकालीन सत्र होता है। हिमाचल जैसे छोटे पहाड़ी राज्य में आखिर दो विधानसभा बनाने की जरूरत क्यों पड़ी? यह सवाल बार-बार उठता रहता है। हिमाचल में दो विधानसभा बनाने के पीछे की मंशा यह थी कि राजनीतिज्ञों ने हिमाचल को निचले और ऊपरी हिमाचल दो भागों में बांट दिया है। तर्क यह दिया जाता था चूंकि पहले शिमला में ही विधानसभा होती थी, तो ऐसे में निचले हिमाचल के लोग अपनी बात रखने या काम करवाने के लिए अधिक दूरी होने की वजह से शिमला तक नहीं पहुंच पाते थे। फिर तत्कालीन वीरभद्र सरकार के मन में धर्मशाला में भी अलग से विधानसभा बनाने का विचार आया। खैर, पूर्व सीएम स्व. वीरभद्र सिंह ने इसमें खास दिलचस्पी लेकर धर्मशाला में भी विधानसभा बनवा दी, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस विधानसभा का औचित्य वाकई सार्थक हो रहा है? धर्मशाला में शीतकालीन सत्र बहुत छोटा होता है, तो ऐसे में क्या जनहित के मुद्दे अंजाम तक पहुंचते भी हैं या फिर दबकर ही रह जाते हैं? क्या लोगों से मंत्री और विधायक मिलते भी हैं या फिर उनके दर्शन ही दुर्लभ हो जाते हैं। लोगों के मन में यह सवाल भी उठता है कि धर्मशाला में जब विधानसभा का सत्र आयोजित होता है, तो उसमें गंभीरता नहीं दिखती। विधायकों और मंत्रियों को सत्र के बहाने पहाड़ों पर सैर-सपाटा करते हुए देखा जाता है। लोग तब इस सत्र को पिकनिक मनाने की संज्ञा देना भी शुरू कर देते हैं। इस तरह के तमाम सवाल आमजन के जहन में उठते रहते हैं। शिमला से पूरी सरकार का धर्मशाला के तपोवन में आने और यहां से विधानसभा का सत्र आयोजित करवाने में करोड़ों रुपए खर्च हो जाते हैं। जनता के पैसे का दुरुपयोग न हो सरकार को इस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए। सरकार जनता के लिए होती है और उसे जनता के मुद्दों, उनकी तकलीफों से सरोकार होना चाहिए। वरना धर्मशाला में विधानसभा का सत्र आयोजित करवाने का मकसद पूरा नहीं हो पाएगा। उम्मीद है इस बार के धर्मशाला विधानभा सत्र में सब ठीक रहेगा और विधायक और मंत्री उनकी सुनेंगे भी और समस्याओं का समाधान भी करेंगे।

# टूटती संसदीय परंपराएं लोकतंत्र के लिए घातक

**चुने हुए प्रतिनिधियों का कर्तव्य बनता है कि वह अपनी जनता की जरूरतों के हिसाब से मापदंड तय करे न कि विशेष क्षेत्र या वर्ग को ध्यान में रखकर। आज माननीयों का संसद सत्र के दौरान अमर्यादित व्यवहार सर्वविदित है। क्या दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को चलाने के लिए किसी न्यूनतम योग्यता की जरूरत नहीं? देश के ज्वलंत मुद्दों को हल करने की बजाय राजनीतिक रूप दे दिया जाता है। क्या हमारा लोकतंत्र वोट बैंक की राजनीति की तरफ जा रहा है। आज हमारा देश विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बुलंदियां छू रहा है। प्राचीन काल से ही सोने की चिड़िया कहलाने वाला हमारा देश गुरुकुल व्यवस्था, योग साधना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है और आज विश्व गुरु के रूप में जाना जाने लगा है। तमाम सुविधाओं से युक्त माननीयों को यह समझना होगा कि इस देश में पूर्व में ऐसी भी कई राजनीतिक हस्तियां हुईं, जो बिना सुख-सुविधाओं के समर्पित भाव से राजनीति को देश सेवा का माध्यम मानते थे। आज क्यों राजनीति को तमाम सुख-सुविधाओं से युक्त बिना जवाबदेही की नौकरी के रूप में देखा जाने लगा है? आज जहां कर्मचारियों को पेंशन नहीं है, लेकिन माननीयों को पूर्ण सुविधा है।**



लेखक
हंस राज ठाकुर
प्रवक्ता भौतिक शास्त्र
बल्ह, जिला : मंडी

**भारत** विश्व में सबसे बड़ा सफल लोकतांत्रिक देश है और अब तो जनसंख्या के हिसाब से भी विश्व में नंबर वन बन गया है। इतिहास इस बात का गवाह है कि किसी भी देश के विकास में लोकतांत्रिक प्रणाली ही सबसे कारगर साबित हुई है। फिर चाहे राष्ट्रपति शासित तंत्र हो या तानाशाही तंत्र। अवाम की स्वतंत्रता व सुरक्षा लोकतांत्रिक प्रणाली का सबसे बड़ा तोहफा है। यही अवाम इस लोकतांत्रिक प्रणाली के अंतर्गत अपने प्रतिनिधि राज्य व देश के वैश्विक विकास के लिए चुनती है। चुने हुए यही सांसद अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक सरोकार और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं। एक अनुमान के अनुसार, संसद की कार्यवाही में प्रति घंटे करीब डेढ़ करोड़ खर्च होते हैं और वर्ष भर संसद में औसतन 80 दिन ही काम होता है। ऐसे में संसद के ये सत्र कभी हंगामे, कभी विपक्ष सत्र बहिष्कार तो कभी अविश्वास प्रस्ताव की भेंट चढ़ जाते हैं और अवाम की बेहतरी के लिए लाए जाने वाले बिल सहमति-असहमति के बीच अगले सत्र तक के लिए टाल दिए जाते हैं या सदन तक लाए ही नहीं जाते। क्या यह देश की जनता के पैसों का दुरुपयोग नहीं है? जो पैसा देश के निर्माण और विकास के लिए खर्च किया जाना चाहिए था। वह पैसा संसद की तू तू-मैं मैं में बर्बाद हो रहा है।

देश के विकास और निर्माण में सहयोग करने वाली अवाम को अरबों की चपत लग रही है। वर्ष भर चलने वाले बजट, मानसून, शीतकालीन और विशेष सत्रों में यही हाल रहता है। क्यों यह जनप्रतिनिधि नीतिगत व्यवस्था के विपरीत व्यक्तिगत व्यवस्था व पार्टीगत व्यवस्था में ज्यादा रुचिकर दिखते हैं। इनके आचरण का हमारे युवाओं पर क्या असर पड़ रहा होगा। देश की जनता सजग है और सब जानती है कि देश सेवा करने का जिम्मा निभाने के लिए जब यह माननीय वोट मांगने आते हैं, तो अलग दृष्टिकोण जनता के सामने रखते हैं और जब चुनकर चले जाते हैं, तो दृष्टिकोण बदल जाता है। ऐसे माननीयों की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए अन्यथा देश की जनता पर प्रति मिनट अढ़ाई लाख का जुर्माना पड़ता ही रहेगा। यही जवाबदेही स्थानीय व राज्य स्तर पर भी लागू होनी चाहिए। लोकतांत्रिक प्रणाली में जनता सर्वोपरि



होती है, लेकिन वोट देने तक ही। देश की जनता लोकतंत्र में हमेशा ही सर्वोपरि क्यों नहीं रह सकती? चुना हुआ प्रतिनिधि समस्त चुनाव क्षेत्र की जनता का होता है न किसी पार्टी विशेष का होता है। लोकतांत्रिक प्रणाली में यह व्यवस्था होनी चाहिए कि यदि जनता का चुना हुआ प्रतिनिधि किसी भी स्तर पर जनता की उम्मीदों के अनुरूप नहीं उतरता है, तो यही जनता अपने विरोध मत से उन्हें उनके वास्तविक स्थान पर वापस ले आए, लेकिन आज लगता है कि लोकतंत्र के मायनों में जनता का, जनता के लिए, जनता के द्वारा वाला दृष्टिकोण खत्म हुआ लगता है। चुने हुए प्रतिनिधियों का कर्तव्य बनता है कि वह अपनी जनता की जरूरतों के हिसाब से मापदंड तय करे न कि विशेष क्षेत्र या वर्ग को ध्यान में रखकर। आज माननीयों का संसद सत्र के दौरान अमर्यादित व्यवहार सर्वविदित है। क्या दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को चलाने के लिए किसी न्यूनतम योग्यता की जरूरत नहीं? देश के ज्वलंत मुद्दों को हल करने की बजाय राजनीतिक रूप दे दिया जाता है। क्या हमारा लोकतंत्र वोट बैंक की राजनीति की तरफ जा रहा है? आज हमारा देश विज्ञान व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बुलंदियां छू रहा है। प्राचीन काल से ही सोने की चिड़िया कहलाने वाला हमारा देश गुरुकुल व्यवस्था, योग साधना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है और आज विश्व गुरु के रूप में जाना जाने लगा है। तमाम सुविधाओं से युक्त माननीयों को यह समझना होगा कि इस देश में पूर्व में ऐसी भी कई राजनीतिक हस्तियां हुईं, जो बिना सुख-सुविधाओं के समर्पित भाव से राजनीति को देश सेवा का माध्यम मानते थे। आज क्यों राजनीति को तमाम सुख-सुविधाओं से युक्त बिना जवाबदेही की नौकरी के रूप में देखा जाने लगा है? आज जहां कर्मचारियों को पेंशन नहीं है, लेकिन माननीयों को पूर्ण सुविधा है। अन्न किसान उगाता है, लेकिन किसान को अपनी उपज का न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने का हक नहीं है। वेतनभोगी वेतन पर टैक्स अदायगी के बावजूद हर समान पर बार-बार टैक्स अदायगी करता है, ताकि यह पैसा देश के विकास पर लगे न की असफल सत्रों पर। आज देश में सरकारी विफलताओं के चलते निजीकरण की व्यवस्था क्यों पनप रही है ?

क्या यह लोकतांत्रिक व्यवस्था की विफलता का प्रतीक है या देश को किन्हीं अन्य हाथों में छोड़कर विकास की राह देखने का तरीका, जो भी हो यह लोकतंत्र के लिए घातक है। जब लोगों ने विकास के लिए सरकार चुनी है, तो देश विकास के सब कार्य सरकार को ही देखने चाहिए। क्या लोकतांत्रिक व्यवस्था धीरे-धीरे निजीकरण की व्यवस्था बनती जा रही है? क्यों यह लोकतांत्रिक सरकारें अपनी जिम्मेदारियों से जनता के प्रति विमुख होती जा रही हैं? जनता के हजारों ज्वलंत मुद्दों से लोकतांत्रिक सरकार को सरोकार रखना पड़ेगा और आवश्यक सुधार पर ध्यान देना होगा। आज निष्पक्षता से आगे बढ़ना ही एक सफल लोकतंत्र की पहचान है।

## बोलता है कैमरा...



**बैजनाथ।** राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने पत्नी सुशील नेगी के साथ शिव मंदिर बैजनाथ में पूजा-अर्चना की। सीपीएस किशोरी लाल ने स्मृति चिन्ह देकर राजस्व मंत्री को सम्मानित किया। इनके साथ एसटी सेल के उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू, एसडीएम बैजनाथ देवी चंद ठाकुर, मंदिर के ट्रस्टी मिलाप राणा, संजीव व्यास, रमेश चड्ढा, शलभ अवस्थी, अर्चित धीमान, सुमित सत्ती समेत गणमान्य लोग उपस्थित रहे। –जितेंद्र कौशल

## प्रेरक कथा



## अपना काम स्वयं करो

**एक** दिन एक युवक कोलकाता स्टेशन पर गाड़ी से उतरा और कुली-कुली पुकारने लगा। यद्यपि उसके पास इतना सामान था कि वह उसे स्वयं उठा सकता था। एक सज्जन उसके पास आए और बोले, कहां चलना है? वह युवक स्कूल में पढ़ने आया था तुरंत उसने स्कूल का नाम बताया। शीघ्र ही वह स्कूल पहुंच गए। जब वह सामान रखकर जाने लगे, तब उसने कुछ भाड़ा देना चाहा।

सज्जन ने कहा, अपना काम स्वयं करने की कोशिश करना, यही मेरा इनाम है। इतना कहकर वह सज्जन चले गए। अगले दिन जब वह स्टूडेंट कॉलेज पहुंचा, तब प्रार्थना स्थल पर उसने देखा कि उसका सामान ढोने वाले तो प्राचार्य हैं। प्रार्थना के बाद जब स्टूडेंट्स अपनी-अपनी कक्षाओं में चले गए, तब उसने प्राचार्य के चरणों में अपना सिर रखकर माफी मांगी। प्राचार्य पहले ही उसे क्षमा कर चुके थे। वह प्राचार्य और नहीं, बल्कि ईश्वर चंद्र विद्यासागर थे, जो कि किसी भी काम को छोटा नहीं समझते थे।

# मोबाइल की दुनिया में कैद बच्चों का भविष्य

**हर वर्ष** शिक्षा विभाग खेलों को अपने वार्षिक कैलेंडर में जगह देता है। स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स के लिए यह कैलेंडर तैयार किया जाता है। स्टूडेंट्स के चहुंमुखी विकास के लिए खेलें बहुत जरूरी हैं। सरकार और विभाग इस कार्य के लिए वचनबद्ध भी होते हैं। आजकल हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में खेलों का दौर चला हुआ है, जिसमें खंड व जिला स्तर के बाद राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए खिलाड़ियों का चयन होता है। किसी प्रतिभावान खिलाड़ी को वैश्विक मंच प्रदान करने की यह एक नींव है। खेलों के जरिए ही आज रुतबा और पैसा बरसता है। आज बहुत सी खेलें व्यक्तिगत और समूह में खेली जाती हैं। सरकर खेल बजट भी बनाती है, लेकिन क्या यह बजट काफी है किसी की प्रतिभा निखारने के लिए। शायद, बहुत कम।

बजट का छोड़िए, क्या हमारे पास खेलों में रुचि पैदा करने वाले अभिभावक, शिक्षक और समाज हैं, क्योंकि आज बच्चों को इंडोर खेलों से बाहरी खेलें जरूरी हैं, जो समूह में या व्यक्तिगत रूप में खेली जाती हैं। मोबाइल की आभासी दुनिया में व्यस्त आज के स्टूडेंट्स खेल के मैदान से अपना जी चुराना चाहते हैं। उन्हें न तो कबड्डी के शानदार खिलाड़ी अजय ठाकुर और न ही भारतीय महिला कबड्डी की कप्तान सिरमौर जिले के दुर्गम क्षेत्र शिलाई की रहने वाली रितु नेगी का पता है। भारतीय क्रिकेट महिला टीम की सुषमा वर्मा और रेणुका ठाकुर भी खेलों के माध्यम से आज अपनी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेर रही हैं।



लेखक
सिकंदर बंसल
रामपुर बुशहर

**आज बच्चों की खेलों में रुचि पैदा करने के लिए अभिभावकों को भी जागरूक होने की आवश्यकता है। जब तक अभिभावक अपने बच्चों को रुचि के अनुसार किसी खेल के प्रति प्रोत्साहित नहीं करेंगे, तब तक बच्चा मोबाइल की स्क्रीन को ही स्क्रॉल करता रहेगा। उसे खेल के मैदान में मिट्टी की महक का भी पता नहीं चलेगा।**



हिमाचल प्रदेश में प्रतिभाओं की भी कमी नहीं है। बहुत से प्रतिभावान खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम कमाया है। आज प्रतिभावान खिलाड़ी सेना, रेलवे, पुलिस और अन्य सरकारी सेवाओं में अपनी सेवा बड़े शौक और रुतबे के साथ कर रहे हैं। बहुत दुख होता है जब दुर्गम पहाड़ से निकला कोई खिलाड़ी अभाव के कारण आगे नहीं बढ़ पाता है। हिमाचल प्रदेश में बहुत कम स्पोर्ट्स हॉस्टल और खेल प्रशिक्षक हैं। पिछले कई वर्षों से न तो स्कूलों, कॉलेजों में शारीरिक शिक्षक के और न ही कोच के पद भरे गए हैं। किस तरह प्रतिभा गांव से शहर की तरफ आएगी। आज शारीरिक शिक्षा मात्र खेल के मैदान तक ही सीमित है। इस शिक्षा में न तो स्टूडेंट्स के लिए करियर गाइडलाइन्स दी जाती है और न ही काउंसिलिंग करवाई जाती है। न ही कोई स्टूडेंट्स इसमें अपना भविष्य बनाना चाहता है। खेल के क्षेत्र में हरियाणा राज्य का मुकाबला करने वाला देश में कोई और राज्य नहीं है। हर खेल में यहां के खिलाड़ी कमाल कर रहे हैं। इसकी वजह यहां की खेल नीति है। स्कूल स्तर से ही खिलाड़ियों को निखारा जाता है। उन्हें हर सुविधा दी जाती है और इनाम दिए जाते हैं।

खेल नर्सरी से स्टेडियम और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण अत्यधिक मात्रा में हुआ है। यही वजह है कि यहां खेलों को प्रोत्साहन मिलता है। आज बच्चों की खेलों में रुचि पैदा करने के लिए अभिभावकों को भी जागरूक होने की आवश्यकता है। जब तक अभिभावक अपने बच्चों को रुचि के अनुसार किसी खेल के प्रति प्रोत्साहित नहीं करेंगे, तब तक बच्चा मोबाइल की स्क्रीन को ही स्क्रॉल करता रहेगा। उसे खेल के मैदान में मिट्टी की महक का भी पता नहीं चलेगा। खेलकूद व्यक्ति को स्वस्थ और फिट रखने के साथ-साथ, उसके स्वरूप को और बेहतर बनाने और शीघ्र निर्णय लेने की दिशा में उनकी मदद करता हैं, इसलिए हर किसी को खेल के महत्व को समझना चाहिए। युवाओं को खेलों में भाग लेने के साथ-साथ इसे अपने करियर के रूप में चुनना चाहिए।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में डीपफेक एक बड़ी चुनौती



ब्लॉगर

लेखक: डॉ. सत्यवान सौरभ

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

डीपफेक ऐसे वीडियो या ऑडियो रिकॉर्डिंग हैं, जिन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग करके हेर-फेर किया जाता है, ताकि यह प्रतीत हो सके कि कोई कुछ ऐसा कह रहा है या कर रहा है, जो उन्होंने कभी नहीं किया। यह दूरगामी प्रभावों के साथ एक महत्वपूर्ण तकनीकी खतरे के रूप में उभरा है।

कहते हैं इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के इस युग में डाटा ही तेल सामान है, मतलब उसका महत्व बहुत ज्यादा है और बिना डाटा के कोई भी काम होना बहुत कठिन हो गया है। जैसे-जैसे डाटा का उपयोग बढ़ रहा है, उसके शोधन के तरीके भी बढ़ रहे हैं, वहीं ऐसी टेक्नोलॉजी भी आ गई हैं जो आपके डेटा का इस्तेमाल कर कई प्रकार के हैरतअंगेज कार्य कर सकती है। ऐसी ही टेक्नोलॉजी है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जिसने तकनीकी दुनिया को हमेशा के लिए बदल डाला है।

गूगल बार्ड जैसे टूल्स आश्चर्यजनक जानकारियों का खजाना बन गए हैं, जो रिसर्च, एजुकेशन, प्रोडक्टिविटी को अलग स्तर पर ले गए हैं, वहीं न्यूरल नेटवर्क, डीप लर्निंग, मशीन लर्निंग ने सेल्स, मार्केटिंग, सोशल मीडिया और एंटरटेनमेंट जैसे क्षेत्रों को बदल डाला है। डीपफेक की ओर से उत्पन्न चुनौतियां सबसे पहले विश्वास और प्रतिष्ठा का क्षरण करती है। डीपफेक का इस्तेमाल गलत सूचना फैलाने, प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और सामाजिक अशांति भड़काने के लिए किया जा सकता है। एक बार जब कोई डीपफेक वीडियो वायरल हो जाता है, तो नुकसान को रोकना मुश्किल हो सकता है, क्योंकि लोग वास्तविक और हेर-फेर की गई सामग्री के बीच अंतर करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। व्यक्तियों और समाज के लिए खतरा अब सिर पर आकर खड़ा हो गया है।

डीपफेक का इस्तेमाल साइबर बुलिंग, ब्लैकमेल और यहां तक कि चुनावों में हस्तक्षेप करने के लिए भी किया जा सकता है। इसके दुरुपयोग से लोगों और समाज को नुकसान पहुंचने की संभावना बहुत अधिक है। पता लगाने और जिम्मेदार ठहराने में कठिनाई पहले से ज्यादा बढ़ गई है। डीपफेक का परिष्कार लगातार विकसित हो रहा है, जिससे उनका पता लगाना और उनका पता लगाना कठिन होता जा रहा है। यह कानून प्रवर्तन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए एक चुनौती है। कानूनी और नैतिक विचार कमजोर पड़ते दिखाई दे रहें है। डीपफेक के उद्भव ने गोपनीयता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की सीमाओं के संबंध में जटिल कानूनी और नैतिक प्रश्न खड़े कर दिए हैं। डीपफेक का गलत इस्तेमाल हर क्षेत्र में होने लगा है, लोकतंत्र के लिए खतरा है डीपफेक।



## आपका पत्र

**सरकारी** स्कूल में शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाता है, जबकि प्राइवेट स्कूल में अंग्रेजी बोलने पर फोकस किया जाता है। प्राइवेट स्कूल में आपको जेंटलमैन बनना सिखाया जाता है, जबकि सरकारी स्कूल में आपको इंसान बनना सिखाया जाता है। प्राइवेट स्कूल के बच्चों को हिंदी में गिनती के अक्षर समझ नहीं आते, जैसे कि अगर आप उनको अपना मोबाइल नंबर हिंदी में बताते हो तो उनको समझ नहीं आता, जबकि सरकारी स्कूल के बच्चे हिंदी और अंग्रेजी दोनों में इनको समझ सकते हैं। अंग्रेजी की वजह से ही लोग प्राइवेट स्कूल में अपने बच्चे को दाखिल करना पसंद करते हैं, क्योंकि अंग्रेजी हमारे देश में एक स्टेटस सिंबल है। जो पहली से लेकर 12वीं तक अंग्रेजी स्कूल में पढ़े हैं, उनको भी अंग्रेजी कोई अच्छी समझ नहीं आती, वे लगभग सरकारी स्कूल के बच्चों की तरह ही हैं। प्राइवेट स्कूल में रट्टा मार प्रणाली पर ज्यादा ध्यान दिया जाता है, ताकि बच्चों के परीक्षा में अच्छे अंक आ सकें और स्कूल का नाम रोशन हो सके। सरकारी स्कूल में भी अध्यापक बच्चों की पढ़ाई में ज्यादा रुचि लेने लगे हैं, क्योंकि खराब रिजल्ट आने पर उनकी एनुअल इंक्रीमेंट तक डाउन कर दी जाती है। इसलिए अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में पढ़ाने से परहेज न करें।

–मोहित, पालमपुर

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## बधाइयां



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को शुभकामनाएं।

**-धर्म सिंह ठाकुर, वन्य प्राणी परिक्षेत्र भरमौर, सूचू व तुवांन (पांगी)**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई

**-दीक्षित, जूनियर इंजीनियर जल शक्ति विभाग चंबा**



नगरोटा बगवां से शुरू होने जा रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर बधाई।

**-मयंक सिंह चौहान, जिला प्रेजिडेंट, जिला परिषद कार्डर चंबा**



मुझे खुशी है कि हिमाचल से एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू हो रहा है।

**-महेश चंद ठाकुर, जिला पंचायत अधिकारी एवं सचिव जिला परिषद चंबा**



मुझे खुशी है कि नगरोटा बगवां से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू होने जा रहा है। अखबार के प्रकाशन पर मेरी ओर से अनेक शुभकामनाएं।

**नीरज नैयर, विधायक चंबा**



नगरोटा बगवां से शुरू हो रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर मेरी और मेरी टीम की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं।

**-प्रवीण मैहता, चेयरमैन हिप्र कराटे एसोसिएशन चंबा**



मुझे नाम से ही पता चल रहा है कि दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र ज्ञान का भंडार होगा। मेरी तरफ से अनंत ज्ञान की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

**-पवन ठाकुर, सचिव कराटे एसोसिएशन चंबा**



मुझे खुशी है कि हिमाचल से एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू हो रहा है। मेरी ओर से अनंत ज्ञान परिवार को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं।

**-ई. रजिंद्र ठाकुर, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति मंडल चंबा**



मेरी तरफ से अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

-ई. राजेश मोंगरा, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति वृत चंबा



मेरी तरफ से अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।

**-ई. संजीव अत्री सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी कोटी जिला चंबा**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं।

**-मनुज शर्मा, संस्थापक नॉट ऑन मैप संस्था व एचदू चमीणू**



जानकर प्रसन्नता हो रही है कि अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन हिमाचल से हो रहा है। समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।

**-विजय भवानी अध्यक्ष, विजय सोलर**



हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन की जानकारी से अभिभूत हूं। अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।

**-विशाल ठाकुर उपाध्यक्ष एचजीटी चंबा**



समाचार पत्र अनंत ज्ञान समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएगा। अनंत ज्ञान परिवार को अनेक शुभकामनाएं।

**-अनूप शर्मा ब्रांच हेड जेएस गरोवर ओटोमेटिव चंबा**



नगरोटा बगवां से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू होने जा रहा है। अखबार के प्रकाशन पर मेरी ओर से अनेक शुभकामनाएं।

**-करतार सिंह ठाकुर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चंबा**



नगरोटा बगवां से शुरू हो रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर मेरी और मेरी टीम की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं

**-मोहसिन खान, कनिष्ठ अभियंता, जल शक्ति विभाग मंडल चंबा**

### वीरभद्र सिंह ने हिमाचल वासियों को दिया था शीतकालीन विधानसभा और शीतकालीन राजधानी का तोहफा

# नामुमकिन को मुमकिन कर गए पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह

**एमएम डैनियल, चंबा**

शीतकालीन विधानसभा व शीतकालीन राजधानी का निचले हिमाचल वासियों के सपनों को कोई पूर्ण कर गया तो एक ही था, जिसे अपने जीवनकाल में युग पुरुष का दर्जा प्राप्त हुआ। हम किसी ओर की नहीं, बल्कि प्रदेश में छह बार मुख्यमंत्री रह चुके स्व. राजा वीरभद्र सिंह की बात कर रहे हैं, जिनकी दूरगामी सोच परिणाम स्वरूप वर्तमान समय में तपोवन में विधानसभा स्थापित हो पाई, जिसके सत्ता व विपक्ष को शीत ऋतु में राजधानी शिमला सत्र दौरान बर्फबारी से राहत मिली, वहीं इस निर्णय से खूबसूरत पर्यटन स्थल धर्मशाला की और भी अहमियत बढ़ गई।



गौर हो कि ब्रिटिश शासनकाल में तत्कालीन भारत के गवर्नर जनरल लॉर्ड एल्गिन 1852 में धर्मशाला आए थे। धर्मशाला का प्राकृतिक सौंदर्य देख वह इतने मोहित हुए कि उन्होंने इस स्थल को ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने की बात सोची। इसके चलते उन्होंने लंदन में ब्रिटिश सरकार से पत्राचार के माध्यम से प्रस्ताव भेजा। इस प्रस्ताव के मिलने के पश्चात एक ब्रिटिश अधिकारी प्रतिनिधिमंडल ने शिमला और धर्मशाला दोनों स्थलों का भ्रमण किया, जिसमें धर्मशाला की तुलना में ब्रिटिश अधिकारियों ने शिमला को ही राजधानी बनाने का अंतिम निर्णय लेते हुए गवर्नर जनरल लॉर्ड एल्गिन के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया। इसके बाद सालों साल तक धर्मशाला का हिमाचल प्रदेश की दूसरी राजधानी बनने का सपना मात्र सपना बनकर रह गया।

ब्रिटिश शासन के बाद सत्ता में विराजमान हुए राज्य सरकार के समक्ष पूर्व में देखें गए धर्मशाला को दूसरी राजधानी बनाने की बात दबी जुबान में कई बार उठती रही। राज्य सरकार में सत्ता में विराजमान कई दिग्गज नेता इस बात पर चुटकी तो लेते रहे, लेकिन राजधानी बनाने की मांग को अमलीजामा पहनाने में कोई भी कामयाब नहीं हो सका। चाहे वह कांग्रेस पार्टी की बात हो या भाजपा की।

### 1994 में शुरू हुई थी शीतकालीन प्रवास की परंपरा

**ब्रिटिश** काल से चली आ रही मांग व निचले हिमाचल के लोगों की ओर से उठ रही धर्मशाला को शीतकालीन राजधानी बनाने की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने वर्ष 1994 में शीतकालीन प्रवास की परंपरा शुरू की, जबकि वर्ष 2005 दिसंबर माह में पहली बार प्रदेश की राजधानी शिमला से बाहर विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आयोजन किया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने 25 दिसंबर 2006 को तपोवन में विधानसभा भवन की नींव का पत्थर रखा था। धर्मशाला में विधानसभा के शीतकालीन सत्रों का आयोजन किया जा चुका है, जो अपने आप में एक मील का पत्थर है। इसके बाद विधानसभा भवन भी बनाया गया और कांग्रेस सरकार ने शीतकालीन सत्र की परंपरा शुरू की। धर्मशाला को अघोषित राजधानी कहा जाने लगे।

### धर्मशाला को राजधानी बनाने के लिए भी पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने उठाए थे कदम

**पूर्व** मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह ने धर्मशाला को दूसरी राजधानी बनाने को लेकर भी कदम उठाया था। प्रदेश का जिला कांगड़ा सबसे बड़ा जिला भी है, इसको देखते हुए उन्होंने जिला मुख्यालय धर्मशाला को प्रदेश की दूसरी राजधानी का दर्जा भी दिया था। जिला कांगड़ के लिए उनकी यह देन रही। धर्मशाला को दूसरी राजधानी का दर्जा दिए जाने के बाद उनके द्वारा धर्मशाला में मिनी सचिवालय की भी स्थापना करवाई गई।

### सत्र के दौरान धर्मशाला में ही रहे सरकार



फाइल फोटो

**तत्कालीन** मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह ने शीतकालीन राजधानी धर्मशाला बनने के साथ ही कैबिनेट मंत्रियों व विधायकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सत्र अवधि के दौरान सरकार धर्मशाला में रहेगी। सत्र के संग-संग जनहित में लोगों की समस्याएं और उनके समाधान भी इस दौरान किए जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह द्वारा स्थापित तपोवन विस से लेकर सरकार के धर्मशाला में रहने का नियम एवं परंपरा आज भी कायम है, जिसे सत्तारूढ़ से लेकर विपक्ष पूरी निष्ठा से निर्वाह कर रहे हैं।

# 33 होनहारों को बांटे टैबलेट

## भरमौर स्कूल में पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने बच्चों को किया सम्मानित

**ओपी शर्मा, भरमौर**

सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरमौर में श्रीनिवास रामानुजन मेधावी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत विधानसभा भरमौर क्षेत्र के 33 छात्र एवं छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं पूर्व मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी विशेष रूप से उपस्थित रहे और बच्चों को टैबलेट बांटे।

इस दौरान शिवानी मैहला स्कूल, अंशुल आदर्श आधुनिक स्कूल गरोला, काजल ब्रेही स्कूल, निहारिका डीएवी भरमौर, पूजा देवी भरमौर स्कूल, मोनिका ठाकुर गुराड स्कूल, दीक्षा कुमारी गुंआ स्कूल, साक्षी आदर्श आधुनिक पब्लिक स्कूल गरोला, शगुन देवी चन्होता स्कूल, पीयूष शर्मा चन्होता स्कूल, यामिनी सरस्वती चूड़ी स्कूल, अजय कुमार गुंआ स्कूल, साहिल बकानी स्कूल, रक्षा कुमारी गुंआ स्कूल, हिमानी ठाकुर बकानी स्कूल, कुमारी शबनम भरमौर स्कूल और शिवानी ठाकुर बकानी स्कूल, दिनेश कुमार होली स्कूल, चंद्रेश लिहल स्कूल, विशाल कुमार बकानी स्कूल, रिया सामरा स्कूल, कोमल लड्डा स्कूल, अंजली देवी मैहला स्कूल, रोहित सिंह राणा बकानी स्कूल, रिया भरमौर स्कूल, विशाल टंडन खनी स्कूल, रीना कुमारी पूर्थी स्कूल, सुनीता कुमारी पुर्थी स्कूल, त्रिपता कुमारी पूर्थी स्कूल, शिवानी पूर्थी स्कूल, विपुल कुमार पांगी स्कूल, करण कुमार होली स्कूल व अलीश ठाकुर मैहला स्कूल को सम्मानित किया गया।



भरमौर स्कूल में बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि ठाकुर सिंह भरमौरी। इस दौरान उन्होंने बच्चों का हौसला बढ़ाया।

इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरमौर के विद्यार्थियों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी गई व प्रधानाचार्य अरुणा चाढ़क ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व बैज लगाकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के विभिन्न अध्यापकों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

इस मौके पर स्कूलों में अलग कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनी भी लगाई गईं, जिसका मुख्यातिथि ने अवलोकन किया। (अनंत ज्ञान)

### शिविर लगाकर लोगों को करें जागरूक

**चंबा।** उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में सोमवार को अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 व नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय कक्ष में किया गया। उपायुक्त ने अधिनियम के प्रति जनसाधारण में जानकारी और जागरूकता को लेकर को विशेष शिविर आयोजित करने को निर्देशित किया। उन्होंने इन जागरूकता शिविरों को निरंतरता के साथ आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष प्राथमिकता रखी जाए। अपूर्व देवगन ने बताया कि जिले में विभिन्न थाना क्षेत्र में जुलाई 2023 से अब तक अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिनियम के तहत दो नए मामले पंजीकृत किए गए हैं, जिनकी जांच प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि जिले में गत और जारी वित्त वर्ष में अब तक अधिनियम के अंतर्गत पांच पीड़ितों को 11 लाख 25 हजार रुपए की राहत राशि प्रदान की जा चुकी है।

# जनरल हाउस के बहाने पूर्व वन मंत्री भरमौरी ने दिखाई ताकत

**ओपी शर्मा, भरमौर**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भरमौर द्वारा सोमवार को बुलाए गए जनरल हाउस में अपने ही कार्यकर्ताओं ने अपने ही नेताओं पर जमकर निशाना साधा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का जनरल हाउस बुलाकर पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने एक बार फिर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को दिखाया है। बैठक के दौरान यहां पर मौजूद कुछ नेताओं का कार्यकर्ताओं ने अपने ही नेताओं पर गुटबाजी व भाजपा को ज्यादा तरजीह देने के आरोप लगाए हैं।

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बुलाए गए जनरल हाउस में पार्टी की एकता व गुटबाजी को लेकर जमकर भड़ास निकाली गई। यही नहीं, बैठक में यहां तक ऐलान हो गया है कि भरमौर में ठाकुर सिंह भरमौरी को कमान नहीं मिली तो आने वाले लोकसभा के चुनाव में कार्यकर्ता कुछ अलग भी कर सकते हैं। दूसरे गुट को तरजीह देने के सवाल पर ठाकुर सिंह भरमौरी ने कहा है कि अभी तक ठाकुर सिंह भरमौरी ही कांग्रेस का कैंडिडेट हैं और आने वाले समय में अमित भरमौरी ही कांग्रेस की कमान संभालेंगे।

पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी को पार्टी में दरकिनार करने के सवाल पर कार्यकर्ताओं ने यहां से गाड़ियों व बसों को भरकर धर्मशाला शिमला व दिल्ली तक जाने का ऐलान कर दिया है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मीटिंग में ठाकुर सिंह भरमौरी को भरमौर में पूरी तरह से कमान देने की पैरवी भी की गई है। ऐसा नहीं होने पर जल्द ही कार्यकर्ताओं द्वारा धरना व प्रदर्शन भी किया जाएगा। यही नहीं, अगर जल्द इस पर फैसला नहीं हुआ आने वाले समय में इस बैठक में लोकसभा चुनावों के दौरान दूसरे गुट से लोकसभा चुनाव जिताने के लिए कहा जाएगा।

### जल्द भरमौर का दौरा करेंगी प्रतिभा सिंह

**इस** मौके पर भरमौर पांगी विधानसभा प्रभारी रमेश राव ने कहा कि आने वाले समय में सांसद व प्रदेश अध्यक्ष जल्द भरमौर का दौरा करेंगी और कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलेंगी। उन्होंने यहां चल रही गुटबाजी को भी स्वीकारा और कहा कि इस तरह की गुटबाजी व स्थितियों की पूरी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष पार्टी हाइकमान व मुख्यमंत्री को सौंपी जाएगी। ग्राम पंचायत छतराड़ी में खुलने वाले को-आपरेटिव बैंक की शाखा को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यहां पर खुलने वाली शाखा के लिए भाजपा के कट्टर समर्थन के मकान को किराए पर लिया जा रहा है, जो कि सरासर गलत है। बैठक में कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी की कार्यप्रणाली को लेकर भी खूब चर्चा हुई। बैठक में भरमौर में होने वाली पीएसी मीटिंग को लेकर जनजातीय मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा भाजपा के समर्थकों को तरजीह देने का आरोप लगाया है।

### खज्जियार में लोगों को दी पर्यटन की जानकारी

**चंबा।** जिला चंबा के लोगों को जिम्मेदार पर्यटन पर जागरूक करने के उद्देश्य से मिनी स्विट्जरलैंड के नाम से विश्व विख्यात पर्यटन नगरी खज्जियार के साथ पुखरी व मिस्टिक विलेज में कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भारत संस्टेनेबिलिटी संकल्प अभियान के तहत नॉट ऑन मैप संस्था व एसोसिएशन फार द कंजरवेशन एंड टूरिज्म(एक्ट) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुई। एक्ट की ओर से विशाल गुरंग व नीलिमा तमांग ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। इस दौरान को जिम्मेदार पर्यटन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशाल गुरंग व नीलिमा तमांग ने कहा कि जिला चंबा की खूबसूरत वादियां व यहां की सांस्कृतिक विरासत स्वत: ही पर्यटकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती हैं। जिम्मेदार पर्यटन की दिशा में सभी मिलकर कार्य करेंगे, तभी इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। इस दौरान जिम्मेदार पर्यटन के बारे में लोगों को जागरूक किया गया, ताकि इस दिशा में आगे बढ़ सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### भरमौर में शीत लहर, जमनें लगे पानी के स्रोत

**भरमौर।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर में एकाएक शीत लहर बढ़ जाने के चलते सड़कों व पानी के स्रोतों का पानी एकाएक जाम होना शुरू हो गया है। पानी जाम हो जाने के कारण सड़कों पर दो पहिया वाहनों का चलना भी जोखिम भरा हो गया है। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बारिश व बर्फबारी न होने के कारण सूखी ठंड बढ़ गई है। इसके चलते सड़कों में चलने वाला पानी जमना शुरू हो गया है, जिसके चलते सड़कों पर वाहन चलाना भी जोखिम भरा हो गया है। हालांकि भरमौर प्रशासन द्वारा इस तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयारी कर ली गई है। गौरतलब है हर वर्ष सर्दियों के सीजन में जनजातीय क्षेत्र भरमौर में एकाएक ठंड बढ़ जाने के कारण कई जगह प्राकृतिक स्रोत पूरी तरह से सूख जाते हैं, जिसके कारण क्षेत्र में पीने के पानी का संकट पैदा हो जाता है।



भरमौर में शीत लहर से जमने लगे पानी के स्रोत।

### संयुक्त सचिव ने चुनौतियों की ली जानकारी

**चंबा।** संयुक्त सचिव भारत सरकार असीम राजा महाजन (भारतीय विदेश सेवा) की अध्यक्षता में सोमवार को जिला में विकासात्मक आवश्यकताओं तथा विभिन्न विभागीय चुनौतियों को लेकर उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। असीम राजा महाजन ने तत्परता के साथ सभी अधिकारियों को कार्य व्यवस्था को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने आईटी तथा पर्यटन एवं प्रसिद्ध स्थानीय उत्पादों की प्रसंस्करण इकाइयां को पायलट परियोजनाओं के आधार पर शुरू करने को कहा। उपायुक्त ने बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित विभिन्न मानक बिंदुओं के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रदान की। इस दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों ने आवश्यकताओं तथा विभिन्न विभागीय चुनौतियों से अवगत करवाया। बैठक में सहायक आयुक्त मनीष चौधरी, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण दिवाकर पठानिया, उपनिदेशक कृषि कुलदीप धीमान, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस राकेश कुमार, प्रबंधक अग्रणी बैंक डीसी चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी स्वास्थ्य डॉ. हरित पुरी, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति हरित पुरी, ओएसडी शिक्षा उमाकांत आनंद उपस्थित रहे।

### किसानों पर आर्थिक बोझ डाल रही केंद्र सरकार

**डलहौजी।** केंद्र में भाजपा की सरकार ने सत्ता में आने से पहले किसानों को आमदनी को डेढ़ गुना बढ़ाने का एक जुमला दिया था, जिस पर किसानों ने विश्वास करते हुए बीजेपी को सत्ता दी थी, लेकिन भाजपा ने कुर्सी पर बैठते ही अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। सबसे पहले किसानों को मिलने वाली सब्सिडी का बजट कम कर दिया। उसके बाद किसान विरोधी व को-आपरेटिव समर्थित काले कृषि कानून लाए, जिसका किसानों के संगठनों ने जमकर विरोध किया, जिसे बाद में वापस लेना पड़ा। अब किसान पर आर्थिक बोझ डालने का काम फिर से नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है। किसानों के लिए उपलब्ध बीज, दवाई, खाद, उपकरण, पहले से ही इतने महंगे हैं कि किसान की पहुंच मुश्किल थी। इन सभी में पर्याप्त सब्सिडी किसानों को मिलती थी, लेकिन उसे भी खत्म कर दिया है। हिमाचल किसान सभा ने कहा कि अब केंद्र सरकार ने नए साल में किसानों और बागबानों को खत्म करने का फरमान सुनाया है। सरकार ने खाद के दामों में वृद्धि कर दी है, जो कि किसानों के लिए बड़ा झटका है। हिमाचल किसान सभा इकाई चंबा इसका पुरजोर विरोध करती है और आने वाले समय में सरकार को किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

**आयोजन** चंबा गर्ल्स स्कूल में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बच्चों को दिए टिप्स

# सफलता के लिए कठिन परिश्रम जरूरी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला प्रशासन चंबा ने सोमवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा में भविष्य सेतु एक पहल सुनहरे भविष्य की व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं करियर परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि उनकी धर्म पत्नी श्वेता देवगन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।

शिविर में उपायुक्त अपूर्व देवगन ने विद्यार्थियों को सिविल सेवाओं की परीक्षा से सबंधित महत्वपूर्ण टिप्स दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को आईएएस, आईपीएस, आईआरएस, आईएफएस सहित अन्य विकल्पों के बारे में बताने के साथ-साथ परीक्षा को उत्तीर्ण करने के बारे में भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित भी किया। उपायुक्त ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कोई भी शॉर्टकट नहीं है। कठिन परिश्रम से ही सफलता प्राप्त होगी। समय पर लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें हासिल करने में जुट जाएं। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के प्रश्न का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत किया। विशिष्ट अतिथि श्वेता देवगन ने विद्यार्थियों को कानूनी क्षेत्र में भविष्य बनाने की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को कानूनी शिक्षा हासिल करने के उपरांत नौकरी के विकल्पों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को विभिन्न वक्ताओं द्वारा करियर के विकल्पों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न विभागीय एवं ऋण योजनाओं से भी अवगत करवाया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने विद्यार्थियों को श्रम एवं रोजगार विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

यंग प्रोफेशनल तनु कुमारी ने विद्यार्थियों को टीचिंग क्षेत्र में करियर और हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के जिला समन्वयक दीपक शर्मा ने कौशल विकास निगम की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इससे पहले डॉ. कुलदीप और डॉ. ईशा ने स्वास्थ्य क्षेत्र, डॉ. शिवानी राणा ने कृषि क्षेत्र, डॉ. अमिता अबरोल ने उद्यान क्षेत्र और दिनेश कुमार ने सेना में भविष्य बनाने की विस्तृत जानकारी साझा की।

एसडीएम चंबा डीसी चौहान और बैंक प्रबंधक शमा मिर्जा ने विद्यार्थियों को बैंक से संबंधित विभिन्न ऋण योजनाओं से अवगत करवाया। आईटीआई के प्रधानाचार्य विपिन शर्मा और उद्योग विभाग से राजेश ने भी विद्यार्थियों को विभिन्न विभागीय योजनाएं बताई। शिविर के दौरान मेजबान स्कूल के प्रधानाचार्य विकास महाजन ने उपायुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। स्कूली विद्यार्थियों ने भी हस्त निर्मित चित्रों से उपायुक्त अपूर्व देवगन को सम्मानित किया।

# हाई मास्ट लाइट की रोशनी में कुल्लू के खिलाड़ी लगा रहे चौके-छक्के

## खिलाड़ियों को डे-नाइट मैच खेलने का मिल रहा अनुभव

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला कुल्लू के खेल मैदान में स्थित हाई मास्ट लाइट की चकाचौंध के बीच स्थानीय खिलाड़ी भी क्रिकेट प्रतियोगिता में चौके-छक्के लगाने का आनंद ले रहे हैं। गत 15 दिसंबर से शुरू हुए डे-नाइट मैच क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल्लू जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए स्थानीय खिलाड़ी अपनी अपनी टीमों के साथ बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।


डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

न्यू ईयर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट कुल्लू की तरफ से रात और दिन की क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई जा रही है। यह क्रिकेट प्रतियोगिता स्थानीय खिलाड़ियों के लिए नया अनुभव है। इसलिए इस प्रतियोगिता में कुछ नए नियमों को लागू किया गया है। इस प्रतियोगिता में गुलाबी सिंथेटिक गेंद का इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि खिलाड़ियों को रात के समय गेंद अच्छे से नजर आए। इसके साथ ही इस प्रतियोगिता में दोनों ही टीमों से आठ-आठ ओवर का मैच करवाया जाएगा और इसके साथ ही दोनों ही टीमों की तरफ से नौ-नौ खिलाड़ी ही मैच खेलेंगे। इसके अलावा बाउंड्री लाइन को भी थोड़ा छोटा रखा गया है और सभी खिलाड़ियों को सफेद यूनिफॉर्म में खेलना अनिवार्य है और सभी खिलाड़ियों को आयोजकर्ताओं की तरफ से स्लीवलैस विपस पहनाया जा रहा है ताकि खिलाड़ी एक दूसरे की पोजिशन आसानी से देख सकें। डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ-साथ 31 हजार रुपए की धनराशि इनाम स्वरूप दी जाएगी और उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 21 हजार रुपए की धनराशि भेंट की जाएगी और मेन ऑफ द सीरीज को 2100 रुपए की धनराशि भेंट की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# स्पीति में अधिकारी और कर्मचारी बनेंगे गर्भवती महिलाओं का सहारा

## स्पीति प्रशासन ने शुरू की नई पहल, लाइफ सेविंग बैंक के तहत महिलाओं को दी जाएगी सुविधा

**कमलेश वर्मा, काजा**

जनजातीय क्षेत्र स्पीति की गर्भवती महिलाओं के लिए स्पीति प्रशासन नई पहल शुरू करने जा रहा है जिसका नाम लाइफ सेविंग बैंक रखा गया है। 26 जनवरी को विधिवत रूप से इस लाइफ सेविंग बैंक की लांचिंग की जाएगी। शुरुआती चरण में इस योजना से सिर्फ गर्भवती महिलाएं ही लाभान्वित होंगी, लेकिन जैसे-जैसे बैंक मजबूत होता जाएगा उसके बाद जानलेवा बीमारी कैंसर, हार्ट अटैक से ग्रसित गंभीर मरीजों की मदद की जाएगी।

लाइफ सेविंग बैंक के संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। इसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त काजा जिला लाहौल-स्पीति होंगे। साथ ही काजा के सभी सरकारी कार्यालयों के विभागाध्यक्ष सदस्य सचिव होंगे। इस बैंक के हर सदस्य को निर्धारित शुल्क देना अनिवार्य किया गया है। यदि कोई सदस्य अधिक शुल्क देना चाहता है तो शुल्क दे सकता है। लाइफ सेविंग बैंक एक सखी के तौर पर महिलाओं की मदद करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगा। लाइफ सेविंग बैंक का कार्य स्पीति की गरीब गर्भवती महिलाओं की हरसंभव सहायता करना है। गर्भवती महिलाएं शिमला, कुल्लू और नेरचौक में प्रसव के लिए जाती हैं, लेकिन आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण वहां रहने और खाने पीने का खर्च उठाने में असमर्थ होते हैं। ऐसे में इस तरह के लोगों की सहायता करना उक्त बैंक का लक्ष्य है।

राहुल जैन अतिरिक्त उपायुक्त लाहौल-स्पीति ने बताया कि लाइफ सेंविग बैंक एक अलग तरह की पहल है जो कि प्रथम चरण में उन गर्भवती महिलाओं का सहयोगी बनेगा जो कि आर्थिक रूप से कमजोर है। इसमें बीपीएल परिवार सहित गरीब महिलाएं शामिल है। उम्मीद है स्पीति के कई लोग इस पहल में अपना सहयोग सुनिश्चित करेंगे। जैसे ही बैंक के राजस्व में इजाफा होगा। बैंक गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों की मदद भी करेगा। (अनंत ज्ञान)

### बैंक के लिए तय की गई शुल्क दरें

इस लाइफ सेविंग बैंक को पूर्ण सहयोग से स्पीति में तैनात अधिकारी और कर्मचारी ही चलाएंगे। इस बैंक के लिए विभिन्न श्रेणियों के लिए अलग-अलग दरें तय की गई हैं। क्लास वन श्रेणी से 100 रुपए प्रति माह, क्लास टू से 50 रुपए प्रति माह, क्लास थ्री से 30 रुपए प्रति माह और क्लास फोर से 20 रुपए प्रति माह शुल्क रखा गया है। हर महीने की दस तारीख को विभागाध्यक्ष शुल्क अपने अपने विभाग में एकत्रित करेंगे। इसके बाद 15 तारीख को एडीसी कार्यालय काजा में जमा करवाएंगे। जो भी फंड एकत्रित होगा वो हर विभाग के सूचनापट्ट पर प्रदर्शित किया जाएगा। उक्त सारे फंड को एक अलग खाते में जमा करवाया जाएगा। हर विभाग अपना एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त कर सकते हैं जोकि इस बारे में पत्रचार संभाले। आवेदन कर्ता को कम से कम 30 दिन पहले अपना आवेदन बीएमओ कार्यालय में जमा करवाना होगा। गंभीर मरीज आने परिस्थिति में बीएमओ की अध्यक्षता में दो सदस्यीय चिकित्सकों की कमेटी मदद करने के बारे में फैसला लेगी। इसके बाद में बाद केस लाइफ सेंविग बैंक कमेटी के पास जाएगा।

## बधाइयां



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं। दैनिक अनंत ज्ञान मील का पत्थर साबित होगा।

**-आशुतोष गर्ग, डीसी, कुल्लू।**



जानकर प्रसन्नता हो रही है कि अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन हिमाचल से हो रहा है। समस्त अनंत ज्ञान परिवार को बधाई।

**-राहुल कुमार, डीसी लाहौल-स्पीति।**



हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन की जानकारी से अभिभूत हूं। अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।

**-साक्षी वर्मा, पुलिस अधीक्षक, कुल्लू।**



समाचार पत्र अनंत ज्ञान समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएगा। अनंत ज्ञान परिवार को अनेक शुभकामनाएं।

**-मयंक चौधरी, पुलिस अधीक्षक, लाहौल-स्पीति।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन की जानकारी से खुश हूं। अनंत ज्ञान परिवार को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**-अश्वनी कुमार, एडीएम कुल्लू।**



उम्मीद है कि दैनिक अनंत ज्ञान जनता को सूचनाएं प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। अनंत ज्ञान को हार्दिक बधाई।

**-राहुल जैन, एडीएम, लाहौल।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं। आशा है कि यह समाचार पत्र जन समस्याओं को प्रभावी ढंग से सरकार व प्रशासन के समक्ष उठाएगा।

**-भुवनेश्वर गौड़, विधायक मनाली।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम संस्करण के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उम्मीद है कि जल्द ही यह अग्रणी समाचार पत्रों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा और जनता की आवाज भी बनेगा।

**-सुरेंद्र शौरी, विधायक बंजार।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई। दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान जनता की समस्याएं हल करने में मील का पत्थर साबित होगा।

**-लोकेंद्र नेगी, विधायक, आनी।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम संस्करण के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आशा है कि जल्दी ही समाचार पत्र अग्रणी समाचार पत्रों में सम्मिलित होगा।

**-रवि ठाकुर, विधायक लाहौल -स्पीति।**

# शांघड स्कूल के होनहार नवाजे

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि ने बांटे इनाम

**प्रेम सागर चौधरी, सैंज**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शांघड में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्यातिथि बंजार कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तेजा सिंह ठाकुर रहे। समारोह में प्राथमिक पाठशाला की छात्राओं की नाटी ने खूब धूम मचाई। इसके अलावा कोयला व सहेलियों की पहाड़ी नाटी, दीक्षा व सहेलियों का समूहगान भी सराहनीय रहा। वंशिका व सहेलियों ने मइया यशोदा गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। मीनाक्षी व सहेलियों का समूह गान, शालू व सहेलियों की पहाड़ी नाटी और यमुना व सहेलियों का तेरा लहंगा गीत पर डांस सराहनीय रहा। पहाड़ी नाटक गौरव व साथियों ने प्रस्तुत किया। पहाड़ी नाटी प्राथमिक स्कूल शांघड की छात्राओं ने पेश किया और समूह नृत्य शिवांगी व सहोलियों ने प्रस्तुत किया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रताप नेगी ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और स्कूल की वर्ष भर की उपलब्धियां बताई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के साथ जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष डोला महंत, जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष रोहिणी चौधरी, प्रेम ठाकुर, जीवन बिष्ट, जीत राम ठाकुर, बुध राम, रूपेश शर्मा, हेम राज शर्मा, लारजी पंचायत प्रधान गुड्डू राम, शांघड की प्रधान गुड्डी देवी, बीडीसी सदस्य तारा सिंह राणा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। स्कूल में बतौर मुख्य अतिथि आए बंजार कांग्रेस के अध्यक्ष तेजा ठाकुर ने स्कूल के विकास के लिए 35 हजार रुपए तो दिए ही साथ ही आध्यपकों की कमी से जूझ रहे इस स्कूल में दो अध्यापकों को चार माह का वेतन देने की घोषणा भी की। तेजा ठाकुर की इस पहल को लेकर उनकी खासी प्रशंसा हो रही है। (अनंत ज्ञान)


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शांघड में वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि के साथ स्कूल के होनहार।

## बागवानों को बर्फ का इंतजार

**मनाली।** पर्यटन कारोबारियों सहित बागवानों को बर्फ का इंतजार है। इस बार दिसंबर बीतने को है लेकिन पर्यटन नगरी मनाली अभी बर्फ के फाहों से सराबोर नहीं हुई है। हिमपात न होने से उझी घाटी के पर्यटन कारोबारी मायूस हैं साथ ही बागवान भी हिमपात की उम्मीद लगाए बैठे हैं। मनाली की ऐतिहासिक स्की ढलान सोलंगनाला हिमपात के इंतजार में है। स्कीइंग के लिए विख्यात इस ढलान को लेकर जहां सैलानी मायूस हैं तो वहीं इस कारोबार से जुड़े सैकड़ों लोगों पर भी आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। स्कीइंग के प्रेमी आसमान की ओर टकटकी लगाए बर्फबारी की दुआ कर रहे हैं। भले ही इन दिनों पर्यटन नगरी मनाली में सैलानियों की अच्छी-खासी भीड़ जुटने लगी है लेकिन स्कीइंग जैसी बर्फ की खेलों का आनंद लेने उन्हें लाहौल जाना पड़ रहा है। हालांकि अटल टनल की बदौलत पर्यटक शीत मरुस्थल लाहौल घाटी में दस्तक दे रहे हैं लेकिन हिमपात न होने से कारोबारी निराश हैं।

# केलांग में जल्द बनाया जाएगा न्यायिक परिसर

**विधायक रवि बोले- साढ़े चार बीघा भूमि को किया चिन्हित**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कानून संबंधी अदालती मामलों के लिए अब लाहौल के लोगों को कुल्लू का रुख नहीं करना पड़ेगा क्योंकि अब केलांग में ही न्यायिक परिसर बनने जा रहा है।

सोमवार को कुल्लू मुख्यालय के ढालपुर में स्थित अटल सदन भवन में लाहौल-स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने लाहौल-स्पीति एडवोकेट यूनियन के सदस्यों से भेंट कर न्यायिक परिसर के बारे में विस्तार से चर्चा की और इस दौरान लाहौल-स्पीति के वकीलों की मांगों पर भी गौर किया। विधायक रवि ठाकुर ने बताया कि बहुत लंबे समय से बार एसोसिएशन लाहौल-स्पीति द्वारा लाहौल में न्यायिक परिसर बनाने की मांग की थी जिसे अब मान लिया गया है। मैं इस कि घोषणा कर रहा हूं कि यह कार्य जल्द पूरा होने जा रहा है। न्यायिक परिसर को अब विधायक की प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द बनाने की कोशिश रहेगी ओर केलांग में न्यायिक परिसर बनाने के लिए करीब साढ़े चार बीघा की भूमि का चयन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस न्यायिक परिसर के बनने के बाद स्थानीय लोगों को जो की अदालती मामलों के संबंध में दूरगामी गांवों से कुल्लू के लिए जाते थे उन्हें अब अदालती मामले निपटाने के लिए केलांग में ही सुविधा प्राप्त हो जाएगी।

बार एसोसिएशन लाहौल-स्पीति के एडवोकेट यूनियन के साथ इस संबंध में विस्तार से चर्चा की है। चर्चा के बाद निर्णय लिया गया है कि लाहौल के केलांग में न्यायिक परिसर बनाए जाने की जरूरत है जिसके लिए लाहौल-स्पीति बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश से भी इस बारे में विस्तार से चर्चा की गई थी।

# शेर सिंह और भूपेंद्र ठाकुर बने जिला महामंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू किसान मोर्चा ने कार्यकारिणी का विस्तार किया है और कार्यकर्ताओं को मोर्चा में नियुक्तियां दी हैं। जिला कुल्लू किसान मोर्चा के अध्यक्ष दुनी चंद ने बताया कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से चर्चा करने के बाद विभिन्न भाजपा कार्यकर्ताओं को किसान मोर्चा में नियुक्तियां दी गई हैं और ये सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू भी की गई हैं।

जिला कुल्लू भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष दुनी चंद ने बताया कि जिला कुल्लू किसान मोर्चा में उपाध्यक्ष के पद पर भाग चंद मनाली, कृष्ण ठाकुर बंजार, कर्म चंद कुल्लू, शेर सिंह आनी, राकेश वर्मा आनी, शिव चंद मनाली को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जिला महामंत्री के लिए शेर सिंह नेगी बंजार, भूपेंद्र सिंह ठाकुर कुल्लू को नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर उगम राम ठाकुर आनी, सुरेश ठाकुर मनाली, धर्म सिंह बंजार, डाबे राम कुल्लू, रमेश कुमार कुल्लू, खेमराज आनी को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष के लिए अजीत सिंह पठानिया, कुल्लू कार्यालय सचिव सुरजीत कुमार मनाली, कार्यालय सह सचिव ओम प्रकाश कुल्लू, प्रवक्ता रमेश बंजार, सह प्रवक्ता तिलक राज शर्मा आनी, परमार सिंह आनी, जगदीश धामी बंजार को नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी गगन साहसी आनी, सह प्रभारी जितेंद्र कुमार मनाली, सोशल मीडिया प्रभारी पूर्ण चंद मनाली विवेक शर्मा आनी सहप्रभारी तथा आईटी प्रभारी प्रदीप चौहान आनी को बनाया गया है। इसके अलावा मंडल स्तर पर भी किसान मोर्चा ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया है जिसमें रिमन ठाकुर मनाली मंडल के अध्यक्ष, प्रवीण राणा कुल्लू मंडल के अध्यक्ष, यज्ञ चंद बंजार मंडल के अध्यक्ष तथा मोहन सिंह आनी मंडल के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए गए हैं।

## प्रदेश पावर निगम ने मनाया स्थापना दिवस

**सैंज।** प्रदेश पावर निगम ने जहां राज्य भर में सोमवार को 17वां स्थापना दिवस मनाया। वहीं उसी की तर्ज पर सौ मेगावाट के सैंज हाइड्रो प्रोजेक्ट में भी स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सैंज प्रोजेक्ट के प्रमुख इं. इंद्र शर्मा ने स्थापना दिवस के मौके पर परियोजना कार्यालय शाढ़ाबाई में राष्ट्रीय झंडे का ध्वजारोहण कर प्रोजेक्ट में काम कर रहे तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। परियोजना के उपमहाप्रबंधक इंद्र शर्मा ने सैंज प्रोजेक्ट के निर्माण कार्यों, इतिहास, उपलब्धियों व विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रदेश पावर निगम की स्थापना 18 दिसंबर 2006 को हुई और पिछले 17 साल के कार्यकाल में प्रदेश पावर निगम ने ऊर्जा क्षेत्र में कई आयाम स्थापित किए। जबकि सैंज हाइड्रो प्रोजेक्ट में वर्ष 2017 से ऊर्जा उत्पादन करना शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि सौ मेगावाट के इस प्रोजेक्ट ने मात्र छह साल के कार्यकाल में ही बेमिसाल उपलब्धि हासिल की है।

# 10 दिन के भीतर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो होगी भूख हड़ताल

## लापता जगमोहन की पत्नी बोली- पुलिस जल्द मामले को सुलझाकर करे न्याय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

खराहल घाटी से लापता जगमोहन मामले को जल्द नहीं सुलझाया तो राजपूत महासंघ पीड़ित परिवार के साथ भूख हड़ताल पर बैठेगा। सोमवार को करीब डेढ़ महीने से लापता हुए जगमोहन की पत्नी शकुंतला देवी और उनके परिजनों ने पत्रकार वार्ता में पुलिस जांच पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि अब तक की हुई जांच से वे कतई संतुष्ट नहीं है और न ही पुलिस से वैसा सहयोग मिल रहा है जैसे कि उम्मीद थी।

शकुंतला देवी और उनके पुत्र अभिषेक ने बताया कि करीब डेढ़ महीना गुजर चुका हैं और अब तक पुलिस ने इन मामले में कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं की है। शकुंतला देवी के अनुसार अगर उनके पति दोषी हैं तो उक्त महिला भी उतनी ही दोषी है और उक्त महिला के बुलावे पर ही उनके पति गए थे और उसके बाद अब तक उनके बारे में कुछ भी पता नहीं चल पाया है। शकुंतला देवी ने बताया कि उन्हें पूरा शक है कि उनके पति के गायब होने के पीछे उक्त महिला या उनके परिजनों का हाथ है।

शकुंतला देवी के अनुसार उनके पति जगमोहन के लापता होने के मामले को जल्द से जल्द सुलझा कर न्याय करे क्योंकि डेढ़ महीने से हमें पता ही नहीं चल पा रहा है कि वो जिंदा हैं या फिर मर चुके हैं। इस कारण सभी परिजन परेशान है, अन्यथा मजबूरन हमें भूख हड़ताल पर बैठना पड़ेगा।

राजपूत महासभा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र राजपूत के अनुसार राजपूत महासभा लापता जगमोहन के परिवार के साथ हैं। पुलिस प्रशासन से इस मामले को निष्पक्ष तरीके से जांच करने की मांग करते हैं। यदि 10 दिन के भीतर मामला नहीं सुलझा तो फिर पीड़ित परिवार के साथ हम सभी भूख हड़ताल पर बैठेंगे।



पत्रकारों को संबोधित करते लापता जगमोहन के परिजन।

## पर्यटन नगरी में फिल्म 'मनाली' की शूटिंग

**मनाली।** आजकल पर्यटन नगरी मनाली में शूटिंग यूनिट ने दस्तक दे दी है। मनाली में 'मनाली' फिल्म की शूटिंग चल रही है। आज तक इस शीर्षक से बनने वाली यह पहली हिंदी फिल्म है। इस में हीरो की भूमिका में शमशेर व हीरोइन के रूप में रीवा देसाई काम कर रही है। हीरो शमशेर की यह तीसरी हिंदी फिल्म है, जब कि हीरोइन रीवा देसाई कि यह पहली डेब्यू मूवी है। इस फिल्म के निर्देशक शकील हैं। नील रुधीव प्रोडक्शन के बैनर तले इस फिल्म के निर्माता हेमा कुमार रेड्डी हैं। फिल्म की शूटिंग मनाली के आस पास के क्षेत्रों में लगभग एक माह तक चलेगी। फिल्म के निर्देशक शकील का कहना है कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित होगी।

## रखरखाव के चलते आज बंद रहेगी बिजली

**कुल्लू।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल कुल्लू ने बताया कि 11/0.415 केवी सब-स्टेशन हॉस्पिटल गेट व 630 केवी सब-स्टेशन कैटल ग्राउंड की एलटी लाइनों की मरम्मत व रखरखाव के चलते 19 दिसंबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक पावर कट रहेगा। इस दौरान कुल्लू कॉलेज गेट, हनोगी कैंटीन, भानु हॉस्पिटल, सिटी हॉस्पिटल, प्रेस क्लब भवन, लंका बेकर, साबा कॉम्प्लेक्स, डिंपू टायर आसपास के सभी इलाकों में सुबह के 10 बजे से लेकर शाम के पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग ने समस्त जनता से सहयोग की अपील की है।

## डीएवी में एनएसएस शिविर शुरू

**मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में एनएसएस शिविर का शुभारंभ किया गया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत हवन, दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई और उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। 12वीं कक्षा के एनएसएस स्वयंसेवी अब 24 दिसंबर तक इस शिविर में भाग लेंगे। मुख्य अतिथि डीएसपी केडी शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे से दूरी बनाएं और विभिन्न गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें ताकि वे देश के जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने देश को मजबूत और अत्यधिक विकसित बना सकें। प्रधानाचार्य आरएस राणा ने इस सात दिवसीय शिविर को सभी एनएसएस स्वयंसेवियों के लिए एक अद्भुत मंच बनाने के लिए सभी शिक्षकों और छात्रों को प्रोत्साहित किया और उन्हें शिविर के सभी प्रयासों में पूरी शामिल होने के लिए शुभकामनाएं दीं।

**बैठक** जिला परिषद हॉल कुल्लू में हुई जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक

# जिप सदस्यों ने उठाई मांगें, शीघ्र समाधान मांगा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला परिषद कुल्लू की त्रैमासिक बैठक का आयोजन सोमवार को जिला परिषद हॉल कुल्लू में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने की। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान विभिन्न जिला पार्षदों द्वारा उठाए गए प्रश्नों तथा समस्याओं पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार ने कहा कि जिला परिषद की बैठक अपने आप में एक बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि जिला परिषद त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण अंग है जो लोकतंत्र में जनता की समस्याओं को हल करने का एक बहुत अच्छा जरिया है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित बनाने को कहा ताकि सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों से संबंधित पूरी जानकारी उन्हें प्राप्त हो सके, साथ ही पूर्ण समन्वय के साथ बैठक की सार्थकता सुनिश्चित हो सके।

जिला परिषद सदस्य रेखा गुलेरिया के प्रश्न का जवाब देते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि भुंतर-मणिकर्ण रोड को डबललेन करने संबंधी 78.15 करोड़ रुपए की डीपीआर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजी गई है, जिसकी स्वीकृति अभी तक नहीं मिली है। सदस्य विभा सिंह ने जीएनएचपी विभाग द्वारा सैंज रोपा तथा शाई रोपा में विकासात्मक गतिविधियों तथा योजना एवं उर्दू के पुराने रिकॉर्ड की प्रक्रिया तथा शुल्क के बारे में जानकारी ली।

बैठक में उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, सदस्य पूर्ण चंद्र ठाकुर, मान सिंह, जीवन ठाकुर, गुलाब सिंह, आशा ठाकुर, रुक्मिणी देवी, दीपिका द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विभागीय अधिकारियों से जानकारी हासिल की गई। बैठक की कार्रवाई का संचालन जिला पंचायत अधिकारी ने किया। बैठक में जिला परिषद सदस्यों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।


जिला परिषद कुल्लू की त्रैमासिक बैठक के दौरान मौजूद एडीएम कुल्लू, जिला परिषद अध्यक्ष व अन्य सदस्य।

## बधाइयां



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हिमाचल की समस्त जनता को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान शीघ्र ही जनता के दिलों में राज करेगा।

**-दीपराज, विधायक, करसोग**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम संस्करण के प्रकाशित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं। आज का दिन इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। लोकतंत्र में मीडिया की अहम भूमिका है।

**-दिलीप ठाकुर, विधायक, सरकाघाट ।**



दैनिक समाचार पत्र के रूप में अनंत ज्ञान का प्रकाशन लोकतंत्र में नया अध्याय लिखेगा। इस अवसर पर सभी प्रदेशवासियों व अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं।

**-पूर्ण चंद, विधायक, द्रंग।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं। यह समाचार पत्र प्रदेश की जन समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाएगा।

**-राकेश जम्वाल, विधायक, सुंदरनगर।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के परिवार को बधाई देता हूं। मुझे विश्वास है कि अभिव्यक्ति का माध्यम बनने पर राजभाषा हिंदी केवल कार्यालय तक सीमित नहीं रहेगी।

**-विनोद कुमार, विधायक, नाचन।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान सब वर्गों की आवाज बन कर सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करेगा। जिला मंडी सहित पूरे प्रदेश में अपनी एक अलग छवि बनाएगा।

**-इंद्र सिंह गांधी, विधायक, बल्ह।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम संस्करण के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई। उम्मीद है कि जल्द ही यह अग्रणी समाचार पत्रों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। जनता की आवाज बन कर और सांस्कृतिक विरासत को संजोने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**-प्रकाश राणा, विधायक जोगिंद्रनगर।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम संस्करण के प्रकाशित होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उम्मीद करता हूं कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को आम जनमानस तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा।

**-चंद्रशेखर, विधायक, धर्मपुर।**



मुझे यह जानकर अत्यंत खुशी हुई है कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का प्रथम अंक मंगलवार को प्रकाशित हो रहा है। इस अवसर पर मैं हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मुझे विश्वास है कि यह प्रकाशन मंडी जिला के साथ पूरे प्रदेश में नए आयाम स्थापित करेगा।

**-अरिंदम चौधरी, उपायुक्त, मंडी।**



मुझे पूर्ण विश्वास है कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान की यह पहल सत्य और विवेक पर आधारित होगी। सत्य के मार्ग पर चलकर सामाजिक उत्थान और नशे के खिलाफ शुद्ध क्रांति का सूत्रपात करेगा। आशा है कि सांस्कृतिक विरासत और संस्कारों पर भी काम किया जाएगा।

**-सौम्य सांबशिवन, एसपी, मंडी।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम संस्करण के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे पूरी उम्मीद और आशा है कि जल्दी ही समाचार पत्र अग्रणी समाचार पत्रों की श्रेणी में सम्मिलित होगा। भविष्य के लिए अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई।

**-अनिल शर्मा, विधायक, मंडी।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम संस्करण के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उम्मीद है कि जल्द ही यह अग्रणी समाचार पत्रों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा और जनता की आवाज भी बनेगा।

**-कुलदीप, संस्थापक, मांडव्य कला मंच मंडी ।**

# पांच माह बाद भी नहीं भरे आपदा के जख्म

## नगर परिषद सरकाघाट के टटीह वार्ड में कई सड़कें बंद, कुएं और बावड़ियां टूटी हुईं

**अनंत ज्ञान,सरकाघाट**

पांच माह पूर्व हुई त्रासदी से समूचे क्षेत्र में सैकड़ों घर ध्वस्त और क्षतिग्रस्त होने से बहुत से परिवार बेघर हो चुके हैं। हालांकि पीड़ित लोगों को सरकार द्वारा गृह निर्माण के लिए सहायता राशि प्रदान की जा रही है, लेकिन अभी जिन घरों के इर्द-गिर्द से भारी लैंड स्लाइडिंग हुई है और रास्ते सड़कें व कुएं बावड़ियां टूट चुके हैं। इन कार्यों को अभी तक सरकार ने छूआ भी नहीं है, जिसकी वजह से हालात अभी भी सामान्य नहीं हो पा रहे हैं।

यदि नगर परिषद सरकाघाट के वार्ड नंबर एक टटीह की बात करें, तो इस वार्ड में बरसात में पूरे शहर में से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था। अधिकतर लोग आज भी किराये के मकानों में रहने को मजबूर हैं और कुछ लोग अपने क्षतिग्रस्त घरों में डर-डर कर रहने को विवश हैं। सड़क और रास्ते टूटने के कारण अपने गांव से बाहर आना-जाना मुश्किल हो जाता है। एंबुलेंस, गैस की गाड़ी तो आ ही नहीं सकती और मरीजों को पीठ पर उठाकर और खाने-पीने और अन्य जरूरत का सामान सिर पर उठा कर लाना पड़ता है। यही नहीं अगर कोई आपदा हो जाए या यहां तक पहुंचना हो तो टटीह और भगवान जाने के लिए बाया पपलोग आठ किलोमीटर का फेर डालने को मजबूर होना पड़ता है। लोगों की सबसे बड़ी समस्या है पीने के पानी की नलों में कभी पानी आता है कभी नहीं आता है।



नगर परिषद सरकाघाट के टटीह वार्ड में आपदा के दौरान टूटे हुए डंगें, जो अभी तक नहीं बनाए गए हैं।

गांव के कुएं और बावड़ियां लैंड स्लाइडिंग की वजह से बंद हो चुकी हैं हैंडपंप भी नहीं है ऐसी स्थिति में पानी की समस्या सबसे ज्यादा रहती है। टटीह गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जब त्रासदी हुई थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, बड़े बड़े अधिकारी यहां का दौरा करके कई वादे करके गए, लेकिन धरातल पर अभी भी टटीह वार्ड के लोगों के हाल वही है और नेताओं के दौरे महज दौरे ही रह गए।

लोगों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि सड़क ,रास्तों और बावड़ियों को खुलवाया जाए, जहां डंगे लगने है वहां डंगे लगाए जाएं, ताकि पांच माह से काले पानी की सजा भुगत रहे टटीह वार्ड के लोगो को राहत मिल सके।

## हैप्पी बर्थडे



सुंदरनगर धनेश्वरी के ओमांश को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## ज्ञापन सौंपा

**पधर।** प्राथमिक शिक्षक संघ द्रंग द्वितीय के सभी प्राथमिक शिक्षकों ने शुक्रवार को खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से शिक्षा सचिव हिमाचल प्रदेश को प्राइमरी क्लस्टर सिस्टम को यथावत रखने की मांग के बारे में ज्ञापन दिया। खंड के सभी अध्यापकों ने ज्ञापन के माध्यम से शिक्षा सचिव से मांग की है कि प्राथमिक पाठशालाओं में पहले से चली आ रही क्लस्टर व्यवस्था से कोई छेड़छाड़ न की जाए और इसे यथावत रखकर और मजबूत किया जाए।

# डिग्री से पहले ही बी-वॉक के विद्यार्थियों को मिली जॉब

## अमेरिका के हयात होटल एंड रिजॉर्ट्स ने दी नौकरी



ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सरकाघाट कॉलेज के प्रधानाचार्य के साथ।

**अनंत ज्ञान,सरकाघाट**

राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में बी-वॉक हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म विभाग के आठ छात्र-छात्राओं को हयात होटल एंड रिजॉर्ट्स ने नौकरी के ऑफर लेटर प्रदान किए। चयनित छात्र पंजाब के लुधियाना में नौकरी के लिए जाएंगे। हयात होटल एंड रिजॉर्ट्स एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी है जो आने वाले समय में भारत में 11 नए होटल खोलने जा रही है।

हयात का भारत में पहला होटल दिल्ली में 1982 में खुला था। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आर आर कौंडल ने छात्रों के बेहतर भविष्य की कामना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। डॉ. कौंडल ने कहा कि महाविद्यालय अपने विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान कर रहा है और उसी को देखते हुए मल्टीनेशनल कंपनियां महाविद्यालय में आ रही हैं। जिन विद्यार्थियों को ऑफर लेटर्स मिले उनमें दीपक, आशीष, आदित्य, ट्विंकल, साक्षी, निखिल, तमन्ना तथा पल्लवी शामिल है।

## लाभांश बढ़ाना होगा उद्देश्य

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के निदेशक मंडल के चुनाव होने जा रहे हैं। इस बार जिला मंडी को दो जोन में बांटा गया है, जिससे दो निदेशक चुन कर जाने हैं। यह दो जोन है मंडी-एक और सरकाघाट जोन-दो है। आगामी 22 दिसंबर को दोनों जोन की वोटिंग होनी है। मंडी जोन-एक से चुनाव मैदान में बलवंत सिंह ठाकुर हैं जो वर्तमान में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक समिति के निदेशक व द सरकाघाट तहसील सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ समिति के अध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया व सोशल मीडिया के सदस्य हैं। अनुभव के कारण और बैंक निदेशक व अन्य सहकारी सभाओं में काम करने के कारण सहकार मतदाताओं का समर्थन भी प्राप्त है। उन्होंने कहा कि निदेशक बनने के बाद उनका पहला काम सदस्यों का लाभांश बढ़ाना होगा, बैंक में सस्ता लोन उपलब्ध कराना बैंक के कर्मचारियों के कोटे की रुकी पड़ी भर्ती को शुरू करवाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### संतोष वायु सेना में बने फ्लाइंग ऑफिसर



भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बने संतोष कुमार माता-पिता के साथ।

**मंडी।** हैदराबाद डंडीगल वायु सेना अकादमी में 212 ऑफिसर्स कोर्स की संयुक्त स्नातक परेड की समीक्षा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्नातक प्रशिक्षुओं को राष्ट्रपति कमीशन प्रदान किया। इस अवसर पर संतोष कुमार के कंधों पर पिता ऑनरेरी कै. प्रकाश चंद ठाकुर व माता विमला ठाकुर ने फ्लाइंग ऑफिसर के रैंक लगाए। संतोष कुमार ने वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी से बीएससी में ग्रेजुएशन की है। बता दें कि मंडी के हवानी गांव बलद्वाड़ा से संबंध रखने वाले संतोष कुमार के पिता प्रकाश चंद ठाकुर सेना से आनरेरी कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। माता विमला देवी गृहिणी है व दादा भी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त है।

### केके वर्मा बने स्वतंत्रता सेनानी संघ के अध्यक्ष



स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी कल्याण संघ सरकाघाट की कार्यकारिणी।

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी कल्याण संघ मंडी के अध्यक्ष जगदीश गुलेरिया, महासचिव डॉ. अतुल ठाकुर और सुंदरनगर मंडल अध्यक्ष ढुनी चंद शर्मा की अध्यक्षता में सरकाघाट में स्वतंत्रता सेनानी परिवारों का मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बलद्वाड़ा, सरकाघाट, धर्मपुर, टीहरा, संधोल तहसीलों के लगभग 40 स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान और उत्तराधिकारियों के कल्याण के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही सरकाघाट मंडल का गठन करते हुए केके वर्मा अधिवक्ता को मंडल का अध्यक्ष, कृष्ण चंद चौहान कोषाध्यक्ष और धर्म सिंह को सचिव का दायित्व सौंपा गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष केके वर्मा ने कहा कि भविष्य में इस मंडल के लगभग 150 स्वतंत्रता सेनानियों के सभी उत्तराधिकारी परिवारों से संपर्क कर अभियान को तेज किया जाएगा।

## शराब की 48 बोतलें बरामद

**सरकाघाट।** अवैध शराब और मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल माफिया की धरपकड़ को लेकर सरकाघाट पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान को रविवार रात को फिर सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम द्वारा एएसआई देश राज और अनिल कुमार की अगुआई में सीर खड्ड डली के पास लगाए गए नाके के दौरान एक प्राइवेट सफेद रंग की अल्टो कार एचपी 28 बी 2238 से अंग्रेजी शराब की चार पेटियां जिनमें 24 बोतलें रॉयल स्टैग और 24 बोतलें मैकडॉल की बरामद की गई। कार मालिक द्वारा अंग्रेजी शराब का कोई भी परमिट न दिखाए जाने पर पुलिस ने आरोपी संजीव कुमार पुत्र राम जी दास गांव दारपा तहसील सरकाघाट को एचपी एक्साइज एक्ट के तहत गाड़ी सहित हिरासत में ले लिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। डीएसपी सरकाघाट संजीव कुमार गौतम ने मामले की पुष्टि की है।

# डॉ. चिरंजीत परमार को श्रद्धांजलि दी

## घंटाघर मंडी में आयोजित कार्यक्रम में पहुंची कई संस्थाएं



डॉ. चिरंजीत परमार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

दुनिया भर में जंगली खाद्य फलों को प्रचारित प्रसारित करने व इन्हें ग्रामीण आर्थिकी के साथ जोड़ने वाले उद्यान विज्ञानी डॉ. चिरंजीत परमार का 15 दिसंबर को मंडी में निधन हो गया था, उनको श्रद्धांजलि देने के लिए मंडी के विजय स्कूल ओल्ड एसोसिएशन द्वारा घंटाघर मंडी में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में शहर की सभी संस्थाओं के प्रतिनिधि पहुंचे। अनिल शर्मा प्रधान ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन मंडी, विनोद बहल संयोजक मेरे अपने ने बताया कि किस तरह से स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए दिवंगत डॉ. परमार के आह्वान पर मंडी पीडिया डॉट कॉम वेबसाइट का जन्म हुआ।

इस अवसर पर नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट, उपमहापौर माधुरी कपूर, निर्मल वर्मा व हरदीप सिंह राजा के साथ नगर की 20 विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ओम प्रकाश कपूर, हितेंद्र शर्मा, शमशेर सिंह मिन्हास, अनिल शर्मा, विनोद बहल, उमेश कुमार, हरीश कुमार, अशोक अवस्थी, ओम प्रकाश कपूर, गजेंद्र बहल, दिनेश मल्होत्रा, रणपत सिंह राणा, नरेंद्र कौशल, तारा चंद पटयाल, हरमीत बिट्टू, नीरज हांडा, नरेंद्र सैनी, दिनेश गुप्ता राज किशन, उत्तम चंद सैनी, हितेंद्र शर्मा, नवीन बहल, बीरबल शर्मा, अजय सहगल, उमेश शर्मा जोगिंद्र कपूर, जोगेंद्र व सेवानिवृत्त तहसीलदार इंद्र सिंह ठाकुर ने भी अपने श्रद्धासुमन दिवंगत आत्मा को अर्पित किए।

## जेएनवी पंडोह में कार्यशाला आयोजित

**मंडी।** पीएमश्री स्कूल की पाठ्य सहगामी गतिविधियों के तहत जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में शिक्षा में कला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में मांडव्य कला मंच मंडी के संस्थापक एवं संस्कृति कर्मी कुलदीप गुलेरिया स्कूली बच्चों को हिमाचली लोक नृत्यों के साथ लोक संस्कृति की विभिन्न विधाओं की जानकारी दे रहे हैं। बच्चों को संबोधित करते हुए कुलदीप गुलेरिया ने कहा कि आज सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलें और इस प्रकार की गतिविधियां भी बेहद जरूरी हो गई हैं। आज संगीत एक इंडस्ट्री बन चुकी है जिसमें अच्छा करियर बनाने की पूरी संभावना है। आज टीवी पर इतने ज्यादा रिएलिटी शो चल रहे हैं इसमें प्रदेश के कई प्रतिभावान प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एसडी शर्मा ने कार्यशाला के संदर्भ में विस्तृत जानकारी मुहैया करवाई।

# गोल्डविन स्कूल डैहर ने मनाया सालाना समारोह



गोल्डविन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल डैहर में सालाना समारोह के दौरान छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

गोल्डविन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल डैहर में रविवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने शिरकत की। मुख्यातिथि का सालाना समारोह में पधारने पर भव्य स्वागत किया गया। वार्षिक समारोह में स्कूल के छात्र -छात्राओं ने हिमाचली, पंजाबी, पहाड़ी और बॉलीवुड गानों पर एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियां दी । गोल्डविन स्कूल के प्रधानाचार्य पवना सोनी, चेयरमैन राज सोनी ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि ने अपने कर कमलों से सालभर विभिन्न क्षेत्रों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। मुख्यातिथि ने स्वेच्छा से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए स्कूल प्रबंधन को 11 हजार रुपए की राशि भेंट की।

**जीत** राज्य स्तरीय पैरा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में झटका खिताब

# गोहर के उमेश ने जीता गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, गोहर**

जिला मंडी के दिव्यांग खिलाड़ियों ने आठवीं राज्य स्तरीय पैरा स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में इस बार बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करके जिला मंडी के लिए मेडलों की झड़ी लगा दी। दिव्यांग खेल चैंपियनशिप इंडोर स्टेडियम रोहड़ू में संपन्न हुई।

मंडी जिला पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की तरफ से आठवीं राज्य स्तरीय पैरा स्पोर्ट्स एथलीट चैंपियनशिप में जिला मंडी के 20 दिव्यांग खिलाड़ियों द्वारा भाग लिया गया। इसमें गोहर ब्लॉक के मौवीसेरी गांव से उमेश कुमार ने भी भाग लिया और 100 मीटर और 400 मीटर रेस में जिला मंडी के लिए गोल्ड मेडल हासिल किया। उमेश कुमार के साथ जिन खिलाड़ियों ने पदक जीते उनके नाम इस प्रकार से है। भानु और भामा देवी ने 100 मीटर रेस में गोल्ड मेडल, संतोष कुमार ने 100 मीटर रेस में सिल्वर मेडल, बैडमिंटन में गोल्ड मेडल, बरलाजो शॉट पुट में सिल्वर मेडल, जैवलिन में गोल्ड मेडल, इसके साथ चिराग ने 100 मीटर रेस में गोल्ड, मनोहर लाल ने 100 मीटर और 400 मीटर रेस में गोल्ड मेडल हासिल किया।

इन खिलाड़ियों में भामा देवी ने फर्स्ट पैरा खेलो इंडिया से 100 मीटर और 400 मीटर रेस में गोल्ड मेडल हासिल किया। मंडी जिला पैरास्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव सोहन सिंह ने इन खिलाड़ियों को पदक लाने व जिला मंडी का नाम रोशन करने पर बधाई दी है।




आठवीं राज्य स्तरीय पैरा स्पोर्ट्स एथलीट चैंपियनशिप में मेडल जीतने वाले खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

# मंडी में 20 दिसंबर से शुरू होगी अग्निवीर भर्ती रैली

**भर्ती निदेशक बोले रैली की सभी तैयारियां पूरी**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भर्ती निदेशक सेना भर्ती कार्यालय मंडी ने बताया कि मंडी के पड्डल मैदान में 20 से लेकर 26 दिसंबर तक आयोजित की जा रही अग्निवीर सेना भर्ती रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि 2310 अभ्यर्थियों को जिन्होंने सीईई एग्जाम पास किया वह रैली में फिजिकल टेस्ट के लिए भाग लेंगे।

भर्ती निदेशक ने बताया कि भर्ती कार्यालय मंडी के अंतर्गत आने वाले तीन जिलों मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के अभ्यर्थियों को अलग-अलग दिनों मे भर्ती रैली में भाग लेने के लिए बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि 20 दिसंबर को कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों की सभी तहसीलों के 315 अभ्यर्थी भाग लेंगे। 21 को मंडी जिला की तहसील औट, बागाचुनौगी, बालीचौकी, बलद्वाड़ा, बल्ह, बदरोटा, चचयोट, छतरी, डैहर, डलवान और धर्मपुर के 543 अभ्यर्थी भाग लेंगे। 22 को मंडी जिला की तहसील जोगिंद्रनगर, करसोग, कटौला, कोटली, लड़भड़ोल, मकरेरी और मंडप के 504 अभ्यर्थी भाग लेंगे। 23 को निहरी, पधर, पांगणा, रिवालसर, संधोल, सरकाघाट, सुंदरनगर, थाची, थुनाग, टिहरा और टिक्कन तहसीलों के 553 अभ्यर्थी भाग लेंगे। 24 दिसंबर को मंडी सदर तहसील के 186 अभ्यर्थी भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त 24 को ही अग्निवीर क्लर्क 182, टेक्निकल 82 और टेडमैन 25 भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को रैली संबंधी जारी अधिसूचना के मुताबिक सभी अपेक्षित दस्तावेज मूल दस्तावेजों सहित सुबह छह बजे भर्ती ग्राउंड पड्डल मंडी में रिपोर्ट करनी होगी।

# दो परिवारों के बीच चले दराट व लोहे की रॉड

**थाना बंगाणा के तहत पड़ते वेही गांव में हुआ विवाद | चार लोग हुए घायल | पुलिस ने किया क्रॉस मामला दर्ज**

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**थाना** बंगाणा के तहत पड़ते वेही गांव में विवाद को लेकर दो परिवारों में जमकर मारपीट हो हुई। इस दौरान दोनों परिवारों की तरफ से लोहे की राड व दराट से हमला किया गया। मारपीट की घटना में चार लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस संबंध में दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रास मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। बंगाणा पुलिस थाने के तहत पड़ते वेही गांव में खेत में लकड़ियां रखने को लेकर दो परिवारों में विवाद हो गया।

विवाद में दोनों पक्षों की तरफ से लोहे की राड व दराट से हमला किया गया। जानकारी के अनुसार वेही गांव के मंजीत सिंह रविवार को अपने पिता धर्म सिंह के साथ खेत से वापस आ रहा था, तभी इसने देखा कि निशा देवी पत्नी नरेंद्र कुमार और उसके बेटे हर्ष ने इनके खेत में लकड़ियां फेंक दी। जब वह अपने पिता के साथ उन लकड़ियों को हटाने लगे तो आरोपितों हर्ष व निशा देवी ने इनका रास्ता रोककर इनके साथ मारपीट शुरू कर दी। हर्ष ने लोहे की राड तथा इसकी माता निशा देवी ने दराट लेकर हमला कर दिया। हर्ष ने धर्म सिंह के सिर पर लोहे की राड मार दी। जब मंजीत सिंह अपने पिता को आरोपियों के चुंगल से छुड़ाने लगा तो उसने मंजीत के सिर पर भी लोहे की राड मारकर लहूलुहान कर दिया। मारपीट की घटना में मंजीत सिंह व धर्म सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने मंजीत सिंह की शिकायत पर आरोपित नरेंद्र कुमार, निशा देवी व हर्ष धीमान के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

वहीं दूसरे पक्ष निशा देवी पत्नी नरेंद्र कुमार ने भी परिवार के पांच लोगों धर्म सिंह, धनी राम, मंजीत उर्फ वीजु व चंचला देवी पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में निशा देवी ने बताया कि रविवार को जब वह अपने घर में कार्य कर रही थी, तो धर्म सिंह, उसकी पत्नी चंचला देवी व बेटा मंजीत उर्फ वीजु ने हमारे घर के आंगन मे रखी लकड़ियां उठाकर फेंकना शुरू कर दी। जिस पर उनके बेटे हर्ष ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो धर्म सिंह ने मेरे बेटे को डंडे से मारना शुरू कर दिया। जब मैं अपने बेटे को छुड़ाने लगी तो धर्म सिंह ने मेरे ऊपर भी हमला कर दिया। वहीं धर्म सिंह के बेटे ने दराट से मेरे बेटे हर्ष को मारना शुरू कर दिया। इस मारपीट में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका उपचार किया जा रहा है। बंगाणा पुलिसने घायलों के बयानों के आधार पर मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि वेही गांव में दो परिवारों के बीच मारपीट की घटना में पुलिस ने क्रास केस दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## टकारला गांव में जमीन को लेकर मारपीट

**अनंत ज्ञान, अंब**



**टकारला** गांव में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष ने भी पुलिस के पास मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में टकारला गांव की ऊषा देवी ने आरोपियों पर उनके बेटे के मुंह पर गर्म चार गिराने, दोनों बेटियों के साथ अभद्रता के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। अंब पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। अंब पुलिस को दी शिकायत में टकारला गांव की महिला ऊषा देवी ने आरोप लगाया कि जब यह अपनी दोनों बेटियों के साथ खेतों में काम करने के बाद घर वापस आ रही थी तो अमित कुमार ने गांव के ही दो अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर इनका रास्ता रोक लिया और मारपीट करने के साथ-साथ इनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा धमकियां भी दीं। शिकायतकर्ता ऊषा देवी ने बताया कि इस पर वार्ड पंच को साथ लेकर मौका देखने गई तो बात करते हुए आरोपी अमित कुमार ने गर्म चाय उसके बेटे के मुंह के ऊपर फैंक दी तथा डंडे से उस पर हमला करके लहूलुहान कर दिया। इसके अलावा आरोपी अमित की माता सुषमा व पत्नी शालु ने भी हमारे उपर हमला कर दिया। जब उसकी बेटी ने बीच बचाव किया तो आरोपी अमित उसे गले से पकड़कर उसे पशुशाला की तरफ घसीटने लगा। बेटी ने बचाव के लिए उसे धक्का दिया तो अमित पशुशाला से फावड़ा उठाकर मारने लगा, जो कि पशुशाला के दरवाजे से टकराकर इसके सिर मे लग गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि अमित ने मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी है, जिसके चलते उसके परिवार व देवर को आरोपी से जान से खतरा है। इससे पहले शनिवार शाम को हुई मारपीट में अमित कुमार घायल हुआ था। अंब पुलिस ने अमित की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। अंब पुलिस थाना प्रभारी गौरव भारद्वाज ने कहा पुलिस ने दूसरे पक्ष से भी शिकायत मिलने पर क्रॉस केस दर्ज करके मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## बसाल में बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**ऊना।** पुलिस थाना सदर के तहत पड़ते अप्पर बसाल गांव में सड़क पार कर रही महिला बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया है। मृतका की पहचान ज्ञानो देवी पत्नी जुल्फी राम निवासी अप्पर बसाल के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस ने हादसे के संबंध में बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नंद लाल पुत्र स्वर्गीय जुल्फी राम निवासी वार्ड अप्पर बसाल ने सदर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार देर सायं वह गणपति फिलिंग स्टेशन के पास स्थित अपने घर के आगे खड़ा था। उसी समय उसकी माता ज्ञानो देवी अपनी जमीन पर कार्य करने के बाद घर वापस आने के लिए सड़क पार कर रही थी। तो बाबा रुद्रानंद गेट बसाल की तरफ से एक बाइक तेज गति से आई और इसकी माता को टक्कर मार दी। हादसे से मेरी माता ज्ञानो देवी को सिर, बाजु, टांग सहित शरीर पर काफी चोटें आईं। स्थानीय लोगों की सहायता से हादसे में गंभीर रूप से घायल को ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाकर स्वजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि बसाल में सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई है। पुलिस ने हादसे के संबंध में मामला दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो लोग घायल

**अंब।** अंब-ऊना हाई-वे पर पक्का परोह में हुए सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे सिविल अस्पताल अंब से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह उपतहसील जोल के धरूं निवासी प्रकाश चंद व सुभाष चंद अपनी स्कूटी पर अंब में अपनी दुकान पर आ रहे थे। पक्का परोह पहुंचते ही बाइक सवार एक ट्रक को ओवरटेक करते समय उनकी स्कूटी के आगे आ गया। जिसके चलते उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गई और हादसे में स्कूटी और सवार वे दोनों घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए सिविल अस्पताल अंब लगाया गया। यहां पर प्रकाश चंद की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे क्षेत्रीय अस्पताल ऊना रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी अंब गौरव भारद्वाज ने कहा कि पुलिस ने हादसे के संबंध में घायल व्यक्ति की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बधाइयां

**यह** बहुत ही खुशी के पल हैं जब दैनिक समाचार पत्र के रूप में अनंत ज्ञान का प्रकाशन 19 दिसंबर 2023 से प्रारंभ होने जा रहा है। इस अवसर पर आप सभी प्रदेशवासियों व अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं। आशा करता हूं कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र जिला, समाज और युवाओं की आवाज बनकर कुरीतियों को खत्म करने में प्रशासन का सहयोग करेगा।



**-राघव शर्मा, डीसी ऊना।**

**अनंत** ज्ञान के प्रकाशन पर प्रदेश व जिलावासियों को शुभकामनाएं। दैनिक समाचार पत्र के रूप में अनंत ज्ञान अखबार लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरेगा। जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त ऊना अभियान के लिए दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र का सहयोग हमें पूर्ण रूप से मिलता रहेगा। अखबार नई बुलंदियों को छुए ऐसी कामना करता हूं।



**-अर्जित सेन ठाकुर, एसपी ऊना**

**मुझे** यह जानकर अत्यधिक हर्ष हो रहा है कि दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र प्रकाशित करने जा रहा है। इस समाचार पत्र का प्रकाशन, संस्थान की ओर से एक सराहनीय प्रयास है, क्योंकि इस समाचार पत्र द्वारा जनता को उनकी सुविधा के लिए बनाई गई सभी सरकारी योजनाओं का सही ज्ञान हो पाएगा और आम नागरिकों को योजनाओं का पूर्ण लाभ प्राप्त होगा। अनंत ज्ञान के संपूर्ण विवेचनीय कार्यों के लिए में संस्थान के सभी कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करता हूं और इस समाचार पत्र के प्रकाशन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।



**- वीरेंद्र कंवर, पूर्व मंत्री**

**यह** अत्यंत हर्ष का विषय है कि दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र प्रकाशन के लिए उपलब्ध हो रहा है। मोबाइल युग में समाचार पत्र लोगों को पढ़ाना अपने आप में एक चुनौती है। आशा करता हूं कि यह समाचार पत्र प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोगी साबित होगा। सरकारी योजनाएं लोगों तक पहुंचे और लोगों की समस्याएं सरकार तक पहुंचे इसमें दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र एक सेतु का काम करेगा। समाचार पत्र के प्रकाशन पर सभी प्रबंधकों तथा संपादकीय टीम को बधाई और शुभकामनाएं।



**-सतपाल सिंह रायजादा, पूर्व विधायक**

**मुझे** यह जानकारी अत्यंत हर्ष हो रहा है कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान प्रकाशित हो रहा है। नए समाचार पत्र के प्रकाशन के लिए इसकी पूरी टीम को अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। छिन्नमस्तिका माता श्री चिंतपूर्णी आपको सफलता प्रदान करें। समाचार पत्र का प्रकाशन आज के युग में काफी चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सच्चे प्रयास और कड़ी मेहनत हर कामयाबी का साक्षी होता है। दैनिक समाचार पत्र के रूप में प्रकाशन करने जा रही प्रबंधकीय तथा संपादकीय समिति को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।



**-बलवीर चौधरी, पूर्व विधायक चिंतपूर्णी**

**मुझे** यह जानकार बहुत प्रसन्नता हुई है कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र प्रकाशित होने जा रहा है। इस समाचार पत्र की लोकप्रियता की कामना करता हूं। आशा करता हूं कि यह समाचार पत्र समाज में व्याप्त कमियों को दूर करने में सहायक सिद्ध होगा। लोगों की आवाज को प्रमुखता से उठाते हुए यह समाचार पत्र जिला प्रशासन तथा प्रदेश सरकार को सतर्क करेगा और सच्चाई को सामने लाकर कमियों को दूर करने में सहायक सिद्ध होगा। समाचार पत्र के प्रकाशन पर समूची टीम को बधाई और शुभकामनाएं।



**-अविनाश मेनन, प्रधान ट्रक ऑपरेटर यूनियन मैहतपुर**

**नया** दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा से प्रकाशित होने जा रहा है। आशा करता हूं कि यह समाचार पत्र प्रकाशन के क्षेत्र में नया मुकाम हासिल करेगा। अनंत ज्ञान समाचार पत्र लोगों को सच दिखाने और सच छापने का प्रयास करेगा। सरकार की कमियों को उजागर करते हुए जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर स्थान देगा। लोगों की समस्याओं को समाचार पत्र के माध्यम से सरकार व जिला प्रशासन से हल करवाने का माध्यम बनेगा।



**-पंडित शशि पाल डोगरा, जाने माने अंक ज्योतिषी व वशिष्ठ ज्योतिष सदन के अध्यक्ष**

## एथलेटिक्स मीट में छाया वशिष्ठ पब्लिक स्कूल



**ऊना।** स्थानीय इंदिरा ग्राउंड में पिछले कल हुई एकदिवसीय ओपन एथलेटिक मीट में विभिन्न स्कूलों के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। वशिष्ठ पब्लिक स्कूल में कक्षा नौवीं के छात्र उज्ज्वल शर्मा ने अंडर- 16 शॉट पुट में गोल्ड, कक्षा चौथी के आरव ने अंडर -14 लांग जंप में गोल्ड तथा 60 मीटर रेस में कांस्य पदक जीता। कक्षा दसवीं के आयुष ने अंडर -16 लांग जंप में सिल्वर तथा 100 मीटर रेस में कांस्य पदक हासिल किया। कक्षा दसवीं के शौर्य प्रीत ने अंडर -16, लांग जंप में कांस्य तथा 300 मीटर रेस में सिल्वर मेडल हासिल किया। आरव चौधरी, शौर्य प्रीत, उज्ज्वल शर्मा, आयुष कुमार का चयन इंटर डिस्ट्रिक्ट नेशनल के लिए हुआ है जो कि आगामी दिनों में गुजरात में होगी।

## अवैध खनन करने पर पांच ट्रैक्टर जब्त, वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**जिला** पुलिस ने अवैध खनन, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान व यातायात नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई की है। जिला पुलिस ने अवैध खनन करने वालों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया है, जिसके तहत पुलिस ने पांच ट्रैक्टरों को जब्त किया है।

पुलिस ने जब्त किए गए पांच ट्रैक्टरों में से तीन का अवैध खनन अधिनियम के तहत चालान काटकर मौका पर ही 12500 रुपए जुर्माना वसूला है, जबकि अन्य दो ट्रैक्टरों के चालान काटकर कार्रवाई के लिए विभाग के पास भेज दिया है। इसके अलावा पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने पर 106 वाहनों के चालान किए हैं, जिसमें से तीन वाहनों के चालानों का मौका पर ही निपटारा करके 15 सौ रुपए जुर्माना वसूला है, जबकि अन्य 103 चालानों को कार्रवाई के लिए अदालत में भेज दिया है। वहीं सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर जिला पुलिस ऊना द्वारा धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत चार व्यक्तियों का चालान करके चार सौ रुपए जुर्माना वसूला है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि अवैध खनन करने वालों पर पुलिस कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के चालान किए जा रहे हैं।

## एसजीपीसी चुनाव के लिए मतदाताओं का पंजीकरण 18 दिसंबर से 12 जनवरी तक

**डीसी राघव शर्मा ने दी जानकारी, 20 मार्च को मतदाता सूची का होगा अंतिम प्रकाशन**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



**डीसी** राघव शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सिख गुरुद्वारा बोर्ड के चुनाव करवाने के लिए निर्वाचक नामावली तैयार की जाएगी, जिसके लिए शैड्यूल जारी कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि एसजीपीसी चुनावों के दृष्टिगत 18 दिसंबर से 12 जनवरी, 2024 तक सिख मतदाताओं का पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 से 31 जनवरी, 2024 तक हस्तलिखित (मनुस्क्रिप्ट) नियमावली तैयार करके उसकी छपाई और रख-रखाव का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक प्रकाशन सूची में प्रकाशित नाम, पद व पता या कर्मचारी के मामले में, उसका पद और पता से संबंधित दावे व आक्षेप एक फरवरी तक संबंधित पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक से 22 फरवरी तक सिख गुरुद्वारा बोर्ड चुनाव नियम, 1959 के नियम 6(1) के तहत दावे और आपत्तियां भरी और प्राप्त की जाएंगी। उन्होंने बताया कि 23 फरवरी से दो मार्च तक प्राप्त दावों/आक्षेपों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तीन से 15 मार्च, 2024 तक संक्षिप्त नामावलियों को छपाई के लिए तैयार कर लिया जाएगा तथा 20 मार्च को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।

डीसी राघव शर्मा ने जिला के समस्त एसडीएम को पुनरीक्षण प्राधिकरण अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि सिक्खों के पंजीकरण के लिए केशधारी सिक्खों के बिना कटे बाल, दाढ़ी, धूम्रपान व शराब न पिने का घोषणा पत्र देना जरूरी रहेगा।

## थानाकलां व छपरोह में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



छपरोह व थाना कलां में विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत करते लोग।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की गारंटी के आगे कांग्रेस व अन्य दलों की गारंटियों की कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। तभी आज देश नहीं, बल्कि दुनिया में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबसे लोकप्रिय नेता बन चुके है। यह बात जिला परिषद ऊना के उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान थानाकलां व छपरोह में जनसमूह को संबोधित करते हुए कहे। शर्मा ने कहा कि बीते दस वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने दो दर्जन योजनाएं जनता को लाभ देने के लिए धरातल पर उतारी हैं। आज अगर जनता को फ्री स्वास्थ्य लाभ, फ्री गैस कनेक्शन व उज्ज्वला गृहिणी योजना, फ्री राशन, हर घर नल आदि योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। इस मौके पर थाना कलां व छपरोह कलां में भारत विकसित यात्रा में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद, सुरेंद्र हटली, प्रधान सरोज कुमारी, मधु बाला, प्रधान सुनीता देवी, ठाकुर बलवंत, महिंद्र पाल, अंजीव, रणजीत, मेहर चंद, पूर्व प्रधान अंजू बाला, नीलम, संजीव मौजूद रहे।

## राधा कृष्ण नाम ही भवसागर पार करने वाला है : डॉ. सुमन शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**उपमंडल** बंगाणा की हिमुडा कॉलोनी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिवस पर कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने राधा कृष्ण प्रसंग सुनाकर पंडाल को भावविभोर किया। कथा व्यास ने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण वृंदावन से मथुरा जाने लगे और सभी से आज्ञा ले ली। उस समय वृंदावन में माता यशोदा के मन पर क्या बीती थी, जिसका बखान करना मुश्किल है। आगे जब श्रीकृष्ण को राधा मिली, कैसे और कितने वादे करके भगवान श्रीकृष्ण वृंदावन से मथुरा गए इसका वृतांत करना भी मुश्किल है।

कथा व्यास ने कहा कि राधा-कृष्ण नाम ही भवसागर पार करने वाला है। मथुरा जाते समय भगवान श्रीकृष्ण ने खुद कहा था कि जो व्यक्ति मेरा नाम छोड़कर राधा राधा नाम का जाप करेगा, उसे भी मैं भवसागर पार कर दूंगा। कथा के छठे दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की देवी रुकमणि के विवाह का भी वृतांत सुनाया गया। इस दौरान सुंदर झांकी व वेद मंत्रों के साथ भंगवान श्रीकृष्ण व देवी कमणि का विवाह संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने नाच कर पंडाल में भगवान की शादी का उत्सव मनाया। कथा विराम के बाद आरती के बाद भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर शिव कुमार बर्जाता, सुमन वर्जाता, श्रीराम नाटक क्लब हटली के निदेशक विपिन साजन, प्रधान सुरेंद्र हटली, महासचिव कमल देव शास्त्री, विवेकशील शर्मा, मदन गोपाल, मंगत राम, संजय सोनी, सुरेंद्र राणा, तिलक राज, किशन देव शर्मा, रिंकू रिवाड़, अजमेर सिंह, आचार्य बलदेव शर्मा, आचार्य राकेश शर्मा, लक्की सोनी, अशोक आदि उपस्थित रहे।



बंगाणा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण और रुकमणि विवाह में भाग लेते लोग।

## प्रतियोगिता

**विजय मर्चेंट अंडर-16 क्रिकेट मैच में नौनिहाल ने झटके दोनों पारियों में 11 विकेट**

# हिमाचल और केरल के बीच खेला गया क्रिकेट मैच बेनतीजा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**विजय** मर्चेंट अंडर-16 क्रिकेट मैच के तहत हिमाचल प्रदेश का मुकाबला केरल के साथ हुआ, जिसमें केरल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट पर 153 रन बनाए।

केरल के बल्लेबाज एम एंटोनी ने 30, ऋषिकेश ने 51 रन, ए मनोज ने 19 रन, अहमद खान ने 18 रन बनाए। बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशजनक ही रहा। हिमाचल प्रदेश के गेंदबाज नौनिहाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच खिलाड़ियों को आउट किया। संचित सरोच ने तीन, कार्तिकेय शर्मा व जपनीत सिंह ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। हिमाचल प्रदेश की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 10 विकेट खोकर 173 रन बनाए। इसमें आदित्य कटारिया ने 52 रन, मंथन गुरग ने 15 रन, अपराजित सिंह ने 16 रन, नौनिहाल ने 51 रन, संचित सरोच 17 रन बनाए। केरल के एम मैथ्यूज व थॉमस मैथ्यूज ने तीन-तीन, अभिनव कुमार, अहमद खान और जीवन कुमार ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। केरल की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 10 विकेट पर 243 रन बनाए। इसमें अहमद खान ने 78 रन, ए मनोज ने 38 रन, इमरान ने 16 रन, एम एनाटॉनी ने 51 रन बनाए। हिमाचल प्रदेश के नौनिहाल ने 6, कार्तिकेय शर्मा ने तीन और लक्ष्य ठाकुर ने एक विकेट प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश की टीम ने दूसरी पारी में आठ विकेट पर 197 रन बनाए। हिमाचल प्रदेश के दिव्यांश कटोच ने 18, शिवम शर्मा ने 11, मंथन ने 24, अपराजिता शर्मा 42, नौनिहाल ने 18 रन, संचित सरोच चार, कार्तिकेय शर्मा (पांच नाबाद) ने व लक्ष्य ठाकुर (53) ने नाबाद अर्धशतक लगाया। केरल के गेंदबाज एम मैथ्यूज ने सात, थॉमस मैथ्यूज ने एक विकेट प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश व केरल के बीच खेला गया यह मैच बेनतीजा समाप्त हो गया।



मैच में 11 विकेट प्राप्त करने वाला नौनिहाल अपने कोच के साथ।

## हिमाचल के खिलाफ दिल्ली के प्रणव पंत ने लगाया दोहरा शतक, चार दिवसीय मैच ड्रॉ

- **हिमाचल की टीम ने 10 विकेट पर बनाए 527 रन**
- **उज्ज्वल शर्मा ने 11 चौकों और पांच छक्कों की मदद से बनाए 116 रन**

**ऊना।** हिमाचल की टीम ने पहली पारी में 527 रन का विशाल स्कोर बनाया। दिल्ली की टीम ने 10 विकेट पर बनाए 514 रन बनाए। कूच बिहार क्रिकेट ट्रॉफी के तहत चार दिवसीय मैच में हिमाचल प्रदेश का मुकाबला दिल्ली के साथ अरुण जेटली स्टेडियम दिल्ली में आरंभ हुआ, जिसमें हिमाचल प्रदेश की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हिमाचल प्रदेश ने 10 विकेट पर 527 रन बनाए। इसमें ऋतिक वर्मा ने आठ रन बनाए, अर्जुन ने टीम के लिए अर्धशतक, सात्विक कटोच 27, अक्षय वशिष्ठ ने 29, उज्जवल शर्मा (116) ने शानदार शतक लगाया। उसने अपनी पारी में 11 चौके और पांच सिक्सर लगाए। दक्ष नारायण ने 44, अभिनव शर्मा ने 42 रन, राहुल सिंह ने 93, अक्षीत कंवर ने 93 रनों की पारी खेली। दिल्ली के गेंदबाजों में अमन भारती ने दो, प्रणव पत ने एक विकेट, रौनक भागेला ने चार, सक्षम गहलोत ने एक विकेट लिया। दिल्ली की टीम ने पहली पारी में 10 विकेट खोकर 514 रन बनाए। इसमें प्रणव पंत 292 रन, तरुण वशिष्ठ ने 17 रन, सौरभ 76 रन, रौनक बघेला 73 रन, सक्षम गहलोत ने 26 रन बनाए। हिमाचल के राहुल सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट प्राप्त किया। अभिनव शर्मा व अक्षय वशिष्ठ ने एक-एक विकेट प्राप्त किया, जबकि दक्ष नारायण और अक्षित कंवर ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। हिमाचल प्रदेश ने दूसरी पारी में 76 रन बनाए। मैच के चौथे दिन हिमाचल प्रदेश और दिल्ली के बीच खेला जा रहा यह मैच बेनतीजा समाप्त हो गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बसारल में साक्षरता शिविर का आयोजन



साक्षरता शिविर के दौरान लोगों को जागरूक करतीं महिलाएं।

**नादौन।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने नादौन ब्लॉक की बसारल पंचायत में वित्तीय साक्षरता केंद्र का पंचायत स्तरीय कैंप लगाया। कैंप में लगभग 100 लोगों ने भाग लिया। शिविर में केंद्रीय समन्वयक रेखा गौतम, ब्लॉक समन्वयक अंजना कुमारी ने बताया कि कैंप में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, एटीएम कार्ड, दुर्घटना बीमा और स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरण की जानकारी दी।

### नादौन में बनेगा 15 कमरों का रेस्ट हाउस

**हमीरपुर।** नादौन शहर में जलशक्ति विभाग छह करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से 15 कमरों का आलीशान रेस्ट हाउस बना रहा है। जलशक्ति विभाग की मानें तो अगले एक वर्ष में यह रेस्ट हाउस बनकर तैयार हो जाएगा। इसके लिए विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह क्षेत्र में प्रदेश सरकार ने जलशक्ति विभाग को एक रेस्ट हाउस सेक्शन किया है। जलशक्ति डिवीजन हमीरपुर के अधीक्षण अभियंता ई. नीरज भोगल ने बताया कि नादौन में भव्य रेस्ट हाउस बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा। एक वर्ष के अंदर रेस्ट हाउस बनकर तैयार हो जाएगा।

### मनरेगा मजदूरी न मिलने से मजदूर परेशान

**नादौन।** नौहंगी पंचायत में मनरेगा मजदूरी न मिलने से 150 मजदूर परेशान हैं। नौहंगी की मनरेगा मजदूर राज कुमारी, रीमा देवी और वीना देवी ने बताया कि वे मनरेगा मजदूरी पर निर्भर हैं। पंचायत को मजदूरी के लिए प्रार्थना पत्र देने के बावजूद भी मजदूरी नहीं मिल रही है, जिसे लेकर मजरेगा मजदूरों रोष है। पंचायत के उप प्रधान ठाकुर प्रकाश चंद ने बताया कि पंचायत में काफी कार्यों की फाइलें लाभार्थियों और सार्वजनिक कार्यों की आपदा की फाइलों समेत पंचायत में जमा हैं। 2023-24 में केवल चार ही कार्य ऑन रिकॉर्ड चढ़े हुए हैं, जबकि ऑन गोइंग 2019 से 2024 तक 27 कार्य रिकॉर्ड में दर्शाए जा रहे हैं। बीडीओ निशांत शर्मा ने बताया कि ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। फिर भी जांच की जाएगी।

### चबूतरा स्कूल के मेधावी किए सम्मानित



चबूतरा स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स के साथ विधायक राजेंद्र राणा।

**सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चबूतरा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विधायक राजेंद्र राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र पढ़ाई के साथ खेलकूद जैसी प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि उनका संपूर्ण विकास हो सके। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि विधायक राजेंद्र राणा का प्राचार्य कुलदीप ठाकुर सहित स्टाफ सदस्यों ने स्वागत किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। विधायक ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने वाले छात्र-छात्राओं को 11 हजार प्रोत्साहन राशि दी।

### भरेड़ी स्कूल के मेधावी किए सम्मानित

**भरेड़ी।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल भरेड़ी में सोमवार को 18वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील बिट्टू बतौर मुख्यातिथि और भोरंज विधायक सुरेश कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान सुनील बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर क्षेत्र में व्यवस्था परिवर्तन करके बड़ा बदलाव लाया है। भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा का ढांचा सुदृढ़ बने इस क्षेत्र में परिवर्तन किए जा रहे हैं। भोरंज क्षेत्र के लिए चौबीस घंटे पानी देने वाली 45 करोड़ रुपए से नई पेयजल योजना का निर्माण किया जा रहा है। स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। प्रधानाचार्य दीपा शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। कार्यक्रम में स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया।

### तीन प्रशिक्षुओं को मिला 4.5 लाख का पैकेज





**हमीरपुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक हमीरपुर के इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के तीन छात्रों का चयन देश की नामी वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड कंपनी में हुआ है। छात्रों का चयन राज्य स्तरीय प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान हुआ। इन कंपनी ने हिमाचल प्रदेश भर से कुल 32 छात्रों का चयन किया है, जिसमें से तीन छात्र राजकीय पॉलिटेक्निक हमीरपुर के हैं। चयनित प्रशिक्षुओं को कंपनी 4.5 लाख के वार्षिक पैकेज दे रही है। राजकीय पॉलिटेक्निक हमीरपुर के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट अधिकारी अरविंद कटोच ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग से आदित्य शर्मा, ऋषभ वर्मा और मैकेनिकल इंजीनियरिंग से नीरज ठाकुर का चयन हुआ।

### नेता प्रतिपक्ष का बयान दुर्भाग्यपूर्ण

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सऊदी अरब में अप्रवासी भारतीयों के साथ मुलाकात, प्रदेश में उद्योग स्थापित करने और पर्यटन क्षेत्र में निवेश के प्रयास के मद्देनजर नेता प्रतिपक्ष का बयान न दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि जयराम ठाकुर ने माहौल का हवाला देकर प्रदेश में निवेश करने को तत्पर निवेशकों को भयभीत करने का प्रयास किया है। जयराम ठाकुर मुख्यमंत्री और कांग्रेस सरकार का विरोध करने जुनून में हिमाचल विरोधी बयान देकर प्रदेश की छवि को नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। अपने शासनकाल में धर्मशाला में आयोजित इन्वेस्टरमीट में करोड़ों रुपए तंबू लगाने में खर्च कर हजारों करोड़ का निवेश लाने का दावा करने वाले जय राम अपने दावे का दस प्रतिशत निवेश लाने में भी विफल रहे थे।

## ऊना की इसपुर सभा मामले में फिर होगी जांच, उप पंजीयक उत्तरी क्षेत्र चौहान को जिम्मेदारी

# ठंडे बस्ते में सहकारी सभाओं के करोड़ों के घपलों की जांच

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सहकारिता की रीढ़ की हड्डी कही जाने वाली दो दर्जन से ज्यादा सरकारी सभाएं विभागीय कुव्यवस्था की वजह से दम तोड़ चुकी हैं। उधर, ऊना जिले में इसपुर स्थित सहकारी सभा में हुए गड़बड़झाले की जांच फिर शुरू हो रही है। वहीं, हमीरपुर जिले में कई सहकारी सभाएं अब जांच के 'हिचकोलों' में उलझ गई हैं। कई की जांच ठंडे बस्ती में चली गई है।

दरअसल, इन सहकारी सभाओं का हुलिया राजनीतिक दखलअंदाजी की वजह से बिगड़ा है। जब भी कोई जांच शुरू होती है, शिकायतें सामने आती हैं, राजनीति का कोई न कोई प्रभाव असर छोड़ना शुरू कर देता है, और अंततः जांच ठंडे बस्ते में पहुंचकर उस क्षेत्र के लोगों के लिए मुसीबत बन जाती है। ऊना की इसपुर सहकारी सभा में हुए लगभग 82 लाख के गबन के मामले में पंजीयक सहकारी सभाएं हिमाचल प्रदेश ने ऊना जिले के तत्कालीन विभागीय कर्मचारियों की कथित संलिप्तता की जांच उपपंजीयक उत्तरी क्षेत्र ई. प्रत्युष चौहान को सौंपी दी है। (अनंत ज्ञान)

**हमीरपुर में दो दर्जन सभाओं में हुए हैं गड़बड़झाले**

### पहले उपपंजीयक मंडी के पास थी जांच

पहले यह जांच उप पंजीयक केंद्रीय मंडल मंडी को सौंपी गई थी, लेकिन चौहान के मंडी से धर्मशाला तबादले के बाद अब फिर से जांच उन्हें सौंपी गई है। जांच में गत वर्षों में जिला ऊना में कार्यरत जिला सहायक पंजीयक से लेकर जिला निरीक्षक, जिला अंकेक्षण अधिकारी, खंड निरीक्षक एवं अन्य विभागीय कर्मचारी/अंकेक्षकों की कथित संलिप्तता की अब 'प्रारंभिक जांच' की जाएगी।

### 82 लाख का घोटाला पहुंचा करोड़ से ज्यादा

संलिप्त कर्मचारियों की रिपोर्ट सहकारिता निदेशालय शिमला को अगली कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी। इसकी पहले भी एक इंक्वॉयरी हुई थी, लेकिन कुछ ताजा शिकायतें भी अब विभाग के पास पहुंची हैं। इस सारे मामले में अब यह पता लगाया जाएगा कि कौन-कौन लोग इसमें संलिप्त पाए गए हैं। तकरीबन चार साल पहले यह घोटाला करीब 82 लाख का मामला था, जो अब बढ़कर एक करोड़ से ज्यादा का हो गया होगा।

### आउट ऑफ क्राइटेरिया लोन दिए गए

हमीरपुर जिले में संगरोह सहकारी सभा में भी लोन के मामले में गड़बड़झाले की शिकायतें हैं। यहां आउट ऑफ क्राइटेरिया लोन दिए गए हैं। एक प्रारंभिक इंक्वॉयरी मुकम्मल हो चुकी है, लेकिन अधिकारियों की अदला-बदली की वजह से अब यह मामला काफी समय से पेंडिंग था, लेकिन कुछ शिकायतें अभी और मिली हैं।

### सभा रिकॉर्ड नहीं दे पा रही

बताया जा रहा है कि संबंधित सभा रिकॉर्ड नहीं दे पा रही। इस कारण मामला फिर सुर्खियों में है। हालांकि, अभी सहायक पंजीयक हमीरपुर ने पिछले माह एक नोटिस फिर से जारी किया है, लेकिन इसकी जांच पर राजनीतिक प्रभाव अब असर दिखाने लगा है। करीब 60 लाख के गड़बड़झाले में उलझा इस सभा का मामला कहीं राजनीति की भेंट न चढ़ जाए?

### सभी ब्लॉकों में गड़बड़झाले

हमीरपुर जिले के तकरीबन सभी ब्लॉकों में इन सहकारी सभाओं में गड़बड़झाले हुए हैं। दो दर्जन के करीब यह गड़बड़झाले विभाग की करनी और कथनी पर सवाल लगा रहे हैं। नादौन इलाके की गुरयाह-सपड़ेह सभाओं में भी गड़बड़झाले हुए हैं। थाती, खंदेड़, ककड़यार, मसलाणाकलां में भी हुए गड़बड़झालों का अभी पूरी तरह निपटारा नहीं हुआ है। मसलाणाकलां सभा गड़बड़ झाले में अभी तक 22 लाख की रिकवरी हो चुकी है। यहां तकरीबन 25 लाख का गड़बड़झाला हुआ था।

> इसपुर सभा की प्रारंभिक जांच बहुत जल्दी शुरू होगी। रिपोर्ट तैयार करके उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी। जिन सभाओं में गबन के मामले सामने आए हैं। उनमें करवाई तो हुई है, लेकिन अब हमीरपुर जिला में उनके तबादले के बाद की स्थिति का पता नहीं है।
>
> **-ई. प्रत्युष चौहान, उपपंजीयक उत्तरी क्षेत्र**

# पेपर स्कैम मामलों पर सुनवाई शुरू

## जिला अदालत में 29 को फिर से होगी छह मामलों पर सुनवाई

**पेपर लीक मामला**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर में स्थित भंग हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग के पेपर लीक मामले को लेकर जिला अदालत में सुनवाई का सिलसिला शुरू हो गया है। छह अलग-अलग मामलों में अब अगली सुनवाई 29 दिसंबर को होगी। अलग-अलग छह पेपर लीक मामलों की एक साथ सुनवाई शुरू हुई है। मुख्य आरोपी उमा आजाद के वकील केसी भाटिया का कहना है कि उमा आजाद के सरेंडर की अर्जी पर सहमति नहीं बन पाई है।

कोर्ट में साक्ष्य नहीं होने की वजह से इस पर बहस पूरी नहीं हो पाई हैं। उमा आजाद के आत्मसमर्पण करने की अर्जी के बाद जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। हालांकि, सरकार की गठित एसआईटी ने भी पेपर लीक मामलों को लेकर साक्ष्य जुटाने में तेजी अपना रखी है। आयोग के पूर्व सचिव जितेंद्र कंवर जिन्हें कुछ समय पहले फिर गिरफ्तार किया था। वे अभी न्यायिक हिरासत में चल रहे हैं। उनसे पूछताछ चल रही है। सूत्रों के मुताबिक, जो जानकारियां उनसे मिल रही हैं, उसी के आधार पर इन मामलों को लेकर कुछ और गिरफ्तारियां संभव हैं।

### एक साल पहले हुआ था आयोग भंग

करीब एक साल पहले आयोग भंग हुआ था। उसके बाद लगातार शिकायतें मिलने पर कई मामले दर्ज हुए। अभी भी जांच के लपेटे में जो चीजें सामने आ रही हैं, उससे लगता नहीं है कि बहुत जल्दी जांच का यह सिलसिला मुकम्मल हो जाएगा। सरकार ने अब फिर आयोग को गठित करने का जो ऐलान किया है, उसके तहत कितनी जल्दी भर्तियों का सिलसिला शुरू हो पाएगा? इस पर बेरोजगार युवाओं का इंतजार लंबा हो रहा है। जब तक विजिलेंस से कुछ मामलों में एनओसी नहीं मिलती, तब तक इस पर सवाल रहेगा।

**विजिलेंस के पास पुख्ता सबूत**

मंडी स्थित एसपी विजिलेंस मंडी राहुल नाथ का कहना है कि अलग-अलग मामलों पर सुनवाई शुरू हो गई है। मुख्य आरोपी उमा आजाद की याचिका पर सुनवाई अब 29 दिसंबर को होगी पेपर लीक मामलों में जांच टीम के पास पुख्ता सबूत हैं।

### दिव्यांशी हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगी



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैल में ग्यारहवीं में पढ़ने वाली दिव्यांशी दिल्ली में होने वाली नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस-2023 की मॉडल प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रिंसिपल संजीव ठाकुर ने बताया कि नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागी दिव्यांशी ने हाल ही में एनआईटी हमीरपुर में हुए राज्य स्तरीय साइंस फेयर में हमीरपुर जिले से अपने साइंस के मॉडल 'पत्तों से बने पत्तलों का अध्ययन' के साथ भाग लिया था। इसमें दिव्यांशी के मॉडल को प्रथम स्थान मिला। यह मॉडल स्कूल के केमिस्ट्री की प्रवक्ता मीना शर्मा की देख-रेख में बनाया था।

### पेयजल योजना का किया शिलान्यास

**सुजानपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेंद्र राणा ने पांच करोड़ 61 लाख रुपए की जल शक्ति विभाग की पटलांदर उठाऊ पेयजल योजना का शिलान्यास किया, जिससे करीब 38 गांव लाभान्वित होंगे। इन गांवों में बरोग, चक्रियाना, ढींगे दा ग्रां, चक्रियाना टोरु, चक्रियाना चोटू, चक्रियाना गाहरी, जगरियाल, जिहड़, पटलांदर ब्राह्मण, बलोह, गरोड़ू मिहाले, गरोड़ू निरखीयां, भगोल, चमारड़ी राजपूतां-वन, चमारड़ी राजपूतां-2, चमारड़ी एससी. बस्ती, भूगोल एससी. बस्ती., गाडी, पटलांदर लोहार बस्ती, पटलांदर एससी. बस्ती, जियाणा तरखाना, जियाणा राजपूतां, लंबरी, लंबरी तरखाना, लंबरी राजपूतां, लंबरी एससी. बस्ती, जोल राजपूतां, जोल एससी. बस्ती, नलाही राजपूतां, नलाही जगेड़ी, नलाही जगनेड़ा, नलाही एससी. बस्ती, गरोड़ू लगवालां, छननैणा, गाहला, अस्तोथा, छैल व कोट गांव शामिल हैं।

# निदेशक ने जांची मेडिकल कॉलेज की सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



मेडिकल कॉलेज में पहुंचे स्वास्थ्य निदेशक। साथ में हैं सचिव और सीएमओ।

**स्वास्थ्य** सचिव और निदेशक ने मेडिकल कॉलेज में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को निर्देश दिया कि यहां किसी भी तरह की मरीजों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़ना चाहिए। मेडिकल कॉलेज में निदेशक डॉक्टर गोपाल बेरी और सचिव एम सुधा ने मरीजों के साथ भी बात की और यहां उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में ओपीडी काफी बढ़ चुकी है। स्मोकिंग प्रिंसिपल डॉक्टर रमेश भारती भी मौजूद थे। यहां दी जा रही सुविधाओं के लिए उन्होंने प्रिंसिपल के साथ भी चर्चा की। मेडिकल कॉलेज का नया भवन जोल सप्पड़ में बन रहा है। उसको लेकर भी उन्होंने प्रिंसिपल से बात की और वहां बन रहे भवन के बारे में जानकारी ली। मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सचिव ने लेबोरेटरी से लेकर ओपीडी में पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं को जांचा। उन्होंने सीएमओ डॉ आरके अग्निहोत्री से भी जिला भर में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की और दिशा-निर्देश दिए कि जो भी स्वास्थ्य योजनाएं आम मरीजों के लिए चलाई गई है। उन्हें हर हाल में मरीज को दिया जाए और समय पर सभी टारगेट पूरा करें। स्वास्थ्य सचिव ने जिला भर में स्वास्थ्य सुविधाएं जो मुहैया करवाई जा रही है उसे पर भी संतोष जताया है।

## बधाइयां



> यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र का प्रकाशन हिमाचल से हो रहा है। समस्त अनंत ज्ञान परिवार को बधाई।
>
> **-राजेंद्र राणा विधायक, सुजानपुर।**



> हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन की जानकारी से अभिभूत हूं। अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
>
> **-इंद्रदत्त लखनपाल, विधायक, बड़सर।**



> समाचार पत्र अनंत ज्ञान समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएगा। अनंत ज्ञान परिवार को अनेक शुभकामनाएं।
>
> **-हेमराज बैरवा, डीसी।**



> हिमाचल प्रदेश से नया अखबार 'अनंत ज्ञान' का प्रकाशन हो रहा है। इसके लिए प्रबंधन और अन्य साथियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।
>
> **-डॉ. आकृति शर्मा, एसपी।**



> पत्रकारिता के क्षेत्र में नई लांचिंग के रूप में आने वाले अनंत ज्ञान समाचार पत्र के प्रबंधन और साथ जुड़े सभी साथियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।
>
> **- मनीष सोनी,एसडीएम हमीरपुर।**



> अनंत ज्ञान के प्रबंधन और इसके साथ जुड़े साथियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। यह अखबार पत्रकारिता की नई बुलंदियों को छुए, यह मेरी कामना है।
>
> **- रोहित शर्मा, एसडीएम बड़सर।**



> अनंत ज्ञान के नाम से प्रकाशित होने जा रहे नए समाचार पत्र के प्रबंधकों और इसके अन्य साथियों को बहुत-बहुत बधाई। पत्रकारिता में यह समाचार पत्र नई ऊंचाइयों को छुए। साथ ही पत्रकारिता की परख रखने वालों के लिए समाज में बेहतर और दशा-दिशा देने में कामयाब रहे।
>
> **- सुरेश कुमार, विधायक भोरंज।**



> मेरी और हमीरपुर की जनता की तरफसे अनंत ज्ञान के प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं। मुझे उम्मीद है यह नया अखबार समाज में बेहतर स्थान बनाएगा। इसके प्रबंधन और साथ जुड़े सभी साथियों को बहुत-बहुत बधाई।
>
> **- आशीष शर्मा, निर्दलीय विधायक हमीरपुर।**

### कांग्रेस-बीजेपी की रैली में कट रही जेबें

धर्मशाला। एक और जहां जिला में रैलियां का दौर जारी है, तो वहीं जेब कतरों के भी हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। यही कारण है कि रैली चाहे कांग्रेस की हो या बीजेपी की, लोगों की जेब कट रही हैं और लोग हताश परेशान हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार सोमवार को धर्मशाला के पुलिस मैदान में हुई भाजपा की जन आक्रोश रैली में पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार विश्व चक्षु की जेब कट गई। उन्होंने बताया कि उनके पर्स में 18000 रुपए पड़े हुए था, लेकिन किसी ने हाथ साफ कर लिया। उधर, इससे एक दिन पहले रविवार को मंत्री बनने के बाद जयसिंहपुर पहुंचे यादवेंद्र गोमा की रैली में भी करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की जेबें कटने की जानकारी मिली है। हालांकि, कोई जेबकतरा पकड़ में नहीं आया।

### व्यापारमंडल ने किया सोलन बंद का ऐलान

सोलन। सोलन जिला प्रशासन की ओर से शहर में अतिक्रमण के खिलाफचलाई जा रही मुहिम का सोलन व्यापार मंडल ने विरोध करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में व्यापारमंडल की एक बैठक सोलन में हुई, जिसमें व्यापार मंडल के पदाधिकारी व सदस्यों ने भाग लिया और चर्चा के बाद निर्णय लिया कि प्रशासन द्वारा जेसीबी से जो कब्जे तोड़े जा रहे हैं, उनका विरोध किया जाएगा और इस विरोध में मंगलवार को सोलन शहर की दुकान बंद रहेगी। मंडल सोलन के अध्यक्ष कुशल जेठी ने कहा कि पहले प्रशासन अवैध कब्जे की परिभाषा साफ करें। उन्होंने कहा कि यदि दुकानों के आगे जो बनी थी वह तोड़ दी जाएंगी। ऐसे में ग्राहक दुकानों तक कैसे पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि कल व्यापारी पुराने बस अड्डे में एकत्रित होंगे और यहां से इकट्ठे होकर जेसीबी मशीन द्वारा की जा रही कार्रवाई को रोकने के लिए जाएंगे। वहीं देर रात व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने सोलन शहर में जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और सभी दुकानदारों से मंगलवार को दुकान बंद रखने की अपील की।

### रिमझिम व मन्नत रहीं हिमाचल में प्रथम

**बीसी सोनल, नादौन।** राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में राजकीय कन्या स्कूल नादौन की वरिष्ठ वर्ग की तीन छात्राओं ने जिला की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए पहला व दूसरा स्थान हासिल किया। कन्या स्कूल नादौन के संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने बताया कि स्कूल की 12वीं विज्ञान की छात्रा रिमझिम ने श्लोकोच्चारण में प्रथम, दसवीं की,छात्रा मन्नत ने मंत्रोच्चारण में प्रथम तथा 12वीं कक्षा की प्रीति चौधरी ने संस्कृत गीतिका में दूसरा स्थान प्राप्त करके जिला हमीरपुर सहित अध्यापकों, अभिभावकों व विद्यालय को गौरवान्वित किया। स्कूल पहुंचने पर इन होनहार छात्राओं का स्कूल प्रशासन ने जोरदार स्वागत किया। नरेश मलोटिया ने बताया कि राज्य स्तर पर प्रथम आने वाली छात्राओं को हिमाचल संस्कृत अकादमी के सौजन्य से 2500-2500 रूपये का नगद इनाम व स्मृति चिह्न तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को 2000 रूपये का नगद इनाम व स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने के बाद सोमवार को स्कूल पहुंचने पर उप.प्रधानाचार्य परमजीत सिंह सहित स्टाफ सदस्यों, प्रशिक्षु शिक्षकों व छात्राओं ने संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया, हिंदी अध्यापिका रजनी बाला सहित सभी विजेता छात्राओं का भव्य स्वागत किया।

**हुनरबाज** किन्नौर जिले के दुर्गम क्षेत्रों में होने वाली दुर्घटनाओं से प्रभावित होकर भावानगर के छात्र ने बनाया मॉडल

# रौनक का मॉडल बेमिसाल, दुर्घटना पर पुलिस को करेगा कॉल

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

**किन्नौर** के भावानगर के प्रोजेक्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के जमा दो कक्षा के छात्र रौनक ने सेंसर तकनीक से ऐसा मॉडल बनाया है, जो गाड़ी की दुर्घटना होने पर परिजनों और पुलिस को कॉल करेगा। साथ ही लोकेशन भी भेजेगा। रौनक का कहना है कि किन्नौर जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में अकसर सड़क हादसे होने होते रहते हैं। यहां कई गाड़ियां गहरी खाई और नदियों में गिरी हैं और कई लोगों की जानें गई हैं। कई दिनों तक गाड़ियों और इनमें सवार लोगों की जानकारी तक नहीं मिलती है।

किन्नौर जिले के दुर्गम क्षेत्रों के ऐसे हालात से प्रभावित होकर उन्होंने ऐसा मॉडल बनाया है, जिससे सड़क दुर्घटना होने पर चालक के परिजनों और पुलिस को गाड़ी ही खुद इमरजेंसी कॉल करेगी। कॉल के साथ गाड़ी संदेश और जीपीएस लोकेशन भी भेजेगी। गाड़ी में लगे क्रैश डिडेक्टिंग सिस्टम से यह संभव हो सकेगा। इस उपकरण की मदद से दुर्घटना होने पर घायलों को इमरजेंसी में मदद हासिल हो सकेगी। (अनंत ज्ञान)





एनआईटी हमीरपुर में चल रहे बाल विज्ञान सम्मेलन में भावनगर के रौनक का तैयार किया मॉडल

### 1500 की लागत से बनाया

इस उपकरण के प्रोटोटाइप को छात्र ने महज 1500 की लागत में तैयार किया है। हालांकि, गाड़ी में इस उपकरण को इंस्टॉल करने लायक बनाने की लागत दस हजार के करीब आएगी। रौनक का कहना है कि किन्नौर जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में अकसर सड़क हादसे होने पर वाहन गहरी खाई अथवा नदियों में गिर जाते हैं। कई दिनों तक वाहनों और इनमें सवार लोगों की जानकारी नहीं मिलती है। कई बार हादसे में मारे गए लोगों के शव तक बरामद नहीं होते हैं। इन सभी हादसों के चलते ही उन्होंने यह उपकरण तैयार किया है।

**कार क्रैश डिडेक्टिंग सिस्टम दिया नाम**

रौनक का बनाया मॉडल हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में बेहद कारगर साबित हो सकता है। छात्र रौनक ने इस उपकरण को कार क्रैश डिडेक्टिंग सिस्टम नाम दिया है। इस उपकरण के प्रोटोटाइप को एनआईटी हमीरपुर में चल रहे तीन दिवसीय राज्यस्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन में प्रदर्शित किया है। किन्नौर जिले के भावानगर के रौनक ने सड़क दुर्घटनाओं में वाहनों के गहरी खाई या नदियों में न गिरने के बाद नहीं मिलने की घटनाओं को देखते हुए यह मॉडल तैयार किया है।

# मेधावियों को विधायक ने बांटे टैब

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने सोमवार को राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़सर में क्षेत्र के करीब 250 लाभार्थियों को टैब वितरित किए। साथ ही उन्होंने स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता भी की। इस दौरान लखनपाल ने कहा कि बड़सर में साढ़े 16 करोड़ रुपए की लागत से मिनी सचिवालय का कार्य प्रगति पर है, जबकि, 100 बेड के अस्पताल भवन के लिए भी लगभग 30 करोड़ रुपए की डीपीआर बनाई गई है।

बड़सर-शाहतलाई सड़क की अपग्रेडेशन के लिए नाबार्ड को 34 करोड़ रुपए की डीपीआर भेजी गई है। इसके अलावा अन्य कार्यों के लिए भी करोड़ों रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने बड़सर स्कूल को 11 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा भी की। प्रिंसिपल सुनैना ठाकुर ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। लखनपाल ने शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल, एनएसयूआई के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर रूबल ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी राम शंकर, ग्राम पंचायत ग्यारहाग्रां के प्रधान किशोरी लाल, सठवीं के पूर्व प्रधान अनिल कपिलेश, एसएमसी अध्यक्ष प्रिंस बन्याल, कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी सुशील कुमार, मनोज शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगदीश ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।



मुख्य अतिथि विधायक इंद्रदत्त मेधावी स्टूडेंट्स पुरस्कार में हासिल टैब के साथ।

# गोबिंद सागर झील से फिर निकला बिलासपुर का इतिहास

## प्रदेश से लेकर केंद्र नेतृत्व नहीं दे पाया सही स्थान, 1400 करोड़ से बनाई थी मंदिरों को पुनर्स्थापन एवं जीर्णोद्धार की योजना

**शुभम राही, बिलासपुर**

हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब को रोशन करने वाला जिला बिलासपुर आज अपने इतिहास को संभाल नहीं पाया है। गोबिंद सागर झील में समाई बिलासपुर की ओल्ड संस्कृति आज भी अपने कई दर्द बयान करती है। ऐसा ही एक दर्द इन दिनों बिलासपुर की गोबिंद सागर झील में देखा जा सकता है। इसमें झील का पानी कम होने पर बिलासपुर की संस्कृति एक बार फिर पानी से बाहर निकलती हुई दिखाई दे रही है। जी हां, हम बात कर रहे हैं, प्रत्येक साल गोबिंद सागर झील में समाने वाले पौराणिक रंगनाथ मंदिर का। यह मंदिर हर साल झील में पानी का जलस्तर बढ़ने के चलते पानी में समा जाते हैं और पानी कम होने पर यह मंदिर एक बार फिर कई महीनों के लिए पानी से बाहर आ जाते हैं।

बिलासपुर का इतिहास संजोए हुए यह पौराणिक मंदिर आज भी अपने आस्तित्व की जंग लड़ रहे हैं। प्रदेश और केंद्र नेतृत्व इन मंदिरों को स्थापना को लेकर आज तक कोई ठोस योजना तैयार नहीं कर पाया है।

बीते साल की बात करें तो इन पौराणिक मंदिरों के पुनर्स्थापन एवं जीर्णोद्धार के लिए 1400 करोड़ रुपए की महत्वाकांक्षी परियोजना तैयार की गई थी, लेकिन अंततः यह परियोजना न तो कागजों में टिक पाई और न ही धरातल पर। प्रदेश में कई सरकारें आईं और चली गईं, लेकिन इन मंदिरों को शिफ्ट करने के लिए कोई भी सरकार गंभीर नहीं दिखाई दी, जिसका परिणाम हर साल यह आता है कि गोबिंद सागर झील में हर साल पानी चढ़ता है, तो यह मंदिर पानी में समा जाते हैं।

पानी उतरते ही ये मंदिर पानी से बाहर आ जाते हैं। आपको बता दें कि इन मंदिरों के पुनर्स्थापन के लिए हिमाचल प्रदेश रोड इन्फ्रॉस्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड एचपीआरआईडीसीएल को सबमिट करने की योजना थी। भाजपा सरकार के कार्यकाल में इसको राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट को बजट बुक में डाला था और पहले चरण के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट भी स्वीकृत किया गया था, लेकिन उसके बाद इस योजना पर कार्य पूरी तरह से बंद होता दिखाई दे रहा है। भाखड़ा बांध बनने से वर्ष 1960 में बिलासपुर के कई ऐतिहासिक मंदिर गोबिंद सागर झील में डूब गए थे। इन मंदिरों के साथ जिले के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। (अनंत ज्ञान)


गोबिंद सागर झील में समाए ऐतिहासिक मंदिर पानी कम होने पर दोबारा बाहर निकले आए हैं।

### शिफ्टिंग, लिफ्टिंग और रेप्लिका की थी योजना

**शिफ्टिंग** में मंदिरों के पत्थरों को निकालकर समान शैली के आधार पर मंदिरों का निर्माण किया जाएगा या अगर संभव हुआ तो मंदिरों को उठाकर चिन्हित जगह पर स्थापित किया जाएगा। लिफ्टिंग में मंदिरों को गोबिंद सागर झील के किनारे ही 20 फीट ऊपर उठाया जाएगा, ताकि मंदिर पानी में न डूबें। वहीं, रेप्लिका में मंदिरों को उसी शैली में नया प्रतिरूप बनाकर उन्हें चिन्हित जगह पर स्थापित किया जाएगा। इस योजना में इन मंदिरों के पुनर्स्थापना की योजना थी।

### पुराना शहर ही नहीं, समा गई पूरी संस्कृति

**साठ** के दशक में भाखड़ा बांध के अस्तित्व में आने के बाद पुराना बिलासपुर शहर भी जल के आगोश में समा गया था। 256 गांव पानी में डूबे थे और एक पूरी संस्कृति जल में समा गई थी। इस दौरान रियासतकालीन 28 मंदिर भी डूबे थे, जिनमें खनमुखेश्वर, सीताराम मंदिर, नर्वदेश्वर मंदिर, रंगनाथ मंदिर, शंकर मंदिर, खाकीशाह वीर्थन मंदिर, हनुमान मंदिर सांढू, मंड़ीगढ़ ठाकुरद्वारा मंदिर, रामबाग मंदिर, दिंदयूती मंदिर, धुनी मंदिर, खूहसीता मंदिर, बीड़े की बायं का मंदिर, गोपालजी मंदिर और बुद्धिपुरा मंदिर इत्यादि शुमार हैं। इस समय एक दर्जन के करीब मंदिर हैं, जो दशकों से अस्तित्व की बाट जोह रहे हैं। इनमें भी आठ ही मंदिर हैं, जिन्हें रिलोकेट किया जा सकता है।

### सैकड़ों गांव और परिवार हुए थे बेघर

**जलमग्न** होने से बिलासपुर के 354 गांव, 12 हजार परिवार और 52 हजार लोग उजड़े थे। इस शहर का डूबना एक संस्कृति का डूबना था। गोबिंद सागर झील में कहलूर रियासत का रंग महल व नया महल ही नहीं डूबे, बल्कि उनसे भी पुराने महल शिखर शैली के 99 मंदिर, स्कूल-कॉलेज और कचहरी परिसर भी डूब गए थे। यह शहर कहलूर रियासत की राजधानी था। कहलूर रियासत के एक महाप्रतापी राजा दलीप चंद ने इस शहर को अपनी राजधानी के रूप में बसाया था। उसने धौलरा में अपने महल बनवाए थे और नीचे की तरफ यह शहर बसाया था। जहां विकास के नाम पर सदियों पुराने बिलासपुर शहर को पहले तो उजाड़ा गया और उसकी जगह नया बिलासपुर शहर बसा कर नई सुविधाएं देने के आश्वासन दिए गए। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने ऐलान किया था कि बिलासपुर के विस्थापितों को इतनी सुविधाएं दी जाएंगी कि वे अपने विस्थापन के दर्द को भूल जाएंगे, लेकिन सभी सरकारों ने केवल राजनीतिक रोटियां ही सेंकी हैं।

### नौ अगस्त 1961 को डूब गई बिलासपुर की धरोहर

भाखड़ा बांध के निर्माण की योजना संयुक्त पंजाब के लेफ्टिनेंट गवर्नर लुईस डान के समय 1918 में बनाई गई। इसका निर्माण 1948 में शुरू हुआ और 1963 में इसे पूरा किया गया। इसका उद्घाटन करते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि इस बांध का निर्माण आश्चर्यजनक तथा अद्वितीय है। सुप्रसिद्ध सांडू मैदान, यहां स्थित बाजार, मंदिर, प्राचीन महल, 200 के करीब गांव, चैंटा घाटी का उपजाऊ क्षेत्र सहित सब जलमग्न हो गया। अब यहां उन स्थानों पर विश्व की सबसे बड़ी मानव निर्मित गोविंद सागर झील बनी हुई है। इसमें मत्स्य पालन, नौकायान, जलक्रीड़ा सहित अनेक रोजगार के साधन उपलब्ध हो रहे हैं। राजा आनंद चंद ने जब भाखड़ा में पुराने शहर के जलमग्न होने का मसला भारत सरकार से उठाया था, तो उस समय भारत सरकार के चीफ आर्किटेक्ट जुगलेकर ने नए शहर का नक्शा बनाया था। नगर का निर्माण 1956 में शुरू हुआ था और 1963 में बनकर तैयार हुआ था। सबसे पहले इसे रौड़ा, डियारा और चंगर तीन सेक्टर के प्रारूप से पहचाना गया।

## बधाइयां


हिमाचल के नगरोटा बगवां से शुरू होने जा रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर बधाई एवं शुभकामनाएं।
**-त्रिलोक जम्वाल, विधायक सदर।**


मुझे खुशी है कि हिमाचल से एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू हो रहा है। मेरी ओर से अनंत ज्ञान परिवार को बधाई।
**-जीतराम कटवाल, विधायक झंडूता।**


मुझे खुशी है कि नगरोटा बगवां से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू होने जा रहा है। अखबार के प्रकाशन पर मेरी ओर से अनेकों शुभकामनाएं।
**-रणधीर शर्मा, विधायक नयना देवी जी।**


नगरोटा बगवां से शुरू हो रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर मेरी और मेरी टीम की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं
**-ऋषि शर्मा, भाजपा सोशल मीडिया प्रदेश कार्य समिति सदस्य।**


मुझे नाम से ही पता चल रहा है कि दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र ज्ञान का भंडार होगा। मेरी तरफ से अनंत ज्ञान परिवार की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।
**-सुमन गर्ग, बामटा व ओयल जिला पंचायत समिति सदस्य।**


मुझे खुशी है कि हिमाचल से एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू हो रहा है। मेरी ओर से अनंत ज्ञान परिवार को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं।
**-वंदना गुलरिया जिप सदस्य ग्रयोह वार्ड धर्मपुर।**

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री के बयान पर पूर्व मंत्री गर्ग का पलटवार

**घुमारवीं।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पर हिमाचल सरकार में नवनियुक्त मंत्री एवं घुमारवीं के विधायक राजेश धर्माणी की ओर से जिला हमीरपुर में दिए गए एक बयान पर पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने पलटवार किया है। गर्ग ने कहा कि आपदा के समय केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश की हरसंभव मदद की है। गर्ग ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा पिछले दिनों बिलासपुर में आयोजित समारोह में यहां तक कह चुके हैं कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को जो राशि केंद्र से मिल रही है, पहले उसे तो खर्च कर ले।

### मांगों को करें पूरा : वेलफेयर एसोसिएशन

**श्री नयना देवी जी।** पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन जिला बिलासपुर की त्रैमासिक बैठक प्रधान डॉ. रविंद्र कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में श्री नयना देवी जी में आयोजित की गई। सदस्यों ने एक सुर में सरकार के प्रति रोष प्रकट किया कि पेंशनर कई बार सरकार से आग्रह कर चुके हैं कि उनकी बहुत देर से पड़े हुए वितीय बिलों की लंबित राशि के बारे में कोई भी घोषणा नहीं की जा रही है। इस कारण उम्रदराज पेंशनर कई गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, जिनके पेंडिंग पड़े मेडिकल बिलों का भुगतान समय पर किया जाए। इस मौके पर महासचिव त्रिलोक शर्मा, उपप्रधान सुरेंद्र धर्माणी, एएन शर्मा, प्रेम लाल चौहान, रूपलाल ठाकुर, रणजीत सिंह ठाकुर, दलजीत सिंह, राम आशरा आदि मौजूद रहे।

### इंडस्ट्रियल और एक्सपोजर विजिट को छात्र रवाना


टाइम्स ऑफ इंडिया तथा स्पेस विंडो प्राइवेट लिमिटेड का दल दौरा करेगा।

**घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बीबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एचईआईएस हाई इंस्टिट्यूट एजूकेशन सोसायटी की ओर से दो दिवसीय औद्योगिक तथा एक्सपोजर विजिट पर चंडीगढ़ तथा पंचकूला भेजा गया। यह दल टाइम्स ऑफ इंडिया तथा स्पेस विंडो प्राइवेट लिमिटेड का दौरा करेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की ओर से प्रदान किए जा रहे अवसरों से प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया।

### अपने ही कुछ लोग मेरे खिलाफ रच रहे साजिश


हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक के निदेशक सुनील शर्मा प्रेसवार्ता करते हुए।

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक के निदेशक सुनील शर्मा ने प्रेसवार्ता कर अपनों कहा कि अपने ही कुछ लोग उनके राजनीतिक भविष्य पर दाग लगाने की कोशिश कर रहे हैं। प्रेसवार्ता में सुनील शर्मा ने कहा कि विरोधियों ने साजिश के तहत जमीन की खरीद में उन पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं, जो जमीन उन्होंने खरीदी है, उसकी रजिस्ट्री राजस्व विभाग की जांच के बाद ही गई है, जबकि पूरी पेमेंट भी ऑनलाइन हुई है। जमीन खरीद से संबंधित उनके पास पूरे दस्तावेज भी हैं।

# विपक्ष को की सद्‍बुद्धि देने की कामना

## सदन में विपक्ष को दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब : राजेश धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

19 से 23 दिसंबर तक चलने वाले हिमाचल प्रदेश विधानसभा शीतकालीन सत्र को लेकर जहां विपक्ष पूरी तरह से तैयार है, तो वहीं सत्ता पक्ष ने भी विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए अपनी तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। जहां एक ओर पांच दिनों तक चलने वाले इस विधानसभा सत्र में विपक्ष की ओर से प्रदेश से जुड़े स्थानीय मुद्दे उठाए जाएंगे, तो साथ ही प्रदेश की कांग्रेस सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर कांग्रेस की ओर से दी गई गारंटियों का मुद्दा भी सदन में गूंजने की पूरी उम्मीद है।

वहीं, सदन में विपक्ष के हंगामे की संभावनाओं पर कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने विपक्ष को सद्‍बुद्धि देने की भगवान से कामना करते हुए बिना किसी तथ्यों के केवल राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के चलते सदन में बखेड़ा खड़ा करने पर सरकार की ओर से मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही है। कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी का कहना है कि सदन में विपक्ष को चाहिए कि जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाए और विपक्ष की ओर से अच्छे सुझाव आने पर सत्ता पक्ष उन पर जरूर कार्रवाई करेगा।

अगर विपक्ष सदन में अनावश्यक तौर पर बखेड़ा खड़ा करने का प्रयास करेगा, तो उसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरलतब है कि कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस घुमारवीं में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी हैं। इसके बाद वह कल से शुरू होने वाले विधानसभा शीतकालीन सत्र के लिए धर्मशाला के लिए रवाना हुए हैं। कैबिनेट मंत्री बनने से पूर्व राजेश धर्माणी ने घुमारवीं से विधायक होने के नाते विधानसभा शीतकालीन सत्र को लेकर प्रश्न भेजे थे, मगर अब हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद उन मुद्दों पर चर्चा नहीं होगी, बल्कि सरकार की तरफ से विपक्ष के सवालों का जवाब दिए जाने की राजेश धर्माणी ने बात कही है।


लोगों की समस्याएं सुनते राजेश धर्माणी, साथ हैं अन्य।

# एजेंसी मैनेजर के पदों के लिए इंटरव्यू कल

**बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की ओर से एजेंसी मैनेजर के 15 पदों के लिए 20 दिसंबर को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड शॉप नंबर 17-18 बी कोर्ट रोड मेन मार्केट बिलासपुर में सुबह साढ़े 10 से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि उम्मीदवार की इंटरव्यू के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में ग्रेजुएशन होनी चाहिए। चयनित अभ्यर्थी को दो लाख 50 हजार से लेकर पांच लाख सालाना दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त इंश्योरेंस एवं पीएफ की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 21 से 45 आयु वर्ग के पुरुष व महिला उम्मीदवार सभी अपने अनिवार्य दस्तावेजों सहित 20 दिसंबर को एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में पहुंच कर भाग ले सकते हैं।

# सर्दियों में पेयजल की समस्या से जूझ रहे लोग : जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने व्यवस्था परिवर्तन के नारे के सहारे सत्ता में आई कांग्रेस सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि सर्दियों के इस मौसम में भी लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं।

रही-सही कसर बिजली की अनियमित आपूर्ति से पूरी हो रही है। इस साल जोरदार बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हुई ग्रामीण इलाकों की सड़कों की हालत अभी तक भी नहीं सुधर पाई है। चौतरफा समस्याओं से जूझ रहे लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि यह कैसा व्यवस्था परिवर्तन है। इस सरकार का एक साल नाकामियों से भरा है। अपनी इन नाकामियों का जश्न मनाकर आखिर वह क्या साबित करना चाहती है।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि हिमाचल में एक साल पहले कांग्रेस व्यवस्था परिवर्तन के नारे के साथ सत्ता में आई थी। इस अवधि में व्यवस्था में किस तरह का परिवर्तन हुआ है, ये सब देख रहे हैं। गर्मी के मौसम में पानी की दिक्कत हो सकती है, लेकिन सर्दियों में भी इस तरह की समस्या हैरान करने वाली है। बिलासपुर के कई क्षेत्रों में सर्दी के इस मौसम में भी लोग पानी के संकट से जूझ रहे हैं। उनके घरों में लगे नलों में पानी कभी-कभार ही आ रहा है। इसके चलते पानी की जरूरत पूरी करने के लिए उन्हें कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

यही हाल बिजली आपूर्ति का है। मेंटेनेंस के लिए पावर कट लगाने की बात तो समझ में आती है, लेकिन कई इलाकों में आए दिन बिजली की आपूर्ति ठप रहती है। कई बार तो बिजली आपूर्ति की बहाली के लिए लोगों को अगले दिन या एक से अधिक दिनों तक इंतजार करना पड़ता है।

# सोलधा पंचायत में खेल मैदान का जल्द होगा निर्माण : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने सोमवार बिलासपुर सदर के सोलधा पंचायत का दौरा कर प्रस्तावित भव्य खेल मैदान के निर्माण के लिए भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित खेल मैदान का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए भूमि का चयन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में एक भव्य खेल मैदान निर्मित हो, इसके लिए कार्य जल्द आरंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में वन संरक्षण अधिनियम के मामले तुरंत को बनाने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यहां मैदान के साथ-साथ पुस्तकालय, सामुदायिक गतिविधियों संबंधी अन्य ढांचे का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मैदान में खेल गतिविधियों के साथ-साथ ओपन जिम तथा अन्य गतिविधियों का भी संचालन किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना और निवारण के संबंध में विभागों को निर्देश दिए। उपमंडल अधिकारी बिलासपुर सदर अभिषेक कुमार गर्ग तथा खेल विभाग के अधिकारी, लोनिवि व अन्य अधिकारी कर्मचारी इस मौके पर मौजूद थे।

# पंजगाईं और कहलूर वॉरियर ने जीते मैच

**झंडूता।** झंडूता के बल्हसीहणा में चल रही घंडीर प्रीमियर लीग के पहले मैच में मास्टर ब्लास्टर पंजगाईं की टीम ने महावीर इनविजिबल टीम को 48 रन से पराजित कर दिया। वहीं, दूसरे मैच में कहलूर वॉरियर ने स्वास्तिक इलेवन को चार विकेट से पराजित किया।

पहले मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मास्टर ब्लास्टर पंजगाईं ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 155 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महावीर इनविजिबल की टीम 19.2 ओवर में 107 रन पर ऑल आउट हो गई। दूसरे मैच में स्वस्तिक इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 93 रन बनाए। कहलूर वॉरियर ने 16 ओवर में ही छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# घुमारवीं शहर में पानी की किल्लत से लोग परेशान

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

> बिजली का लोड न होने के कारण मशीनरी काम नहीं कर रही है। यही वजह है कि पानी पूरी तरह से लिफ्ट नहीं हो पा रहा है। इस वजह से पानी की सप्लाई कम दी जा रही है। इस बारे में बिजली विभाग को अवगत करवाया गया है, जैसे ही बिजली का लोड पर्याप्त मिलना शुरू होगा, पानी की आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।
> **-मस्तराम चौहान, सहायक अभियंता, जल शक्ति विभाग घुमारवीं।**

नगर परिषद घुमारवीं में पिछले कई दिनों से पानी की किल्लत बनी हुई है। सर्दी का मौसम होने के बावजूद शहर में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मच गई है।। पहले तो बीते बरसात के मौसम में भी दस-दस दिन शहर में पानी नहीं आया। वर्तमान में यह जल शक्ति विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है। शहर में लोग रोजाना विभाग के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

हालांकि मौसम में ठंडक है और पानी की खपत भी कम है। बावजूद इसके घुमारवीं शहर के लोगों के लिए पानी की समस्या अभी भी गर्मियों जैसी ही बनी हुई है। शहर के लगभग सभी सात वार्ड पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। एक-दो दिन छोड़कर अपनी अगर आता भी है, तो प्रेशर इतना काम होता है कि छत पर रखी पानी की टंकियां तक नहीं पहुंच पा रहा है।

बताते चलें कि शहर में पानी की समस्या हमेशा गर्मियों में या फिर बरसात में होती थी क्योंकि बरसात के दिनों में नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण पानी में गाद आ जाने से कई दिनों तक पानी लिफ्ट नहीं हो पाता है। नगर परिषद के वार्ड एक बड़ू वार्ड के निवासियों विनोद, राकेश, सरोज, सुषमा, रतनलाल, राम प्यारी, देवी राम आदि का कहना है कि पानी की कमी की वजह से एक सप्ताह से कपड़े तक नहीं धुल पा रहे हैं। यहां तक की रसोई के काम भी नहीं हो पा रहे हैं। जबकि कई बार स्थानीय पार्षद तथा अन्य अधिकारियों को इस बात से अवगत करवाया गया है, लेकिन बावजूद इसके हालत नहीं सुधर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# बाल वैज्ञानिकों ने राज्य स्तरीय सम्मेलन में मनवाया लोहा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

31वां राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन-2023 राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान हमीरपुर में गत 17 दिसंबर को संपन्न हुआ। कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक व वर्तमान में कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पुष्पेंदर वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चार दिवसीय राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन में विभिन्न गतिविधियों में जिला बिलासपुर के बाल विज्ञानिकों ने अपनी अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना लोहा मनवाया।

जिला विज्ञान पर्यवेक्षक कश्मीर सिंह ने बताया कि विज्ञान प्रश्नोत्तरी कनिष्ठ शहरी वर्ग इंटरनेशनल स्कूल घुमारवीं की आराध्या और हर्षिता ने राज्य में द्वितीय स्थान हासिल किया। मैथमेटिकल ओलंपियाड सीनियर वर्ग में मिनर्वा पब्लिक स्कूल घुमारवीं के आदित्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ साइंटिफिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट वरिष्ठ वर्ग में बेस्ट आठ प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स में मिनर्वा पब्लिक स्कूल घुमारवीं के अभिनव तथा कनिष्ठ वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जामली की सुनैना राष्ट्रीय बाल विज्ञानिक प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं।

उपनिदेशक उच्च शिक्षा बिलासपुर जोगिंद्र सिंह राव व उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा बिलासपुर विशंभर दास शर्मा ने जिला विज्ञान पर्यवेक्षक कश्मीर सिंह जिला विज्ञान समन्वयक बाल विज्ञान सम्मेलन एवं प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्रा घुमारवी परमजीत शर्मा और राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित बाल विज्ञानिकों को शुभकामनाएं दीं।

**परेशानी** बिलासपुर शहर में बिना डर से किया जा रहा अतिक्रमण, कौन होगा जिम्मेदार

# चंपा पार्क की वर्षाशालिका को बना दिया रेस्तरां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के चंपा पार्क में स्थित वर्षाशालिका इन दिनों रेस्तरां बन गई है। राहगीरों और बस का इंतजार करने के लिए लोगों के लिए गई इस वर्षाशालिका में अब लोगों के लिए व्यंजन परोसे जा रहे हैं।

वहीं, हैरानी की बात यह है कि यह रेस्तरां यहां पर काफी महीने से चल रहा है, परंतु स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी तक नहीं है। ऐसे में कहीं न कहीं इस संदर्भ में प्रशासन पर भी कई सवाल खड़े हो रहे है, क्योंकि एक तरफ प्रशासन व सरकार अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई करने में लगा है तो दूसरी ओर सरकारी जमीन पर ही रेस्तरां और वर्षाशालिका की जगह पर व्यंजन परोसे जाना, एक तरफा कार्रवाई दिखा रहा है। गौर हो कि बिलासपुर शहर के बसों के इंतजार के लिए कई स्थानों पर वर्षाशालिकाएं बनाई गई हैं। इसमें लोग बसों का इंतजार और अगर बारिश या तेज धूप में यहां पर खड़े हो सकते हैं।

शहर की बात करें तो चंपा पार्क, कॉलेज चौक, सदर थाना स्थान व बामटा में वर्षाशालिकाएं बनाई गई हैं, ऐसे में वर्तमान स्थिति की बात करें तो नगर के चंपा पार्क की वर्षाशालिका में रेस्तरां तो कॉलेज चौक की वर्षाशालिका में आवारा पशु और बामटा की वर्षाशालिका की हालत दयनीय है। बता दें कि बारिश का मौसम और मूसलाधार बारिश में जनता को इन वर्षाशालिकाओं की सबसे अधिक जरूरत होती है। वहीं, इन दिनों बिलासपुर जिला में ठंड का काफी प्रकोप भी है, ऐसे में सुबह काफी धुंध में लोग सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार करते हैं। धुंध अधिक होने की वजह से सुबह बिलासपुर शहर में विजिविलिटी भी कम होती है, ऐसे में यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।


शहर के चंपा पार्क में स्थित वर्षाशालिका में बना रेस्तरां, (दाएं) बस पर चढ़ती सवारियां।

# परिवहन निगम ने बिलासपुर बस स्टैंड में खाली करवाई दुकान

## दुकानदार 11 महीनों से नहीं दे रहा था दुकान का रेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर बस स्टैंड पर परिवहन निगम ने सोमवार को एक दुकान खाली करवाई। इस दुकान की निगम की एक लाख 96 हजार 464 रुपए की देनदारी हो गई थी। इसके चलते बिलासपुर निगम के आरएम विवेक लखनपाल देखरेख में यह दुकान खाली करवाई गई है।

जानकारी के अनुसार उक्त दुकानदार द्वारा 11 महीने से निगम को कोई भी रेंट नहीं दिया जा रहा था। इसके चलते निगम ने अभी तक दुकानदार को लगभग आठ नोटिस भी जारी कर दिए थे। उसके बावजूद भी दुकानदार की ओर से किराया नहीं दिया जा रहा था, ऐसे में सोमवार सुबह ही निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने दुकान का सामान कब्जे में लेकर सारी दुकान खाली करवाई।

जानकारी देते हुए बिलासपुर निगम के आरएम विवेक लखनपाल ने बताया कि अधिकारियों की देखरेख में ही दुकान का सामान बाहर निकाला गया। निगम की ओर सामान को सही ढंग से बाहर निकाला गया। सामान को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया गया।

विवेक लखनपाल ने बताया कि दुकानदार को लगातार नोटिस भेजे गए, लेकिन उसने किराये का भुगतान नहीं किया, साथ ही उसका अनुबंध भी समाप्त हो गया था। इसके बाद कार्रवाई करते हुए दुकान को खाली करवा दिया गया। इस दौरान वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### सुनील भवन के निर्माण के लिए किया सहयोग



एबीवीपी इकाई के कार्यकर्ता पोकेट मनी से भवन के लिए सहयोग करते हुए।

**शिमला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष गौरव ने कहा कि सोमवार को एबीवीपी प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई ने सुनील उपाध्याय एजुकेशनल ट्रस्ट की ओर से एबीवीपी प्रदेश के प्रदेश कार्यालय सुनील भवन के निमार्ण कार्य हेतु विश्वविद्यालय एबीवीपी इकाई के कार्यकर्ताओं ने अपनी पोकेट मनी से सहयोग किया। आज एबीवीपी प्रदेश में जो विराट रूप विद्यार्थी परिषद का है, उसका श्रेय सुनील उपाध्याय को जाता है। उन्हीं के प्रयासों से विद्यार्थी परिषद आज प्रदेश में नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है।

### अस्पताल परिसर में क्रमिक अनशन पर बैठे

**शिमला।** सिविल अस्पताल ठियोग में चल रही चिकित्सकों तथा अन्य स्टाफ की कमी सहित उपकरणों आदि की कमी को लेकर अस्पताल बचाओ संघर्ष समिति ने आंदोलन शुरू कर दिया है और अस्पताल परिसर में क्रमिक अनशन पर बैठ गए हैं। सिविल हॉस्पिटल ठियोग में स्वीकृत पदों से कम मात्र छह चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं, जिनमें से दो चिकित्सक अवकाश पर चल रहे हैं, ऐसे में रोजाना चलने वाली ओपीडी पर इसका असर पड़ रहा है। अस्पताल में 400 से 500 के बीच ओपीडी रहती है और चिकित्सकों की कमी के कारण अधिकतर मरीजों को शिमला या निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। सिविल अस्पताल में चल रही कमियों को लेकर अस्पताल बचाओ संघर्ष समिति ने ठियोग बाजार में रैली निकाली।

### रिशिका साइंटिफिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट में प्रथम




रिशिका को साइंटिफिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट में प्रथम स्थान करने पर पुरस्कृत करते हुए।

**कुमारसैन।** एनआईटी हमीरपुर में चार दिवसीय राज्य स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस का आयोजन 14 से 17 दिसंबर तक हुआ। इसमें साइंस प्रोजेक्ट रिपोर्ट में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला वीरगढ़ की नवीं कक्षा की छात्रा रिशिका ने भाग लिया और राज्य स्तर पर साइंटिफिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट में प्रथम स्थान हासिल करके राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित हुई। अब रिशिका नेशनल चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। इस प्रतियोगिता में रिशिका का मार्गदर्शन अध्यापिका सीमा ने किया।

### तीन पेंशन भोगी सदस्यों को किया सम्मानित



राष्ट्रीय पेंशन दिवस के अवसर पर मौजूद संघ पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य।

**ठियोग।** राष्ट्रीय पेंशन दिवस के अवसर पर ठियोग तहसील पेंशनर संघ की ओर से पेंशन दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 80 वर्ष पूर्ण कर चुके तीन पेंशन भोगी सदस्यों को टोपी, मफलर, जैकट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्मानित होने वाले पेंशनर्स में गंगा राम, हेत राम व लछमन सिंह शामिल हैं। इस अवसर पर संघ के प्रधान महेंद्र चंदेल ने पेंशन दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने पेंशनर्स को संशोधित वेतनमान व डीए की बकाया राशि के भुगतान को शिघ्र करने का सरकार से आग्रह किया।

### पुरुष कर्मचारियों के लिए शुरू किया सिक रूम

**शिमला।** आईजीएमसी में पुरुष कर्मचारियों के लिए सिक रूम शुरू कर दिया है, जिसमें कर्मचारियों को स्पेशल वार्ड जैसे सुविधाएं मिलेंगी। यह मांग आईजीएमसी कर्मचारी संघ की ओर से उठाई गई थी, जिसके लिए संघ प्रदेश सरकार व आईजीएमसी प्रिंसिपल डॉ. सीता ठाकुर, एमएस डॉ. राहुल राव व एडी ईशा ठाकुर का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने आईजीएमसी कर्मचारियों की इस मांग को पूर्ण करने में अपना सहयोग दिया है।

# लक्कड़ बाजार स्केटिंग रिंक पर पहले दिन उमड़ा लोगों का हुजूम

## स्केटिंग शुरू, स्केटिंग करने के लिए पर्यटकों को चुकाने होंगे 300 रुपए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के शिमला में सोमवार को आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग शुरू हो गई है। लोगों ने पहले दिन स्केटिंग का भरपूर आनंद उठाया। वहीं, जो लोग स्केटिंग नहीं करते हैं उन्होंने भी देखने का लुत्फ उठाया।

स्केटिंग करने का समय सुबह आठ से दस बजे तक रहा। अभी अगर मौसम का साथ इसी तरह मिलता रहा, तो शाम के सेशन की शुरुआत भी जल्द हो जाएगी। शिमला स्केटिंग रिंक के ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी रजत मल्होत्रा ने बताया कि लंबे इंतजार के बाद अब स्केटिंग शुरू हो गई है। सुबह से स्केटिंग के सेशन शुरू कर दिए गए हैं। स्केटिंग रिंक के मेंबर स्केटिंग कर सकते हैं। इसके अलावा स्केटिंग का शौक रखने वाले पर्यटक भी यहां स्केटिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। एक सेशन के लिए पर्यटकों को 300 रुपए का मामूली चार्ज चुकाना होगा, बता दें कि रिंक में जमने वाली बर्फ पूरी तरह से मौसम पर निर्भर होती है।



लक्कड़ बाजार आइस स्केटिंग रिंक में सीजन के पहले दिन स्केटिंग करते स्केटर्स।

इसके लिए सुबह और रात के वक्त साफ आसमान की जरूरत पड़ती है।

आसमान में बादल होने की स्थिति में बर्फ नहीं जम पाती। मशहूर आइस स्केटिंग रिंक लक्कड़ बाजार के पुराना बस स्टैंड के नजदीक है। यहां पहुंचने के लिए पुराना बस स्टैंड से लक्कड़ बाजार के लिए लोकल बस लेकर पहुंचा जा सकता है।

इसके अलावा निजी गाड़ी या टैक्सी के माध्यम से भी यहां पहुंचना आसान है। रिंक मुख्य सड़क से ही नजर आ जाती है। अगर आप मालरोड पर हैं, तो स्कैंडल प्वाइंट से तिब्बती मार्केट होते हुए आसानी से स्केटिंग रिंक तक पहुंचा जा सकता है। ब्रिटिश शासनकाल के दौरान भारत पर आधिपत्य स्थापित कर राज करने वाले अंग्रेज शिमला की अलग-अलग जगहों पर खेल खेला करते थे।

### साल 1920 तक खेला जाता था टेनिस

मौजूदा समय में जहां स्केटिंग रिंक है, वहां साल 1920 तक टेनिस खेला जाता था। अंग्रेज ब्लेसिंग्टन भी यहां टेनिस खेलने आया करते थे, लेकिन मुश्किल यह थी कि सर्दियों के समय यह टेनिस कोर्ट जम जाया करता और अंग्रेज यहां खेल नहीं पाते। ब्लेसिंग्टन ने टेनिस कोर्ट में पानी भर दिया और सुबह जब वापस लौटा, तो पूरे टेनिस कोर्ट पर बर्फ की पतली परत जम चुकी थी। तभी ब्लेसिंग्टन को यहां आइस स्केटिंग रिंक बनाने का ख्याल आया। इस तरह यहां शिमला में एशिया का पहला ओपन स्केटिंग रिंक बना।

# हिम ईरा फूड कार्निवाल में लोगों ने लिया पारंपरिक व्यंजन का लुत्फ



हिम ईरा फूड कार्निवाल के अंतिम दिन व्यंजनों का लुत्फ उठाते लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

रिज मैदान पर हिम ईरा फूड कार्निवाल का सोमवार को समापन हो गया है। दो दिसंबर से शुरू हुए इस कार्निवाल में प्रदेश के सभी जिलों के अलग-अलग पारंपरिक व्यंजनों को पर्यटकों व स्थानीय लोगों के लिए परोसा गया। लोगों ने इस कार्निवाल का खूब आनंद लिया।

कार्निवाल में लगभग 30 स्टाल स्थापित किए गए थे, जिनमें पारंपरिक व्यंजन, मिल्लेट्स से तैयार व्यंजन, पारंपरिक कपड़े और जैविक उत्पाद इत्यादि थे। इसके अतिरिक्त हर प्रकार की धाम यहां पर लोगों को चखने को मिली। इस कार्निवाल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की खूब आमदनी हुई। महिलाओं ने बताया कि सरकार इस तरह के कार्निवाल का आयोजन समय-समय पर हर जिलों में करती रहे, ताकि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आत्म निर्भर बन सकें। समूह की महिला सीमा, लता, कुसुम ने बताया कि सरकार का यह प्रयास काफी सराहनीय है। इससे प्रदेश के व्यंजन पर्यटकों व स्थानीय लोगों को चखने के लिए मिलेंगे। वहीं, महिलाओं को स्वरोजगार भी मिलेगा।

### हिम ईरा फूड कार्निवाल में खूब लगी नाटी

हिम ईरा फूड कार्निवाल पहली बार रिज मैदान पर प्रशासन की ओर से डीजे का इंतजाम किया गया था। हर रोज सुबह से शाम तक बीच-बीच में डीजे पर पहाड़ी नाटी बजती रहती थी। डीजे पर नाटी बजते ही पर्यटक व स्थानीय लोग झूमने पर विवश हो जाते थे। कार्निवाल के अंतिम दिन रिज पर लोगों ने खूब ठुमके लगाए। इस दौरान सैकड़ों की तादाद में लोग डीजे पर झूम रहे लोगों को देखने के लिए एकत्र हो जाते थे।

# ड्रेनेज सिस्टम व पेड़ों की लॉपिंग को लेकर होंगे अहम फैसले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**विकास कार्य के चार मामलों पर लगेंगे प्रस्ताव एमसी की बैठक आज**

एमसी की एफसीपीसी की बैठक में आज डक्ट सिस्टम, ड्रेनेज सिस्टम व पेड़ों की लॉपिंग को लेकर अहम फैसले होंगे। प्रशासन ने एफसीपीसी की बैठक आज रखी है। इसमें शहर के विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव लगने वाले हैं।

बैठक में चार मुख्य प्रस्ताव लगने वाले हैं। इसमें सबसे पहले शहर के सीवरेज सिस्टम को बनाने को लेकर प्रस्ताव लगने वाले हैं। शहर के मज्याठ वार्ड, पंथाघाटी वार्ड और अन्य कई वार्डों में अभी भी सीवरेज लाइन से नहीं जोड़ा गया है। हालांकि इसको लेकर बजट भी है। बावजूद इसके भी शिमला जल प्रबंधन निगम ने कई घरों को नहीं जोड़ा है। ऐसे में एफसीपीसी की बैठक में इसका भी प्रस्ताव लगने वाला है। बैठक में यह भी तय किया जाएगा कि सीवरेज लाइन को बिछाने और घरों को जोड़ने के लिए कब से और कब तक कार्य किया जाना है। इसके अलावा शहर की सड़कों के ड्रेनेज सिस्टम को लेकर भी चर्चा हो सकती है। बर्फबारी से पहले शहर की सभी सड़कों का ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त किया जाना है। शहर में निर्माणाधीन कई पार्किंगों का कार्य पूरा हो गया है। कुछ पार्किंगों का बजट भी बढ़ गया है। ऐसे में इसको लेकर भी चर्चा होनी है। हाल ही में निगम की ट्री कमेटी ने तय किया है कि वन विभाग के अधिकारियों के साथ शहर के सभी क्षेत्रों के पेड़ों की लॉपिंग की जानी है। यह कार्य कहां से शुरू करना है, इसको लेकर भी प्रस्ताव लगने वाला है। नगर निगम ने अपने ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में कुछ बदलाव किए हैं, जिसमें अब एमसी की इमारतों का किराया भी उपभोक्ता ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन सभी प्रस्तावों को एमसी हाउस में लाया जाएगा और प्रदेश सरकार को भी भेजा जाना है। उसके बाद इसका कार्य शुरू कर दिया जाना है।

# समारोह में 200 बच्चे किए पुरस्कृत

## वार्षिक समारोह में अब्दुल कलाम हाउस को ऑलराउंड बेस्ट के खिताब से नवाजा



जुन्गा स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मौजूद स्टूडेंट्स व अध्यापाक।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

राजकीय उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला जुन्गा ने अपना वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार को धूमधाम से मनाया, जिसमें शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले 200 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने की, जबकि प्रधानाचार्य सुमन चंदेल बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।

अध्यक्ष और प्रधानाचार्य के साथ मिलकर बच्चों को पुरस्कार बांटे। इस मौके पर अब्दुल कलाम हाउस को ऑल राउंड बेस्ट के खिताब से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त शैक्षणिक सत्र 2022-23 के दौरान छठी से 12वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया, जिसमें छठी कक्षा की नंदिनी ठाकुर, आरुष और कनिका, वैश्नवी, आठवीं की सिमरन, और अवंतिका, नौवीं कक्षा की खुशबू ठाकुर, कनिका और कनक मेहता, 10वीं कक्षा की स्मृति, कशिश और निहारिका, 11वीं कक्षा की महक, साक्षी, कशिश और 12वीं कक्षा के आयुष, साक्षी और पलक को पुरस्कृत किया गया।

इसी प्रकार नेशनल स्तर की खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले शिवम, साहिल और रोहित को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रओं भारती, स्मृति, कशिश, वैशनवी, माही, राधिका, आरती, कशिश और मुस्कान तथा जिला स्तर पर भाग लेने वाली छात्रा गुंजन, किरण, चाहल, तनवी, चंचल को पुरस्कृत किया गया। छात्र वर्ग में प्रशांत, अभिषेक, हिमांशु, अखिल, निशंत, अंकुश, अशुंमन, सारांश, अनीश, हरि और अनुज, राज्य स्तर की खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लेने वाले निखिल, प्रांजल, सिद्धार्थ, कपिल, अजय कुमार, कर्ण, अनुज और आंशुल को पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर स्कूल के प्रवक्ता जीत राम, रामलाल लोधटा, राकेश शर्मा सहित सभी शिक्षक, गैर शिक्षक और भारी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# कब्रिस्तान में मिले शव के मामले में हत्या का केस दर्ज

**शिमला।** छोटा शिमला थाने के अंतर्गत कनलोग में कब्रिस्तान में खून से लथपथ मिले अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने के मामले में पुलिस ने हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है। छोटा शिमला थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

बीते रविवार को शव कब्रिस्तान में खून से लथपथ मिला। सिर, गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान मिले हैं। डीएसपी अमित ठाकुर के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर तथ्य जुटाए। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके का मुआयना किया। अब तक कि जांच में सामने आया है कि युवक को मौत के घाट उतारा गया है। हालांकि पहले यह माना जा रहा था कि उसकी गिरने से मौत हुई है। एसपी संजीव गांधी ने बताया कि शव बरामदगी मामले में आईपीसी की धारा-302 के तहत हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। शव की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्राथमिक पाठशालाओं की क्लस्टर व्यवस्था को किया जाए सुदृढ़: जगदीश

**अनंत ज्ञान, ठियोग**

प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे सकरात्मक कार्यों और गुणात्मक शिक्षा में किया जा रहे प्रयासों से संघ पूरी तरह सरकार व शिक्षा विभाग के साथ है तथा गुणात्मक शिक्षा व अन्य शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश को अव्वल लाने के लिए वचनबद्ध है।

ठियोग के विश्राम गृह में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान जगदीश शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग में क्लस्टर बनाने का कार्य चल रहा है, जिससे हम सहमत हैं क्योंकि उच्च शिक्षा विभाग में कक्षा छह से 12वीं तक क्लस्टर व्यवस्था न के बराबर है तथा वहां इसकी आवश्यकता हो सकती है, परंतु नर्सरी से लेकर पांचवीं तक (आठ कक्षाओं) तक के क्लस्टर बने हुए हैं और पूर्व से ही बहुत बेहतर तरीके से काम कर रहे हैं। इसलिए प्राथमिक पाठशालाओं के लिए पुन: क्लस्टर



प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष जगदीश जानकारी देते हुए।

व्यवस्था में फेरबदल की आवश्यकता नहीं है, बल्कि इनको वर्तमान ढांचे के अनुसार रखते हुए और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, जिसके लिए प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और प्रधान शिक्षा सचिव राकेश कुमार से भी विस्तृत चर्चा की है और इसमें कुछ सुझाव भी रखे। सरकार व विभाग की ओर से रिसोर्स शेयरिंग के नाम पर जिस क्लस्टर व्यवस्था का गठन करने की सोच रखी है, उसमें प्राथमिक शिक्षक संघ पूरी तरह सरकार व विभाग के साथ है तथा जो भी रिसोर्स प्राथमिक वर्ग के पास हैं वह पूरी तरह शेयर करने के लिए तैयार हैं।

# एमसी के सभी वार्डों में काले बिल्ले लगाकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सैहब सोसायटी वर्कर्स यूनियन ने कर्मियों की मांगों को लेकर नगर निगम के सभी वार्डों में काले बिल्ले लगाकर निगम प्रशासन की तानाशाही व मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया।

इस दौरान कर्मियों ने काले बिल्ले लगाकर कार्य किया। 21 दिसंबर को निगम आयुक्त की तानाशाहीपूर्वक कार्यप्रणाली के खिलाफ सैकड़ों सैहब कर्मी आयुक्त कार्यालय पर 'घेरा डालो डेरा डालो' कार्यक्रम करेंगे। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, यूनियन अध्यक्ष जसवंत सिंह



सैहब सोसायटी मांगों को लेकर काले बिल्ले लगाकर प्रदर्शन करती हुई।

व महासचिव ओमप्रकाश गर्ग ने कहा कि सैहब मजदूरों व सुपरवाइजरों का आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है। हर महीने एक दर्जन सुपरवाइजरों व सैकड़ों आउटसोर्स कर्मियों का वेतन रोका जा रहा है, जो कि वेतन भुगतान अधिनियम 1936 का उल्लंघन है। सुपरवाइजरों व गारबेज कलेक्टरों के हर महीने वेतन को रोकने के लिए नगर निगम आयुक्त के निर्णय को श्रम अधिकारी शिमला की ओर से गैर कानूनी घोषित किया जा चुका है, परंतु इसके बावजूद वह तानाशाही कर रहे हैं।

आयुक्त आए दिन सुपरवाइजरों को मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर रहे हैं, जो कि गैर कानूनी है।




## न्यूज ब्रीफ

### मैथ्स ओलंपियाड में देवांश का तीसरा स्थान



मैथ्स ओलंपियाड में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले देवांश गुप्ता प्रिंसिपल के साथ।

**पावंटा साहिब।** चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में द स्कॉलर्स होम स्कूल के छह विद्यार्थियों ने विभिन्न वर्गों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रिंसिपल निशा परमार ने बताया कि स्कूल के देवांश गुप्ता ने इस राज्य स्तरीय मेथ्स ओलंपियाड में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता एनआईटी हमीरपुर में 14 से 17 दिसंबर तक चली। राज्य स्तरीय चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस में भाग लेने के लिए स्कूल निदेशक डॉ. नरेंद्रपाल सिंह नारंग, स्कूल निदेशक गुरमीत कौर नारंग ने साइंस और चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस की प्रभारी रीना शर्मा एवं मेथ्स दमन दीप सिंह मतनेजा, अध्यापक नीतु ठाकुर को विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए बधाई दी तथा विद्यार्थियों के परिश्रम की सराहना की।

### प्रज्ञा गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित



**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन की स्वयंसेविका प्रज्ञा जो कि बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है, का चयन दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड शिविर कैंप-2024 के लिए हुआ है। महाविद्यालय के लिए यह एक गर्व का अवसर है। प्रज्ञा जिला शिमला तहसील ठियोग के बलसन क्षेत्र के एक साधारण परिवार की रहने वाली है। पिता कपिल चौहान एक किसान हैं तथा माता बिमला देवी एक साधारण गृहिणी है। प्री-रिपब्लिक डे कैंप में हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान, पंजाब,चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश के एनएसएस स्वयंसेवियों ने भाग लिया। प्राचार्य रीता शर्मा ने कहा कि यह पूरे सोलन क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

### प्रिंसिपल राठौर के सेवा विस्तार पर जताई खुशी


धुंधन स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल को सम्मानित करते शिक्षक।

**अर्की।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंधन में सूक्ष्म सम्मान समारोह का आयोजन किया। राष्ट्रीय पुरस्कार से पुरस्कृत प्रिंसिपल सरताज सिंह राठौर के दो वर्ष सेवा विस्तार मिलने पर भव्य स्वागत किया। प्रिंसिपल सरताज सिंह राठौर के पुनः कार्यभार ग्रहण करने पर समस्त शिक्षक साथियों, स्कूल प्रबंधन समिति तथा विद्यार्थियों ने हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया। समस्त इलाका वासियों और विद्यालय परिवार में प्रधानाचार्य के कार्य ग्रहण करने पर खुशी की लहर दिखाई दी। स्कूल प्रबंधन समिति और समस्त विद्यालय परिवार ने हिमाचल प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग के इस पुनीत कार्य के लिए विशेष धन्यवाद किया।

### एड्स जागरूकता पर भाषण प्रतियोगिता

**अर्की।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बातल (अर्की) में अर्की स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीएमओ अर्की के तत्वावधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्यतिथि महाविद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता शर्मा रही। इस दौरान महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब की ओर से एड्स के बारे में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर परामर्शदाता विजय शांडिल ने छात्राओं को बीमारी के लक्षण व बचाव के बारे में बताया। इस अवसर पर विभाग के सीनियर लैब तकनीशियन मनीष कुमार की ओर से 80 छात्राओं के सैंपल लिए गए। कार्यक्रम में हेल्थ सुपरवाइजर भूषण वर्मा, एसटीएलएस हेमंत गुप्ता भी उपस्थित रहे।

### सीएचसी राजपुर में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**पांवटा साहिब।** सीएचसी राजपुर में एकदिवसीय मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन और सिविल अस्पताल पांवटा साहिब के विशेषज्ञ चिकित्सक पहुंचे। एकदिवसीय मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर में जनरल सर्जन, गाईनी, मेडिसिन, नेत्र रोग विशेषज्ञ सहित कई डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की। राजपुर अस्पताल आंजभोज का एकमात्र अस्पताल है, जहां पर दर्जनों पंचायतों के लोग आते हैं। वहीं, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाते हैं। अस्पताल में डाक्टरों सहित कई पद रिक्त पड़े हैं, मगर डॉ. विवेक सूद यहां लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं जिनके अनुभव का लोग लाभ उठा रहे हैं।

### गुरुद्वारा आनंदपुर साहिब का किया शैक्षणिक भ्रमण


राजकीय उच्च विद्यालय लड़ोग के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर।

**अर्की।** राजकीय उच्च विद्यालय लड़ोग के विद्यार्थियों और अध्यापकों के एक दल ने 17 दिसंबर को विद्यालय मुख्याध्यापिका मनोरमा चड्ढा की अगुआई में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने गुरुद्वारा आनन्दपुर साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब के दर्श के साथ विराजते खालसा व भाखड़ा डैम को भी देखा। पश्चात सभी ने माता श्री नयना देवी मन्दिर में पहुंच शीश नवाकर दर्शन किए। इस दौरान शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को देखे गए सभी स्थानों के महत्व और विशेषताओं को बताया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मनोरमा चड्डा, यशपाल वर्मा, भूपेन्द्र कुमार शास्त्री, पवन कुमार, सरोज कुमारी, अतिबाला सहित बच्चे मौजूद रहे।

# निशानदेही के बावजूद नहीं हटाया अतिक्रमण, प्रशासन ने गिराया

## राजगढ़ रोड पर दुकानों के आगे किए अतिक्रमण पर चला पीला पंजा

**पूजा वर्मा, सोलन**



सोलन के राजगढ़ रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करती प्रशासन की टीम।

प्रशासन ने एसडीएम सोलन कविता की अगुआई में सोमवार को भी अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान शनिवार को जिन-जिन स्थानों पर प्रशासन की ओर से अवैध कब्जों को लेकर निशान लगाए गए थे, वहां पर सोमवार को जेसीबी मशीन चलाई गई।

इस दौरान कई दुकानों के आगे बनाई गई सीढ़ियां अवैध निकलीं, जिन्हें प्रशासन की टीम ने जेसीबी से उन्हें मौके पर ही गिरा दिया, साथ ही प्रशासन की ओर से भवन मालिकों को चेतावनी जारी की गई कि जिन स्थानों पर अवैध कब्जा है, उसे लोग स्वयं ही तोड़ दें, अन्यथा जब प्रशासन इन्हें पूरी तरह तुड़वाएगा तो उनसे ही इसकी रिकवरी की जाएगी।ऐसे में निशान लगने के बाद अधिकतर लोग स्वयं ही अवैध कब्जे तोड़ रहे हैं।

वहीं, एसडीएम कविता ठाकुर ने कहा कि प्रशासन की यह मुहिम आगामी दिनों में जारी रहेगी और सड़क किनारे जहां जहां भी संभव है, दोनों और पैदल चलने के लिए फुटपाथ का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि इस मुहिम के तुरंत बाद डीपीआर तैयार करवाई जाएगी और फुटपाथों का निर्माण होगा, ताकि पैदल चलने वाले लोगों को सुविधा मिल सके।

सोलन प्रशासन की ओर से पिछले 10 दिनों से शहर में अवैध कब्जों को लेकर मुहिम चलाई गई है और इसमें प्रशासन को भारी सफलता भी मिल रही है, साथ ही लोग प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना भी कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि अगर कुछ वर्ष पहले ही इस प्रकार से अतिक्रमण पर रोक लगा दी जाती, तो आज सोलन का स्वरूप न बिगड़ता।

# किशनपुरा में सीवरेज लाइन के टैंक से व्यक्ति का शव बरामद


किशनपुरा सीवरेज टैंक में मिले शव को बाहर निकालते पुलिस कर्मी।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

विधानसभा पांवटा साहिब के किशनपुरा क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव मिला है। व्यक्ति का शव सीवरेज लाइन के टैंक से बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को टैंक से बाहर निकाला। व्यक्ति की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है या यह दुर्घटना है, इन सब सवालों के जवाब के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक व्यक्ति की पहचान किशनपुरा निवासी जगत राम उम्र 47 के रूप में हुई है। जगत राम का शव गुर्जर मोहल्ले के समीप बरामद हुआ है। लोगों ने सुबह करीब आठ बजे सीवरेज लाइन के लिए बनाए गए एक टैंक में जगत राम की लाश देखी। इसकी सूचना पांवटा पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों और जेसीबी की सहायता से शव को बाहर निकाला।

मामले की शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतक शराब पीने का आदी था, ऐसे में उसके शराब पीकर टैंक में गिरने और ठंड के कारण मौत होने के कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि पुलिस मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर पूछताछ कर रही है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# गंज बाजार पार्क का होगा जीर्णोद्धार खस्ताहाल मंच की होगी रिपेयर


सोलन के गंज बाजार पार्क में जर्जर हालत में मंच।

**पंकज जोशी, सोलन**

नगर निगम सोलन शहर के पार्कों का जीर्णोद्धार कर लोगों को बेहतर सुविधा देने की दिशा में कार्य कर रही है। सोलन के मुख्य बाजार के बीचोंबीच स्थित गंज बाजार में बने पार्क में झूले लगाने का कार्य शुरू हो चुका है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से मंच की रिपेयर और शौचालय की मरम्मत भी होगी।

बता दें कि शहर के बीचोंबीच होने के बावजूद काफी समय से पार्क की हालत दयनीय बनी हुई है। निगम को कई बार लोगों की शिकायतें आ चुकी हैं। इस पार्क में बच्चे खेलते हैं, जिसके चलते वृद्ध लोग पार्क में नहीं आ पाते हैं।

पार्क में व्यवस्थित ढंग से झूले लगाने का कार्य शुरू हो चुका है और पिछले कल भी पार्क को इसी के चलते बंद रखा गया था। आयुक्त जफर इकबाल का कहना है कि इस पार्क को योगा पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा, साथ ही यहां बने टॉयलेट की स्थिति में भी सुधार किया जाएगा और नगर निगम जल्द से जल्द ही कार्य संपन्न करने का प्रयास कर रही है।

# सोलन में केंद्रीय राज्य पुस्तकालय का बनेगा हाईटेक ब्लॉक

## शिक्षा सचिव की पहल से होगा करीब डेढ़ लाख किताबों का संरक्षण

**आर मोहन चौहान, सोलन**


सोलन स्थित केंद्रीय राज्य पुस्तकालय का भवन।

> सोलन में मोतीलाल नेहरू केंद्रीय राज्य पुस्तकालय को ओल्ड डीसी ऑफिस बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया है। इसका आधुनिकरण किया जाना है। इसके अलावा पाठकों की बेहतर सुविधाएं देने के लिए इस भवन की बगल में खाली पड़ी जमीन पर हाईटेक सुविधाओं से लैस पुस्तकालय ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा।
> -राकेश कंवर, शिक्षा सचिव, हिमाचल प्रदेश।

माल रोड से ओल्ड डीसी ऑफिस की बिल्डिंग में शिफ्ट की गए मोतीलाल नेहरू केंद्रीय राज्य पुस्तकालय का जल्द हाईटेक ब्लॉक बनेगा। पाठकों की मांग पर यहां अतिरिक्त ब्लॉक का निर्माण होगा, ताकि पुस्तकालय की करीब डेढ़ लाख दुर्लभ पुस्तकों का सही रख-रखाव हो। इस ब्लॉक में पाठकों और छात्रों को आधुनिक सुविधाएं भी मिलेंगी।

खास बात है कि खुद शिक्षा सचिव राकेश कंवर ने इसकी पहल की है। ओल्ड डीसी ऑफिस की बिल्डिंग में खाली पड़ी जमीन में अतिरिक्त ब्लॉक निर्माण की योजना है। हाल ही में शिक्षा सचिव और शिक्षा सचिव व चीफ आर्किटेक्ट पीडब्ल्यूडी ने इस जमीन का निरीक्षण किया है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो अभ्यर्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर स्थान मिलेगा।

**बुक हब में भी बढ़ेंगी सुविधाएं :** केंद्रीय राज्य पुस्तकालय के टॉप फ्लोर में बने बुक हब में इस समय करीब 1500 छात्र पढ़ाई करने आते हैं। इस स्थान को पूर्व में डीसी सोलन रहे राकेश कंवर ने उपलब्ध करवाया था। यहां अभ्यर्थी सुबह पांच से लेकर रात दो बजे तक यहां पढ़ाई करने आते हैं। इस पहल के परिणाम स्वरूप बुक हब से अभी तक करीब 1300 अभियर्थी विभिन्न सरकारी नौकरियों में लग चुके हैं। इसमें दो एएचएस सहित एलाइइड और सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं। यही कारण है कि शिक्षा सचिव ने पुस्तकालय के विस्तार का निर्णय लिया है।

**2.23 करोड़ से होना है जीर्णोद्धार :** केंद्रीय राज्य पुस्तकालय के हाईटेक किए जाने के लिए विभाग ने कोलकाता स्थित राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन से 2.23 करोड़ का बजट मंजूर हुआ है। पुराने डीसी ऑफिस कार्यालय के पांच मंजिल से भी अधिक है, लेकिन इसके एक फ्लोर में महिला थाना, तो वहीं दूसरे फ्लोर में बुजुर्गों के लिए जगह दी गई है।

इसके अलावा कई विभाग भी इसमें अभी कार्य कर रहे हैं। ऐसे में लाइब्रेरी के भीतर बच्चों को बैठने के लिए कम स्थान उपलब्ध हो पा रहा है। इसलिए विभाग ने एक और ब्लॉक बनाने की योजना बना रहा है। जहां इस लाइब्रेरी को हाईटेक बनाया जाएगा।

### खनलग क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में

**अर्की।** उपमंडल अर्की के मस्त राम शाह खेल मैदान बसंतपुर में चल रही जयचंद मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में स्पार्टन्स ब्वॉयज खनलग व रामशहर के बीच दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया। इसमें स्पार्टन्स ब्वॉयज खनलग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। स्पार्टन्स ब्वॉयज खनलग ने निर्धारित 12 ओवर में 130 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामशहर की टीम 80 रन ही बना पाई।

आयोजन समिति के सदस्य पवन पंवर, श्याम बंसल व डीआर ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में 34 टीमों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता के फाइनल में विजेता टीम को 22 हजार रुपए व उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्पार्टन्स बॉयज खनलग व ब्लैक ब्वॉयज के बीच खेला जाएगा।

### भाजपा मंडल पांवटा साहिब की विकास रथयात्रा पहुंची खोदरी माजरी


खोदरी माजरी पंचायत में पार्टी के नेता लोगों के साथ।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

भाजपा मंडल पांवटा साहिब की रथयात्रा लगातार जारी है। पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक पंचायत में जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं, या यूं कहें कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी कमर कस चुकी है।

भाजपा मंडल पांवटा विधायक सुखराम चौधरी और मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर की अगुआई में कार्य कर रही है। वहीं, इन दिनों संकल्प विकसित यात्रा पांवटा साहिब के अंतर्गत आने वाली खोदरी माजरी के बाद बढ़ाना और उसके आसपास की पंचायतों में प्रचार-प्रसार कर रही हैं। दूरदराज की पंचायतों में भी में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है।

वहीं, विकसित भारत संकल्प यात्रा के संयोजक महामंत्री हितेंद्र कुमार, मंडल मीडिया प्रभारी सुखविंद्र चौधरी आदि भी सक्रिय हैं। मंडल अध्यक्ष रमेश तोमर ने कहा कि केंद्र की कई योजनाएं हैं, जो धरातल पर उतरी हैं, जिनका सीधा लाभ लोगों को मिला है। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद अजय मेहता, ज्ञान चौहान वकील, पंचायत प्रधान बविता देवी, उपप्रधान देशराज, पूर्व प्रधान देशराज, एसटी मोर्चा के उपाध्यक्ष बलदेव मौजूद रहे।

### बिजली बोर्ड की वित्तीय हालात पर जताई चिंता

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के निजी होटल में हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड पेंशनर संघ पांवटा इकाई की ओर से पेंशनर दिवस मनाया गया। इस दिन को सभी पेंशनर्स ने बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता दिनेश गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

दिनेश गुप्ता ने कहा कि बिजली बोर्ड की वित्तीय हालात ठीक नहीं है। इस बात पर चिंता जताते हुए सभी पेंशनरों को संगठित रहने की सलाह दी। उन्होंने भविष्य में पेंशन मिलने को लेकर भी चिंता जताई।

इकाई के प्रधान ई. एससी गुप्ता ने सभी पेंशनरों को पेंशनर दिवस के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान पेंशनर्स कई महत्वपूर्ण बातों और समस्याओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

### देश में सिर्फ मोदी ही गारंटी कांग्रेस की सभी गारंटियां फेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**


सोलन में बक्तव्य देते भाजपा नेता।

> धर्मशाला में मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए बच्चों को तीन-चार घंटे खड़ा रखना दुर्भाग्यपूर्ण : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा व सोलन जिला मीडिया प्रभारी संजीव मोहन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि 11 दिसंबर को प्रारंभ हुआ आक्रोश दिवस का आज 18 दिसंबर को धर्मशाला में विशाल रैली के स्वरूप में संपन्न हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने जो 11 दिसंबर को अपना एक वर्ष का कार्यकाल के कार्यक्रम में स्थानीय सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बच्चों को ही प्रताड़ित कर दिया। उन्हें मुख्यमंत्री के स्वागत में पहले तीन-चार घंटे खड़ा रखा और बाद में कुर्सियां भरने के लिए बैठा दिया गया, जो बेहद निंदनीय ही नहीं अपितु दुर्भाग्यपूर्ण भी है। यहां तक कि न्यायालय के आदेशों का भी उल्लंघन है। झूठ का सहारा लेकर एक वर्ष पूर्ण करने वाली प्रदेश सरकार सुख की नहीं, अपितु दुख की सरकार है। महिलाओं को 1500 रुपए, गोबर खरीद हो या युवाओं को एक लाख रोजगार की बात करने वाली झूठी सरकार अब बाल शोषण पर भी आ गई है।

यह साबित हो गया है कि कांग्रेस की झूठी गारंटियां केवल भाषण व सत्ता पाने तक सीमित थीं और देश में केवल मोदी की गारंटी चलती है।

**कार्यक्रम** किरपालपुर में लगभग एक करोड़ रुपए से निर्मित होगा आउटडोर स्टेडियम : विक्रमादित्य

# युवाओं को नशे से दूर रखने में खेल महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**


खेल मंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

लोक निर्माण, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि खेलकूद गतिविधियां युवाओं को नशे से दूर रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विक्रमादित्य सिंह गत सायं सोलन जिला के नालागढ़ स्थित पुराना छात्र विद्यालय में यूथ फॉर एक्शन ट्रस्ट की ओर से आठवीं नालागढ़ वार्षिक खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि आज नशा हम सभी के समक्ष एक विकराल चुनौती बन गया है, ऐसे में यह आवश्यक है कि युवा पीढ़ी को नशे के संबंध में जागरूक बनाने के साथ-साथ उनकी असीमित ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगाया जाए। खेल न केवल युवाओं को नशे से दूर रखते हैं, अपितु उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत भी बनाते हैं। उन्होंने युवाओं से खेलों में शामिल होने तथा नशे से दूरी बनाए रखने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में कार्यान्वित किए जा रहे विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा किया जाएगा तथा विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किए जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि आपदा के समय क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को समयबद्ध यातायात के लिए बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया गया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़कों के मरम्मत, रखरखाव व अन्य कार्यों के लिए लगभग 100 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि पंचायत किरपालपुर में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग की ओर से लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से आउटडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इसके बनने से स्थानीय युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने के अवसर मिलेंगे। खेल मंत्री ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजेता रहे खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता की विभिन्न स्पर्धाओं में लगभग तीन हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया।

> **ये रहे उपस्थित**
>
> इस अवसर पर नालागढ़ के विधायक केएल ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव एवं प्रदेश इंटक के अध्यक्ष हरदीप सिंह बावा, जिला कांग्रेस समिति के महासचिव प्रिंस शर्मा, प्रदेश कांग्रेस समिति के सचिव विकास काल्टा, जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अमित ठाकुर, नालागढ़ बैडमिंटन क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य, तहसीलदार लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (दक्षिण क्षेत्र) एसपी जगोता, लोक निर्माण विभाग सोलन के अधीक्षण अभियंता अजय शर्मा, नालागढ़ निशा आजाद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा खिलाड़ी उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में मिताली वर्मा ने चमकाया सोलन जिले का नाम



राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में मिताली वर्मा को चौथा स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान, अर्की**

उपमंडल अर्की के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांजू की दसवीं कक्षा की छात्रा मिताली वर्मा ने हिमाचल प्रदेश संस्कृत अकादमी की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में सोलन जिले का प्रतिनिधित्व किया।

विद्यालय के संस्कृत अध्यापक कपिल शास्त्री ने बताया कि यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर के किसान भवन के सभागार में आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता दो दिनों तक चली। उन्होंने बताया कि मिताली वर्मा संस्कृत गीत में सोलन जिले में प्रथम आई थी और राज्य प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई थी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मिताली वर्मा ने बहुत मेहनत की और सोलन जिला को प्रदेशभर में चौथा स्थान दिलवाया।

मांजू में पढ़ रही मिताली का विद्यालय परिवार ने प्रतियोगिता से वापस आने पर विद्यालय में स्वागत किया व प्रधानाचार्य सहित सभी अध्यापकों ने अपनी शुभकामनाएं प्रदान कीं।

विद्यालय की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य पवन कुमार ने मिताली को सम्मानित किया और सभी छात्रों को प्रयासरत रहने के लिए आग्रह किया। इस जीत का श्रेय मिताली ने अपनो अध्यापकों को दिया। इस सम्मान सभा में सभी छात्र-छात्राएं व शिक्षक उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अगले साल फरवरी में खेलो इंडिया विवि खेलों की मेजबानी को तैयार गुवाहाटी

**गुवाहाटी।** असम का सबसे बड़ा शहर गुवाहाटी अगले साल फरवरी में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। अधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता के चौथे सत्र में 200 से अधिक विश्वविद्यालयों के चार हजार से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गुवाहाटी भारत की खेल राजधानी में बदल रहा है। दक्षिण एशियाई खेलों और खेलो इंडिया युवा खेलों की सफलता के बाद शहर अब खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों की मेजबानी के लिए तैयार है। इन खेलों का आयोजन एक से 13 फरवरी, 2024 तक होगा और इसमें 18 खेल प्रतियोगिताओं में मुकाबले होंगे। प्रतियोगिताओं का आयोजन गुवाहाटी में नौ स्थलों पर होगा।

### क्लब विश्व कप की तारीखों पर खिलाड़ियों के संघ फीफप्रो ने जताई निराशा

**जेद्दा।** विश्व फुटबाल के शासी निकाय फीफा ने कहा कि अमेरिका में फीफा क्लब विश्व कप के पहले सत्र का आयोजन 15 जून से 13 जुलाई, 2025 तक किया जाएगा। फुटबाल खिलाड़ियों के संघ 'फीफप्रो' ने हालांकि फीफा के इस फैसले की आलोचना की है। फीफा ने कहा कि 32-टीमों के इस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर 'मुंडियाल डी क्लब्स फीफा' कहा जाएगा। इसका आयोजन 'अंतरराष्ट्रीय मैचों के कैलेंडर के साथ सामंजस्यपूर्ण तरीके से तैयार किया जाएगा' ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फाइनल और घरेलू लीग की शुरुआत के बीच पर्याप्त अंतर हो। फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि क्लब विश्व फुटबाल में एक अहम भूमिका निभाते हैं और फीफा क्लब विश्व कप 2025 सभी संघों के क्लबों को खेल के उच्चतम स्तर पर खुद को साबित के लिए एक उपयुक्त मंच प्रदान करने में एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगा। फीफप्रो ने जारी बयान में फीफा की आलोचना करते हुए कहा कि फीफा परिषद का 32 टीमों वाले फीफा क्लब विश्व कप के पहले सत्र को 15 जून से 13 जुलाई के बीच आयोजित करने से फैसले से खिलाड़ियों के कार्यभार पर असर पड़ेगा। यह इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं होगा। इससे खिलाड़ियों की व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन की अपेक्षा होगी। इसने खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा नियमों पर 'तत्काल' तौर पर चर्चा करने की मांग की।

### प्रणवी लेडीज यूरोपीय टूअर के अंतिम चरण में संयुक्त पांचवें स्थान पर

**माराकेश (मोरक्को)।** भारत की प्रणवी उर्स सोमवार को लेडीज यूरोपीय टूअर (एलईटी) के अंतिम क्वालीफायर के दूसरे दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर चल रही हैं। दो दौर के बाद प्रणवी का कुल स्कोर नौ अंडर है। उन्होंने पहले दौर में अल मादेन कोर्स पर 68 का स्कोर बनाया था। प्रणवी ने दूसरा दौर रॉयल गोल्फ डि माराकेश कोर्स पर खेला। सिंगापुर की शेनन टेन ने भी 68 का स्कोर बनाया और वह प्रणवी के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर चल रही हैं। प्रणवी और शेनन मैक्सिको की फर्नांडा लिरा से तीन शॉट पीछे हैं, जो दूसरे दौर में 71 के स्कोर से कुल 12 अंडर के स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रही हैं। लिरा ने पहले दिन 62 के स्कोर से महिलाओं के कोर्स का रिकॉर्ड बनाया था। नेहा त्रिपाठी दूसरे दौर में छह अंडर 67 के स्कोर से तीन अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर चल रही हैं। वाणी कपूर (73 और 70) संयुक्त 37वें, त्वेसा मलिक (74 और 70) संयुक्त 51वें, अमनदीप द्राल 75 और 70) संयुक्त 63वें, रिद्धिमा दिलावरी (74 और 72) संयुक्त 77वें, अवनी प्रशांत (76 और 71) संयुक्त 85वें, जैस्मिन शेखर (75 और 74) संयुक्त 105वें, सहर अटवाल (77 और 74) संयुक्त 119वें, स्नेहा सिंह (83 और 72) संयुक्त 141वें, अनन्या दतार (80 और 79) संयुक्त 148वें और दुर्गा नितुर (80-81) संयुक्त 150वें स्थान पर चल रही हैं। चार दौर के बाद शीर्ष 65 और टाई पर रहने वाली खिलाड़ी अंतिम दौर में जगह बनाएंगी।

### बेहद प्रतिभाशाली रजत पाटीदार या आकर्षक बल्लेबाजी करने वाले रिंकू सिंह को दूसरे वनडे में मिल सकता है पदार्पण का मौका

# सीरीज जीतने पर टीम इंडिया की नजर

**एजेंसी, गक्बेरहा ( द. अफ्रीका )**

**भारतीय** टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के दूसरे एकदिवसीय में मंगलवार को यहां जब मैदान पर उतरेगी, तब उसके सामने बेहद प्रतिभाशाली रजत पाटीदार या आकर्षक बल्लेबाजी करने वाले रिंकू सिंह में से किसी एक को पदार्पण का मौका देने की चुनौती से निपटना होगा।

अर्शदीप सिंह और आवेश खान जैसे युवा तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम को सीरीज का पहला मैच आठ विकेट से जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई। कप्तान लोकेश राहुल की अगुआई में भारतीय टीम को 2022 में वनडे सीरीज में 0-3 की करारी हार का सामना करना पड़ा था, ऐसे में वह इस मैच को जीतकर पिछली नाकामी को पीछे छोड़ना चाहेंगे। अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस मैच के बाद टेस्ट टीम से जुड़ गए, जिससे मध्यक्रम में एक जगह खाली है। रिंकू ने पिछले कुछ समय में अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी-20 मैचों में अपनी तकनीक और समझदारी की छाप छोड़ी है। दक्षिण अफ्रीका में उछाल वाली पिचों पर भी उनकी बल्लेबाजी सहज दिखी। टीम में हालांकि फिलहाल उनकी भूमिका फिनिशर की है ऐसे में चौथे क्रम के बल्लेबाज अय्यर की जगह एकादश में जगह के लिए पाटीदार का दावा ज्यादा मजबूत है, क्योंकि घरेलू मैचों वह मध्यप्रदेश के लिए इसी क्रम पर बल्लेबाजी करते हैं।

दक्षिण अफ्रीका के लिए दिग्गज क्विंटन डिकॉक के संन्यास के बाद टीम में सामंजस्य बैठाने की चुनौती है। डिकॉक की प्रवाहमय बल्लेबाजी के कारण रासी वैन डेर डुसेन, हेनरिक क्लासेन्स और डेविड मिलर जैसे बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका मिलता था। उनकी गैरमौजूदगी में टीम के शीर्ष क्रम के सामने भारत के स्विंग गेंदबाजों के खिलाफ सतर्कता से बल्लेबाजी करने की चुनौती होगी।



**मैच भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे से**

**भारत**

**लोकेश** राहुल (कप्तान और विकेटकीपर), ऋतुराज गायकवाड़, बी साई सुदर्शन, तिलक वर्मा, रजत पाटीदार, संजू सैमसन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान, रिंकू सिंह, आकाश दीप, युजवेंद्र चहल और वाशिंगटन सुंदर।

**दक्षिण अफ्रीका**

**एडेन** मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नांद्रे बर्गर, टोनी डी जोरजी, रीजी हेंड्रिक्स, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, मिहलाली मपोंगवाना, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, एंडिले फेहलुकवायो, तबरेज शम्सी, रासी वैन डेर डुसेन, काइल वेरिन और लिजाद विलियम्स।

# मुंबई इंडियंस में नई सोच लेकर आएंगे हार्दिक पंड्या : गावस्कर

**नई दिल्ली।** अपने जमाने के दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि मुंबई इंडियंस के नवनियुक्त कप्तान हार्दिक पंड्या इस टीम में नई सोच लेकर आएंगे, क्योंकि रोहित थके हुए नजर आ रहे थे और पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने बल्लेबाजी में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। गावस्कर ने कहा कि ऐसा रोहित के थके हुए होने के कारण हो सकता है, क्योंकि वह लगातार सिर्फ आईपीएल टीम ही नहीं, बल्कि भारत के कप्तान की भूमिका भी निभा रहे थे। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि हमें इसे (हार्दिक को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाना) सही या गलत के रूप में नहीं देखना है। उन्होंने यह फैसला टीम के फायदे के लिए लिया है। हम कह सकते हैं कि रोहित का यहां तक कि बल्लेबाजी में भी योगदान थोड़ा कम हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले रोहित बल्लेबाजी में काफी योगदान देते थे, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वे नौवें या दसवें नंबर पर रहे हैं। पिछली बार उन्होंने प्लेऑफ में जगह बनाई, लेकिन मुंबई इंडियंस में जो जोश पहले दिखाई देता था वैसा नहीं दिखाई दिया।

**पूर्व भारतीय बल्लेबाज बोले- बल्लेबाजी में कम योगदान दे रहे थे रोहित**



# आईपीएल की मिनी ऑक्शन आज

- **क्या टूटेगा 20 करोड़ रुपए का बैरियर**
- **10 टीमों के पास 262 करोड़ का फंड**
- **रचिन रवींद्र-स्टार्क और कमिंस समेत 10 प्लेयर्स पर निगाहें**



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) अगले साल 23 मार्च को शुरू होगा। इसके लिए 10 टीमें 19 दिसंबर को खिलाड़ियों की खरीदी करेंगी। आईपीएल ऑक्शन मंगलवार यानी 19 दिसंबर को दुबई में दोपहर 1:00 बजे शुरू होगा। इस बार 333 प्लेयर्स पर बोली लगेगी। हालांकि, इनमें से अधिकतम 77 खिलाड़ी ही खरीदे जा सकेंगे। इनमें 30 स्लॉट विदेशी प्लेयर्स के लिए हैं। इस बार के ऑक्शन में 10 टीमों के पास 262.95 करोड़ रुपए बचे हुए हैं। इनमें गुजरात, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई 30 करोड़ रुपए से ज्यादा लेकर ऑक्शन में उतरेंगी। आसार हैं कि इन्हीं में से किसी एक टीम में आईपीएल इतिहास का सबसे महंगा प्लेयर भी शामिल हो सकता है, जिसकी कीमत 20 करोड़ रुपए के पार जा सकती है।

### रचिन रवींद्र : बैटर, लेफ्ट आर्म स्पिनर भी

**रचिन** का नाम ऑक्शन के सेट-2 में है। कीवी ऑलराउंडर ने अपनी बेस प्राइस महज 50 लाख रुपए रखी है। आईपीएल में सभी टीमों को ऑलराउंडर की जरूरत है। गुजरात, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, पंजाब और दिल्ली के पास 29 करोड़ से ज्यादा रुपए का फंड है। इन्हीं में से कोई टीम रचिन को खरीद सकती है।

### ट्रैविस हेड : एग्रेसिव बैटर, बड़े मैच के खिलाड़ी

**हेड** का नाम ऑक्शन के सेट-1 में है। उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। आईपीएल में गुजरात, हैदराबाद, कोलकाता और दिल्ली को टॉप ऑर्डर बैटर की जरूरत हैं। चारों ही टीमों के पास 28 करोड़ रुपए से ज्यादा का पर्स है, ऐसे में हेड की कीमत भी 10 से 15 करोड़ तक जा सकती है।

### हैरी ब्रूक : हर छठी बाल पर मारते हैं बाउंड्री

**ब्रूक** ऑक्शन के सेट-1 में शामिल हैं। उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। आईपीएल में बेंगलुरु, कोलकाता, मोहाली, मुंबई और अहमदाबाद की पिचें फ्लैट हैं। कोलकाता और गुजरातज्ञ को मिडिल ऑर्डर बैटर की जरूरत हैं, दोनों ही टीमें ब्रूक के लिए 10 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च कर सकती हैं।

### शार्दूल ठाकुर : अटैकिंग बैटर और फिनिशर

**ऑलराउंडर** शार्दूल का नाम ऑक्शन के सेट-2 में है। उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। वह पंजाब, पुणे, चेन्नई, दिल्ली और कोलकाता से खेल चुके हैं। भारत के पेस बॉलिंग ऑलराउंडर की सभी टीमों को जरूरत रहती है। ऐसे में शार्दूल के लिए गुजरात, चेन्नई, हैदराबादक्रपंजाब और आरसीबी जैसी टीमों में बड़ी बिडिंग वॉर देखने को मिल सकती है।

### पैट कमिंस : तेज गेंदबाज–अटैकिंग बैटर

**ऑलराउंडर** कमिंस का नाम ऑक्शन के सेट-2 में है। उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है और वह आईपीएल में मुंबई और दिल्ली से भी खेल चुके हैं। उनके लिए सभी टीमें बोली लगाएंगी। सीएसके, हैदराबाद, पंजाब और आरसीबी को फ्यूचर कप्तान की भी जरूरत है, ऐसे में ये टीमें कमिंस को शामिल करने के लिए कुछ ज्यादा ही इच्छुक रहेंगी।

### वनिंदू हसरंगा : वर्ल्ड क्लास लेग स्पिनर

**हसरंगा** का नाम ऑक्शन के सेट-2 में आएगा, उनकी बेस प्राइस 1.50 करोड़ रुपए है। वह आरसीबी के लिए 3 सीजन खेल चुके हैं, पिछली बार उनके लिए पंजाब और हैदराबाद ने भी बिडिंग वॉर किया था। इस बार कोलकाता और चेन्नई भी उनके लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं।

### मिचेल स्टार्क : नई–पुरानी गेंद से खतरनाक

**स्टार्क** का नाम तेज गेंदबाजों के सेट-4 में है। उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। राजस्थान और हैदराबाद को छोड़कर सभी टीमें उनके लिए बिडिंग वॉर कर सकती हैं। वह ऑक्शन के सबसे महंगे गेंदबाज भी बन सकते हैं।

### जेराल्ड कूट्जी : स्पीड और बाउंस

**कूट्जी** का नाम ऑक्शन के सेट-2 में है। उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। उनके लिए ऑक्शन में गुजरात, हैदराबाद और पंजाब के अलावा सभी टीमें बोली लगाते नजर आएंगी। कोलकाता, राजस्थान और बेंगलुरु तो उनके लिए बिडिंग वॉर भी कर सकती हैं।

### हर्षल पटेल : स्लोअर बॉल स्पेशलिस्ट

ऑक्शन में हर्षल का नाम सेट-2 में है। उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। लखनऊ, पंजाब, मुंबई, हैदाराबाद, चेन्नई और दिल्ली की टीमें उनके लिए बड़ी बोली लगा सकती हैं।

### लॉकी फर्ग्यूसन : स्पीड और बाउंस ताकत

**फर्ग्यूसन** का नाम ऑक्शन के सेट-4 में है। उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। वह कोलकाता के अलावा गुजरात और पुणे से भी आईपीएल खेल चुके हैं। इस बार फर्ग्यूसन के लिए राजस्थान और आरसीबी के साथ चेन्नई, मुंबई, हैउराबाद और पंजाब जैसी टीमें बड़ी बोली लगा सकती हैं।

# शानदार : वार्नर एक साल और खेल सकते हैं टेस्ट क्रिकेट

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर हीली ने डेविड के संन्यास पर दी राय



**एजेंसी, सिडनी**

**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व विकेटकीपर इयान हीली का मानना है कि डेविड वार्नर पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जड़ने वाले प्रदर्शन को अगर जारी रखे तो वह एक और साल तक टेस्ट क्रिकेट खेल सकते हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में वार्नर की 211 गेंदों पर 164 रन की पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 360 रन से जीत दर्ज की। माना जा रहा है कि सिडनी में अपने घरेलू मैदान पर इस श्रृंखला का आखिरी मैच खेलने के बाद वह टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। हीली ने कहा कि मुझे उसके बारे में जो बात पसंद है, वह है उसका लगातार खेलने के बावजूद फिटनेस बनाए रखना। हम सभी जानते हैं कि वह कितना फिट है, क्योंकि उसने विकेटों के बीच अपनी तेज दौड़ को बनाए रखी है। मुझे यह काफी पसंद आया।

हीली ने कहा कि अगर वह इस तरह से बल्लेबाजी करता है, तो मेरा मानना है कि वह एक और संन्यास के लिए एक और साल का समय ले सकता है। टेस्ट क्रिकेट में पिछले कुछ समय से वह फुटवर्क के कारण संघर्ष कर रहा था, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ फुटवर्क, संतुलन और बल्ले की गति सब कुछ बेहतरीन रहा।

वार्नर को पिछले कुछ समय में खराब प्रदर्शन के कारण काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। टीम के उनके पूर्व साथी मिचेल जॉनसन ने कहा था कि पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला को वार्नर की जगह लेने वाले सलामी बल्लेबाज को मौका देने के लिए इस्तेमाल करना चाहिए था, लेकिन हीली उनकी बातों से सहमत नहीं है।

# मानसी और मुरुगेसन ने पैरा बैडमिंटन में झटका स्वर्ण

## प्रमोद भगत को मिले दो रजत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मानसी** जोशी और तुलसीमति मुरुगेसन ने पांचवें फाजा दुबई पैरा बैडमिंटन इंटरनेशल 2023 टूर्नामेंट में महिला युगल का स्वर्ण पदक जीता, जबकि टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत ने दो रजत पदक अपने नाम किए।

प्रतियोगिता का आयोजन यूएई में 11 से 17 दिसंबर तक किया गया। विश्व पैरा बैडमिंटन रैंकिंग में दुनिया की दूसरे नंबर की मानसी और मुरुगेसन की जोड़ी ने एसएल3-एसयू5 महिला युगल वर्ग के फाइनल में लियानी रातरी ओकतिला और खालिमातुस सादिया की इंडोनेशिया की जोड़ी को 15-21, 21-14, 21-6 से हराया। पैरा एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता भगत को हालांकि एसएल3 पुरुष एकल फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेथेल के खिलाफ 17-21, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल एसएल3-एसयू-4 वर्ग में भगत और मनीषा रामदास की जोड़ी को फाइनल में हिकमत रामदानी और लियानी की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 14-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा।

कुमार नितीश और मुरुगेसन ने एसएल3-एसयू5 मिश्रित युगल वर्ग में कांस्य पदक जीता। पुरुष एसएल4 वर्ग में टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता सुहास यथिराज ने रजत पदक जीता, जबकि सुकांत कदम और तरुण को कांस्य पदक मिला। महिला एकल (एसएल4) में पलक कोहली को कांस्य पदक मिला।

पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 वर्ग में मनोज सरकार और कोरिया के उनके जोड़ीदार चो नदान ने रजत पदक जीता

**इंग्लिश प्रीमियर लीग**

### आर्सेनल ने ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त देकर तालिका में फिर से शीर्ष पर जगह बनाई

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

**एजेंसी, लिवरपूल**



**मैनचेस्टर** यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल में लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया, जबकि आर्सेनल ने रविवार को ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त दी। लिवरपूल इस ड्रॉ मुकाबले बाद तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया, जबकि आर्सेनल एक बार फिर से शीर्ष पर काबिज हो गया। आर्सेनल और लिवरपूल के नाम मौजूदा सत्र में 17-17 मैचों में क्रमशः 39 और 38 अंक है। मैनचेस्टर यूनाइटेड को लिवरपूल ने इस साल मार्च में 0-7 के बड़े अंतर से हराया था, लेकिन नये कोच एरिक टेन हैग की देख रेख में टीम ने अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा करते हुए एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। आर्सेनल ने दूसरे हाफ में गैब्रियल जेसुस और काइ हैवट्र्ज के गोल से पर ब्रिगटन को शिकस्त दी। तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला ने ने ब्रेंटफोर्ड को 2-1 से हराया। विला की टीम पहले हाफ के आखिरी क्षण में कीन लुईस-पॉटर के गोल के बाद 0-1 से पिछड़ रही थी, लेकिन एलेक्स मोरेनो और ओली वाटकिंस ने दूसरे हाफ में गोल कर टीम को जीत दिला दी। ब्रेंटफोर्ड के बेन मी को 71वें मिनट में रेड कार्ड दिखाया गया, जिसके बाद टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ मैच खेलना पड़ा। मोहम्मद कुदुस के दो गोल के दम पर वेस्ट हैम ने वोल्व्स को 3-0 से हराया। कुदुस ने 10 मिनट के अंदर दो गोल किए। टीम के एक और गोल डेविड मोयेस ने किया।

### काइलियान एमबापे के गोल के बावजूद पीएसजी ने लिले को बराबरी पर रोका

**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) मैच में लिले के खिलाफ रविवार को ज्यादातर समय तक बढ़ने बनाने के बावजूद 1-1 की बराबरी से संतुष्ठ होना पड़ा।



काइलियान एमबापे ने मैच के 66वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को बढ़त दिला दी थी। मौजूदा सत्र में एमबापे का यह 16वां गोल था। कनाडा के स्ट्राइकर जोनाथन डेविड ने मैच के आखिरी क्षणों (90+4 मिनट) में गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। इस ड्रॉ के बाद टीम 16 मैचों में 37 अंक के साथ तालिका में मजबूती से शीर्ष स्थान पर बनी हुई है। इस सत्र में प्रभावी प्रदर्शन करने वाली ब्रेस्ट की टीम नैनटेस को 2-0 से हराने के बाद तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई। पिछले पांच मैचों चार जीत करने के बाद इस टीम ने लिले को गोल अंतर के आधार पर छठे स्थान पर धकेल दिया। अन्य मैचों में मार्सिले ने कोच गेनारो गट्टूसो के नेतृत्व में अपना सुधार जारी रखते हुए घरेलू मैदान पर क्लेरमोंट को 2-1 से हराकर लगातार लीग में लगातार चौथी जीत हासिल की।

# रीयाल मैड्रिड ने विलारीयाल को 4-1 से दी पटकनी

**एजेंसी, मैड्रिड**



**जूड** बेलिंगहैम, रोड्रिगो, ब्राहिम डियाज और लुका मोड्रिक के गोल के बूते रीयाल मैड्रिड रविवार को विलारीयाल को 4-1 से शिकस्त देकर लालीगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। इस मुकाबले के दौरान डिफेंडर डेविड अलबा के घुटने में गंभीर चोट लगने से हालांकि रीयाल मैड्रिड को झटका भी लगा। टीम ने मैच के बाद बताया कि अलबा को चोट से उबरने के लिए सर्जरी की जरूरत होगी। विलारीयाल के लिए मैच का इकलौता गोल जोस लुइस मोरालेस ने किया।

रीयाल मैड्रिड की टीम इस जीत के बाद गिरोना पर एक अंक की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है। मैड्रिड के 17 मैचों में 42, जबकि गिरोना के 16 मैचों में 41 अंक है। रीयाल मैड्रिड से सात अंक पीछे तीसरे स्थान पर काबिज गत चैंपियन बार्सिलोना को वालेंसिया ने शनिवार को 1-1 की बराबरी पर रोका था। छठे स्थान पर रहे रीयाल सोसिदाद को किस्मत का साथ नहीं मिला और टीम को रीयाल बेटिस के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलना पड़ा। सोसिदाद के तीन गोल अस्वीकार कर दिए गए, जबकि दो बार गेंद गोलपोस्ट से टकरा कर बाहर की ओर निकल गई।

# पाकिस्तान जेल में बंद पूर्व मंत्री फवाद चौधरी को जमानत मिली

**एजेंसी, रावलपिंडी**



रावलपिंडी की एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार पूर्व संघीय मंत्री फवाद चौधरी को सोमवार को जमानत दे दी। अदालत ने पूर्व मंत्री को रिहा करने और दो लाख रुपए का जमानत बॉन्ड जमा करने का आदेश दिया। पाकिस्तान के समाचार चैनल जिओ न्यूज की वेबसाइट के अनुसार कानूनी राहत मिलने के बाद विशेष अदालत के बाहर फवाद चौधरी के भाई और वकील फैसल चौधरी ने पत्रकारों को कहा कि उनके भाई फवाद अगले साल आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव लड़ेंगे।

जिओ न्यूज के अनुसार पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के पूर्व नेता फवाद को नवंबर में गिरफ्तार किया गया था। अगस्त, 2022 के एक मामले में शुरू में उन्हें अदालत ने दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था। इस मामले में उन पर एक नागरिक से पांच मिलियन रुपए की रिश्वत लेने का आरोप था। फिलहाल फवाद चौधरी न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल रावलपिंडी में बंद हैं। स्थानीय नागरिक इसे अडियाला जेल भी कहते हैं।

# उत्तराखंड : बदरी-केदार में सुरक्षा के लिए आईटीबीपी तैनात

**एजेंसी, देहरादून/बदरीनाथ**



उत्तराखंड के प्रसिद्ध पवित्र धामों बदरीनाथ और केदारनाथ के कपाट बंद होने के बाद इन दोनों धामों में सुरक्षा की दृष्टि से भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की तैनाती कर दी गई है। आईटीबीपी जवानों की एक-एक प्लाटून दोनों धामों में पहुंच गई हैं। गत वर्ष केदारनाथ धाम के गर्भ गृह के स्वर्ण मंडित होने और दोनों धामों में मास्टर प्लान के तहत व्यापक स्तर पर चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों के कारण तमाम लोगों की वहां पर आवाजाही को देखते हुए बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने सरकार से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पत्र लिखा था। उन्होंने धामों की विकट भौगोलिक परिस्थितियों के मद्देनजर आईटीबीपी को तैनात किए जाने की मांग की थी। इस पर प्रदेश सरकार ने कार्रवाई करते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय से आईटीबीपी की तैनाती का अनुरोध किया था।

प्रदेश सरकार के अनुरोध पर गृह मंत्रालय ने गत वर्ष से शीतकाल में धामों की सुरक्षा आईटीबीपी के जवानों को सौंप दी थी। इस वर्ष कपाट बंद होने के पश्चात प्रदेश सरकार ने धामों में आईटीबीपी की तैनाती का अनुरोध किया था।

बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने धामों में आईटीबीपी के जवानों की तैनाती पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है।



## सेंसेक्स और निफ्टी गिरे सोना और चांदी भी टूटे

**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार के सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही लाल निशान बंद हुए। सेंसेक्स 168.66 अंक गिरकर 71,315.09 अंकों पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50.38 अंक गिरकर 21,418.65 अंक पर बंद हुआ। मिडकैप शेयरों में भी पूरा दिन उतार-चढ़ाव रहा। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 9.75 अंक की बढ़त के साथ 13,039.10 पर बंद हुआ। पिछले कुछ दिनों से बाजार में उतार-चढ़ाव जारी है। सर्राफा बाजार में सोना-चांदी की कीमतों में बदलाव हुआ है। सोने और चांदी दोनों की कीमतों में सोमवार को गिरावट आई है। सोना सस्ता होकर 61,870 रुपए प्रति 10 ग्राम बिक रहा है और चांदी 74,135 रुपए प्रति किलो बिक रही है। अलग-अलग शहरों में इनकी कीमतों में मामूली अंतर हो सकता है।

## वर्ल्ड न्यूज

### कराची में गैस सिलेंडर विस्फोट से इमारत ढही, तीन की मौत

**कराची।** कड़ाके की ठंड का सामना कर रहे पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में सोमवार को गैस सिलेंडर विस्फोट से एक आवासीय इमारत ढह गई। इस हादसे में कम से कम तीन लोगों के मारे जाने और 10 से अधिक घायलों को अस्पताल पहुंचाने की सूचना है। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डान के अनुसार यह हादसा दोपहर बाद कराची की मच्छर कॉलोनी में बैत-उल-मुकर्रम मस्जिद के पास एक आवासीय इमारत के भूतल पर गैस सिलेंडर की दुकान के अंदर हुआ। गैस सिलेंडर विस्फोट के बाद चीख-पुकार मच गई। राहत और बचाव कार्य चल रहा है। कुछ और लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है।

### दो लाख किलोमीटर चांद की सैर कर लौटा नासा यान

**नई दिल्ली।** नासा का मानव रहित ओरियन अंतरिक्ष यान चंद्रमा की यात्रा कर लौट आया है। यान ने साढ़े 22 लाख किलोमीटर की यात्रा पूरी कर प्रशांत महासागर में लैंड किया। इसके सफल रहने की वजह से आने वाले समय में मानव सहित मिशन भी नासा भेजने की तैयारी में हैं। नासा ने कहा कि मिशन के दौरान कई बार 2800 डिग्री सेल्सियस तापमान को भी सहन किया, जो कि सूर्य के तापमान के आधे तापमान के बराबर है।

### फिल्म 'सैम बहादुर' की कमाई ग्लोबल स्तर पर सौ करोड़ पार

**मुंबई।** विक्की कौशल की फिल्म 'सैम बहादुर' दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में सफल रही है। यह फिल्म ग्लोबल स्तर पर अब तक एक सौ करोड़ की कमाई कर चुकी है। दिसंबर माह की पहली तारीख को हर जगह रिलीज हुई इस फिल्म में भारतीय सेना के मार्शल सैम मानेक शॉ की वीरता को सिनेमा के पर्दे पर प्रस्तुत किया गया है। विक्की कौशल की 'सैम बहादुर' और रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' एक साथ ही रिलीज भी हुई थी। 'एनिमल' भी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। वहीं फिल्म 'सैम बहादुर' दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बना ली है।

### चिड़ियाघर में हिप्पो के हमले से कर्मचारी की मौत

**लखनऊ।** चिड़िया घर में सोमवार को सफाई करने के लिए बाड़े में घुसे दो कर्मचारियों पर हिप्पो ने हमला बोल दिया। इसमें एक कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। चिड़िया घर की निदेशक डॉ.अदिति शर्मा ने बताया कि ठाकुरगंज के कंपवेल रोड बरौरा निवासी सूरज दस साल से चिड़िया घर में सफाई का काम कर रहा था। सोमवार को वह अपने साथी राजू के साथ सफाई करने के लिए हिप्पो के बाड़े में घुसे थे कि तभी हिप्पो ने उन पर हमला कर दिया। हिप्पो कुछ दिन पहले ही कानपुर के चिड़ियाघर से लाया गया था। हिप्पो के हमले से कर्मचारी सूरज की मौत हो गई। सूरज की मौत की खबर मिलने पर परिवार में रोना-पीटना मचा रहा।

### जब भारत में इतनी सुंदरता तो लोग क्यों जाते हैं विदेश

**श्रीनगर।** अभिनेत्री भाग्यश्री ने सोमवार को कहा कि कश्मीर शांत और सुंदर है और उन्हें आश्चर्य होता है कि जब भारत में इतनी सुंदरता है तो लोग विदेश क्यों जाते हैं। अपनी पहली फिल्म 'मैंने प्यार किया' से प्रसिद्धि पाने वाली 54 वर्षीय अभिनेत्री भाग्यश्री इस समय अपने निजी दौरे पर कश्मीर में हैं।उन्होंने अनंतनाग जिले के एक पर्यटक रिसॉर्ट में संवाददाताओं के सामने कहा कि बहुत सारे पर्यटक घाटी की यात्रा करना चाहते हैं, लेकिन डरते हैं।

# अमेरिका का संयम बरतने का आह्वान पीएम नेतन्याहू 'अंत तक लड़ने' पर अड़े

## कई लोग संघर्ष विराम की मांग करने के लिए सड़कों पर उतरे

**एजेंसी, वाशिंगटन**



अमेरिका ने इसराइल से गाजा पट्टी में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के साथ छिड़े युद्ध में संयम बरतने का आह्वान किया है। अमेरिका के इस दबाव से इसराइल बेफ्रिक है। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया को साफ-साफ संदेश दिया है। उन्होंने गाजा में 'अंत तक लड़ने' की प्रतिज्ञा दोहराई है।

अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में 'अंत तक लड़ने' की कसम खाई है, क्योंकि पिछले सप्ताह इसराइल के तीन बंधकों की हत्या से उनके देश में गुस्सा फैल रहा है। बंधकों को गलती से इसराइली सेना ने गोली मार दी थी। यह बंधक सफेद झंडा लहरा रहे थे। उनकी मौत ने नए सवाल खड़े कर दिए हैं कि नेतन्याहू की सरकार युद्ध का कैसे संचालन कर रही है? इस अमेरिकी अखबार ने इसराइल के प्रधानमंत्री कार्यालय के हवाले से अपनी वेबसाइट पर एक रिपोर्ट छापी है। इसके अनुसार, नेतन्याहू ने कल एक सरकारी बैठक की शुरुआत एक पत्र पढ़कर की। उन्होंने कहा, 'यह पत्र गाजा में लड़ते हुए मारे गए इसराइली सैनिकों के परिवारों से आया है। इसमें कहा गया है कि तुम्हारे पास लड़ने का जनादेश है। आपके पास बीच में रुकने का आदेश नहीं है।' उन्होंने कहा कि हालांकि यह पत्र गाजा में अभी भी बंधक बनाए गए इसराइली नागरिकों के रिश्तेदारों के संदेश से मेल नहीं खाता है। इनमें से कई लोग संघर्ष विराम की मांग करने के लिए सड़कों पर उतर आए हैं, ताकि उनके प्रियजन घर लौट सकें। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन इस सप्ताह मध्य पूर्व की यात्रा कर रहे हैं। इनमें इसराइल और फारस की खाड़ी के तीन देश शामिल हैं। बाइडेन प्रशासन इसराइल पर बड़े पैमाने पर शुरू किए गए जमीनी और हवाई अभियान को कुछ हफ्तों के भीतर समाप्त करने का दबाव डाल रहा है।

### उत्तरी गाजा में इसराइली हमले में 110 लोगों की मौत, 100 लोग घायल

**तेल अवीव।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि उत्तरी गाजा के जबालिया क्षेत्र में इसराइली हवाई हमलों में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 110 लोग मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। मंत्रालय के अनुसार, रविवार को हुए हमलों में गाजा के सबसे बड़े जबालिया शरणार्थी शिविर के साथ-साथ एक आवासीय ब्लॉक भी शामिल था। हालांकि इसराइली सेना ने सीधे तौर पर हमलों के बारे में कुछ नहीं कहा है। उसने केवल इतना कहा है कि वह क्षेत्र में काम कर रही है और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बना रही है। सात अक्तूबर को हमास के हमले के बाद से गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या लगभग 19,000 हो गई है।

# चीनी का उत्पादन 11 फीसदी गिरकर 74.05 लाख टन हुआ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में एक अक्तूबर से 15 दिसंबर के दौरान चीनी का उत्पादन 74.05 लाख टन रहा है। पिछले चीनी विपणन वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में 82.95 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। सालाना आधार पर चीनी के उत्पादन में 11 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, चालू चीनी मिलों की संख्या सालाना आधार पर 497 ही है।

चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन (इस्मा) ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि चालू विपणन वर्ष 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी का उत्पादन सालाना आधार पर 11 फीसदी घटकर 74.05 लाख टन रहा है, जो पिछले चीनी विपणन वर्ष की इसी अवधि में 82.95 लाख टन था। इस्मा ने इसकी मुख्य वजह महाराष्ट्र और कर्नाटक में चीनी का कम उत्पादन बताया है।

इस्मा के मुताबिक चालू चीनी विपणन वर्ष में महाराष्ट्र और कर्नाटक की चीनी मिल में पिछले चीनी विपणन वर्ष की तुलना में करीब 10-15 दिन बाद काम शुरू हुआ। आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन पिछले चीनी विपणन वर्ष की तुलना में

**पिछले चीनी विपणन वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में हुआ था 82.95 लाख टन चीनी का उत्पादन**



33.02 लाख टन से घटकर 24.45 लाख टन रहा है। इसी तरह कर्नाटक में उत्पादन 19.20 लाख टन से घटकर 16.95 लाख टन हो गया है।

उद्योग संगठन इस्मा के मुताबिक उत्तर प्रदेश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 15 दिसंबर तक चीनी का चीनी उत्पादन बढ़कर 22.11 लाख टन हो गया, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 20.26 लाख टन रहा था। इस्मा ने पिछले हफ्ते अनुमान लगाया था कि चीनी विपणन वर्ष 2023-24 के दौरान कुल चीनी का उत्पादन 325 लाख टन होने की उम्मीद है।

# दूसरी शादी को लेकर सामंथा रुथ प्रभु का बयान चर्चा में

**एजेंसी, मुंबई**



साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु फिलहाल एक्टिंग से दूर हैं। उन्होंने एक साल के लिए फिल्मों से ब्रेक ले लिया है। ब्रेक लेने के बाद वह विदेश यात्रा पर हैं। फिल्मों से दूर भी वह कई इवेंट्स में शामिल होती हैं। वह फोटोशूट करा रही हैं और उन फोटो और वीडियो को अपने फैंस के साथ शेयर कर रही हैं।

सामंथा रुथ प्रभु और नागा चैतन्य ने लंबे समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद 2017 में शादी कर ली, लेकिन शादी के चार साल बाद उन्होंने तलाक की घोषणा कर दी। तलाक के बाद ऐसी अफवाहें थीं कि नागा चैतन्य शोभिता धूलिपाला को डेट कर रहे हैं, उनकी एक तस्वीर भी वायरल हुई थी, लेकिन सामन्था अकेली हैं और म्यूसर माइकोसिस से उबर रही हैं। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर 'आस्क मी एनीथिंग' सेशन रखा। इस बार फैंस ने उनसे कई सवाल पूछे और उन्होंने मजेदार जवाब दिए। एक इंस्टाग्राम यूजर ने उनसे पूछा, क्या आप दोबारा शादी करने की योजना बना रही हैं तो सामंथा ने तलाक के आंकड़े सामने रखते हुए फैन को जवाब दिया, 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक पहली बार शादी करने पर तलाक की संभावना 50 फीसदी होती है। जब आप दूसरी और तीसरी बार शादी करते हैं तो तलाक की संभावना 67 से 70 प्रतिशत होती है। इसीलिए यह एक बेकार इनवेस्टमेंट है।

# पूरे देश के औसत जीडीपी से पीछे है बंगाल, आरबीआई का खुलासा

**एजेंसी, कोलकाता**



पश्चिम बंगाल की वित्तीय स्थिति पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हालिया निष्कर्षों के अनुसार, स्वयं के राजस्व या सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) प्रतिशत के मामले में राज्य, राष्ट्रीय औसत से पीछे है।

आरबीआई निष्कर्ष के अनुसार, राज्य के स्वयं के कर राजस्व और गैर-कर राजस्व दोनों मामलों में पश्चिम बंगाल राष्ट्रीय औसत से पीछे है। इसके अनुसार, पश्चिम बंगाल के लिए जीएसडीपी में राज्य के स्वयं के कर राजस्व का प्रतिशत केवल पांच प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत सात प्रतिशत से कम है। पश्चिम बंगाल के संबंध में गैर-कर राजस्व के मामले में स्थिति अधिक दयनीय है। निष्कर्षों के अनुसार, पश्चिम बंगाल के जीएसडीपी में राज्य के गैर-कर राजस्व का प्रतिशत केवल 0.4 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत 1.2 प्रतिशत से कम है।

आरबीआई के निष्कर्षों के अनुसार, जीएसडीपी के प्रतिशत के रूप में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राज्य सरकार का वर्तमान खर्च केवल दो प्रतिशत है। अर्थशास्त्रियों की राय है कि इस कारक का अनुसरण पश्चिम बंगाल में राज्य उत्पाद शुल्क पर भारी निर्भरता राज्य की अपनी कर राजस्व संरचना का नतीजा है। उनके अनुसार, किसी भी राज्य का अपना कर राजस्व घटक विनिर्माण और सेवा क्षेत्र दोनों में बड़े निवेश पर निर्भर करता है। यह वही क्षेत्र है, जहां पश्चिम बंगाल अन्य प्रमुख राज्यों से पिछड़ा हुआ है और अर्थशास्त्रियों की राय है कि भूमि खरीद और विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) का दर्जा देने के संबंध में राज्य की आंतरिक नीतियां निवेश के मामले में बड़े पैमाने पर सूखे के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं।

अर्थशास्त्रियों का मानना है कि पश्चिम बंगाल सरकार की उद्योग के लिए भूमि खरीद में राज्य की कोई भूमिका नहीं नीति के कारण विनिर्माण क्षेत्र के संचालक राज्य में निवेश करने से विमुख हो रहे हैं। पश्चिम बंगाल में खंडित भूमि-धारण प्रकृति को ध्यान में रखते हुए किसी परियोजना के लिए एक बार में विशाल भूखंडों की आवश्यकता वाले निवेशकों के लिए राज्य के किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप के बिना भूमि खरीद के उद्देश्य से व्यक्तिगत भूमि-मालिकों के साथ बातचीत करना लगभग असंभव है।

# वित्तीय धोखाधड़ी मामले में नियोमैक्स की 207 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मदुरै स्थित नियोमैक्स समूह की कंपनियों के 207 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को जब्त किया है। जांच एजेंसी ने समूह के खिलाफ यह कार्रवाई वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत की है।

ईडी ने सोमवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि मदुरै स्थित नियोमैक्स समूह की कंपनियों द्वारा की गई वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत तमिलनाडु में विभिन्न स्थानों पर 207 करोड़ रुपए के बाजार मूल्य वाली अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया गया है।

प्रवर्तन निदेशालय ने तमिलनाडु पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर यह कार्रवाई की है। जांच एजेंसी के मुताबिक नियोमैक्स समूह की कंपनियों ने कथित तौर पर 12-30 फीसदी ब्याज के साथ उच्च रिटर्न का वादा करके कई निवेशकों को विभिन्न परियोजनाओं (प्लॉट विकास) में लाखों रुपए जमा कराकर धोखा दिया है।

ईडी ने कहा कि नियोमैक्स प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड समूह ने अपराध से अर्जित आय को छुपाने के लिए अपने बही-खातों में 'हेर-फेर' किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक समूह के लेखा परीक्षक ने अपने बयान में यह स्वीकार किया है।

# सेना के डॉक्टरों का कमाल, भारत में सात साल के बच्चे का बोन मैरो ट्रांसप्लांट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली कैंट के आर्मी हॉस्पिटल आर एंड आर में हेमेटोलॉजी एंड स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन विभाग के डॉक्टरों ने भारत में पहली बार सात वर्षीय बच्चे सुशांत पौडेल का बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया है। इस सफल ट्रांसप्लांट ने इसी बीमारी से स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने वाले बच्चों और उनके परिवारों के लिए भी उम्मीद के नए दरवाजे खोल दिए हैं।

यह एक दुर्लभ इम्यूनोडिफीसिअन्सी डिसऑर्डर है, जिसमें सेना की चिकित्सा बिरादरी को पहली सफलता हासिल हुई है। सेना अस्पताल के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल अजित नीलकांतन ने बताया कि सिपाही प्रदीप पौडेल का सात साल का बेटा सुशांत अक्सर बीमार रहता था। चिकित्सीय जांच के दौरान एक साल

**इम्यूनोडिफीसिअन्सी डिसऑर्डर से पीड़ित बच्चों के लिए उम्मीद के रास्ते खुले**



की उम्र में ही उसके एआरपीसी1बी से ग्रसित होने का पता चला, जो दुर्लभ इम्यूनोडेफिशियेंसी डिसऑर्डर है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसने उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली को गंभीर रूप से प्रभावित कर दिया था। इसी कारण उसे बार-बार जीवन-घातक संक्रमण और अन्य जटिलताओं का सामना करने का खतरा हो गया था। उसे छह महीने पहले आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) में रेफर किया गया था, लेकिन उनके पास मैचिंग सिबलिंग डोनर उपलब्ध नहीं था। उन्होंने बताया कि इसके बाद अस्पताल की हेमेटोलॉजी विभाग की टीम ने उपयुक्त डोनर तलाशने और सावधानीपूर्वक बोन मैरो ट्रांसप्लांट करने की व्यवस्था करने के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। उपयुक्त डोनर मिलने के बाद 30 नवंबर को उसकी स्वस्थ स्टेम कोशिकाओं को निकाला गया और उन स्टेम सेल्स को सुशांत पौडेल के रक्तप्रवाह में डाला गया। इसके बाद कीमोथेरेपी की हाई डोज देकर सुशांत की दोषपूर्ण कोशिकाओं को नष्ट कर दिया गया।

**जानकारी** 19 दिसंबर : भारतीय सेना ने गोवा, दमन और दीव को साढ़े चार सौ साल के पुर्तगाली राज से करवाया आजाद

# गोवा मुक्ति दिवस की दिलचस्प है कहानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

15 अगस्त सन 1947 को भारत को आजादी मिल गई थी, लेकिन गोवा 14 साल बाद भारत का हिस्सा बना। वह 19 दिसंबर, 1961 का दिन था, जब गोवा को पुर्तगालियों से आजाद कराया गया, इसलिए 19 दिसंबर को गोवा में मुक्ति दिवस मनाया जाता है।

वैसे गोवा अपना स्थापना दिवस 30 मई को मनाता है, क्योंकि इसी दिन 30 मई, 1987 को गोवा को पूर्ण राज्य का दर्जा मिला था। यहां यह याद रखना जरूरी है कि भारत भले ही 1947 में आजाद हुआ, लेकिन ऐसी कई और रियासतें थी, जिन्हें आजादी मिलनी बाकी था। इनमें से एक गोवा भी था। 19 दिसंबर, 1961 को भारतीय सेना ने गोवा, दमन और दीव में प्रवेश करके इन इलाकों को साढ़े चार सौ साल के पुर्तगाली राज से आजाद कराया था।

दरअसल, ब्रिटिश और फ्रांस के सभी कोलोनियल राइट्स के खत्म होने के बाद भी भारतीय उपमहाद्वीप गोवा, दमन और दीव में पुर्तगालियों का शासन था। भारत सरकार की बार-बार बातचीत की मांग को पुर्तगाली ठुकरा रहे थे। भारत सरकार ने ऑपरेशन विजय के तहत सेना की छोटी टुकड़ी भेजी। गोवा, दमन और दीव में 36 घंटे से भी ज्यादा वक्त तक जमीनी, समुद्री और हवाई हमले किए गए। इसके बाद पुर्तगाली सेना ने बिना किसी शर्त के भारतीय सेना के समक्ष 19 दिसंबर को आत्मसमर्पण किया। बताया जाता है कि उस समय पुर्तगाल के पास केवल 3,300 सैनिक थे, वहीं भारत की सैन्य टुकड़ी 30,000 जवानों की थी।



### अंग्रेजों की दोहरी नीति से पुर्तगाली थे हावी

आजादी के समय पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अंग्रेजों से यह मांग रखी कि गोवा को भारत के अधिकार में दे दिया जाए। वहीं पुर्तगाल ने भी गोवा पर अपना दावा ठोक दिया। अंग्रेजों की दोहरी नीति व पुर्तगाल के दबाव के कारण गोवा पुर्तगाल को हस्तांतरित कर दिया गया। गोवा पर पुर्तगाली अधिकार का तर्क यह दिया गया था कि गोवा पर पुर्तगाल के अधिकार के समय कोई भारत गणराज्य अस्तित्व में नहीं था।

### 30 मई, 1987 को गोवा को मिला पूर्ण राज्य का दर्जा



बाद में गोवा में चुनाव हुए और 20 दिसंबर, 1962 को दयानंद भंडारकर गोवा के पहले निर्वाचित मुख्यमंत्री बने। गोवा के महाराष्ट्र में विलय की भी बात चली, क्योंकि गोवा महाराष्ट्र के पड़ोस में ही स्थित था। वर्ष 1967 में वहां जनमत संग्रह हुआ और गोवा के लोगों ने केंद्र शासित प्रदेश के रूप में रहना पसंद किया। बाद में 30 मई, 1987 को गोवा को पूर्ण राज्य का दर्जा दे दिया गया और इस प्रकार गोवा भारतीय गणराज्य का 25वां राज्य बना।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517